# बालाघाट एक्सप्रेस

हिन्दी दैनिक

बालाघाट
शुक्रवार 12 अप्रैल 2024
चैत्र शुक्ल 05 विक्रम सम्वत 2081
वर्ष 15, अंक 200
पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 7.00

E-mail: balaghatexpress@gmail.com
/padmeshmedia /padmeshmedia
epaper.balaghatexpress.in


## खास खबर

### ईडी की हिरासत से के कविता गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली शराब नीति केस में तिहाड़ जेल में बंद बीआरएस नेता के. कविता को सीबीआई ने ईडी की हिरासत से गिरफ्तार किया है। ईडी ने कविता को 15 मार्च को हैदराबाद के बंजारा हिल्स से गिरफ्तार किया था। वह 23 मार्च तक ईडी की हिरासत में थीं। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने 26 मार्च को उन्हें 9 अप्रैल तक ज्यूडिशियल कस्टडी में भेजा था। 9 अप्रैल को कविता की कस्टडी 23 अप्रैल तक बढ़ा दी गई।

### केजरीवाल के पीए बिभव कुमार बर्खास्त

नई दिल्ली। दिल्ली सीएम अरविंद केजरीवाल के निजी सचिव बिभव कुमार को दिल्ली विजिलेंस डायरेक्टरेट ने बर्खास्त कर दिया है। विशेष सचिव, सतर्कता वाईवीवीजे राजशेखर ने एक आदेश में बिभव कुमार के खिलाफ लंबित 2007 के मामले का हवाला दिया, जिसमें उन पर सरकारी काम में बाधा डालने का आरोप था। आदेश में तत्काल प्रभाव से बिभव कुमार की नियुक्ति समाप्त कर दी गई है। हालांकि, आम आदमी पार्टी की लीगल टीम बिभव की बर्खास्तगी के खिलाफ केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण में जाने की योजना बना रहे हैं। लीगल टीम इस बात पर मंथन कर रही है कि किस आधार पर उक्त आदेश को चुनौती दी जा सकती है।

### पान मसाला, गुटखा के निर्माताओं को जीएसटी से राहत

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने पान मसाला, गुटखा और इसी तरह के तंबाकू उत्पादों के निर्माताओं के पंजीकरण और मासिक रिटर्न दाखिल करने के लिए विशेष प्रक्रिया के कार्यान्वयन की समय सीमा 15 मई तक बढ़ा दी है। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने इससे पहले नई पंजीकरण और मासिक रिटर्न दाखिल प्रक्रिया एक अप्रैल 2024 से क्रियान्वित करने की जनवरी में घोषणा की थी। इसके बाद व्यवसायों के पंजीकरण, रिकॉर्ड रखना और मासिक जानकारी में आमूलचूल बदलाव के कदम का मकसद पान मसाला और तंबाकू उत्पादों के निर्माताओं के जीएसटी अनुपालन में सुधार करना था। वित्त विधेयक 2024 के जरिए जीएसटी कानून में भी संशोधन किया गया।

### लश्कर-ए-तैयबा के 3 सहयोगी गिरफ्तार

कश्मीर। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने बारामूला जिले में लश्कर-ए-तैयबा के तीन आतंकवादी सहयोगियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गुरुवार को बताया कि उन्हें खुफिया जानकारी मिली थी कि लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े कुछ आतंकवादी सुरक्षाबलों को निशाना बनाने के इरादे से बारामूला शहर में घूम रहे हैं। इसी के आधार पर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। तीनों की पहचान ओवैस अहमद वाजा, बासित फयाज कालू, और फहीम अहमद मीर के रूप में हुई है। तीनों युवक आतंकियों को सुरक्षाबलों की गतिविधियों की जानकारी देते थे। इनके पास से तीन हैंड ग्रेनेड भी बरामद हुए हैं।

### दुनिया का सबसे लंबा रिन्यूएबल एनर्जी पार्क बनेगा गुजरात में

मुंबई। गुजरात के कच्छ के खावड़ा में दुनिया का सबसे बड़ा रिन्यूएबल एनर्जी पार्क बनाया जा रहा है. 538 वर्ग किलोमीटर एरिया में फैला अदाणी ग्रुप का एनर्जी पार्क पेरिस से 5 गुना ज्यादा बड़ा है. अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड 30 मेगावाट क्लीन एनर्जी का प्रोडक्शन करने के लिए करीब 1.5 लाख करोड़ रुपये खर्च करेगी. इस एनर्जी पार्क का बाहरी छोर पाकिस्तान के साथ लगी अंतरराष्ट्रीय सीमा से सिर्फ एक किलोमीटर दूर है.

# कांग्रेस के शासन में देश में घुस आते थे घुसपैठिए

भोपाल। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने गुरुवार को मंडला लोकसभा प्रत्याशी फग्गन सिंह कुलस्ते के समर्थन में आम सभा की। उनके साथ सीएम डाक्टर मोहन यादव, भाजपा के प्रत्याशी फग्गन सिंह कुलस्ते, समेत कई अन्य नेता मौजूद रहे। केंद्रीय गृहमंत्री ने भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में जनसभा को संबोधित करते हुए भाजपा के पक्ष में वोट करने की अपील की। साथ ही कांग्रेस और इंडिया गठबंधन पर जमकर निशाना साधा। अमित शाह ने कहा कि ये जो घमंडिया गठबंधन है, उसका एकमात्र मकसद है- अपने परिवारजनों को आगे बढ़ाने का है, जबकि मोदी जी का एकमात्र लक्ष्य है- गरीब, आदिवासी, दलित, पिछड़े समाज को आगे बढ़ाने का है। एक ओर मोदी जी हैं, जिन्होंने करोड़ों गरीबों के लिए काम किया, तो दूसरी ओर अपने परिवार के लिए, जीने वाला घमंडिया गठबंधन है।

शाह ने कहा कि मोदी जी जब पहली बार देश के प्रधानमंत्री बने, तब उन्होंने कहा था, 'मेरी ये सरकार गरीबों की, दलितों की, आदिवासियों की, पिछड़ों की सरकार होगी'। 10 वर्ष में 25 करोड़ गरीबों को गरीबी रेखा से बाहर निकालने का काम मोदी ने किया। कांग्रेस ने लंबे समय तक देश में शासन किया, लेकिन जनजातियों के कल्याण के लिए कुछ नहीं किया। केंद्रीय गृहमंत्री ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि मैं राहुल बाबा से पूछना चाहता हूं, क्या आपने कभी गरीब आदिवासी बेटे-बेटी को राष्ट्रपति पद पर बिठाया? मोदी जी ने ओडिशा की गरीब आदिवासी बहन श्रीमती द्रौपदी मुर्मू को देश का राष्ट्रपति बनाया। भाजपा की सरकार सारे वादे पूरे करके आगे बढ़ रही है। बीते 10 वर्षों में मोदी जी देश के अर्थतंत्र को 11वें नंबर से 5वें नंबर पर लेकर आए। अमित शाह ने जनता से कहा कि मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बना दो, भारत, दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। केंद्र में 10 साल तक कांग्रेस का शासन था, आए दिन आतंकी देश में बम धमाके करते थे और कांग्रेस कुछ नहीं बोलती थी। 2014 के बाद आतंकियों ने उरी और पुलवामा में हमला किया, 10 दिन के भीतर सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक कर भारत ने पाकिस्तान के घर में घुस कर आतंकियों का सफाया किया।



### जिसने भी चोरी की है, उसे जेल जाना पड़ेगा

विपक्षी अब जेल में जा रहे हैं। छातियां पीट रहे हैं। हमें ये कर दिया, हमें वो कर दिया। मोदी जी ने 2014 के चुनाव में आने से पहले देश की जनता से वादा किया था कि एक एक भ्रष्टाचारी को चुन-चुनकर जेल भेजेंगे। भ्रष्टाचारियों को जेल में डालना चाहिए या नहीं? जिसने भी चोरी की है, उसे जेल जाना पड़ेगा।

### इंडी एलायंस भ्रष्टाचारियों का जमघट

शाह ने कहा कि घमंडिया गठबंधन भ्रष्टाचारियों का जमघट हैं। 10 साल तक सोनिया-मनमोहन ने सरकार चलाई। इस दौरान 12 लाख करोड़ का घपला किया। यहां कमलनाथ और बंटाढार ने भी कुछ बाकी नहीं रखा। मैं उनका कच्चा चिट्ठा लाया हूं। कोल ब्लॉक का घोटाला किसने किया। कॉमन वेल्थ का घोटाला किसने किया, टूजी घोटाल किसने किया, शारदा चिटफंड किसने किया, सेवों की बिक्री का घोटाल किसने किया, आईएनएस का मीडिया घोटाल किसने किया? शाह ने कई घोटाले गिनाए।

### प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भाजपा ने जो कहा वह किया - डॉ. मोहन यादव



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मंडला रानी दुर्गावती, राजा शंकर शाह और रघुनाथ शाह की पौरूष, पराक्रम और पुरुषार्थ की धरती है। हम सबके लिए बड़े सौभाग्य की बात है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व मे देश से नक्सलवाद और आतंकवाद को समाप्त करने वाले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज मंडला की धरती पर पधारे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भाजपा ने जो कहा वह किया है। मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव में भाजपा ने जो संकल्प पत्र जारी किया है, उस संकल्प पत्र को पूरा किया जाएगा, क्योंकि वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी है। भाजपा सरकार प्रदेश के किसानों को गेहूं पर 125 रूपए का बोनस दे रही है। समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी के समय जो कहा गया है, उतना बोनस किसानों को दिया जाएगा। मैंने कैबिनेट की पहली बैठक रानी दुर्गावती को सम्मान देते हुए जबलपुर में की थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार लगातार प्रदेश की जनता की खुशहाली के लिए कार्य कर रही है। नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए आप सभी भाजपा प्रत्याशी को ऐतिहासिक वोटों से विजयी बनाएं।

### कांग्रेस के पूर्व महापौर भाजपा में शामिल

केन्द्रीय मंत्री अमित शाह के समक्ष कटनी में कांग्रेस के पूर्व महापौर और प्रदेश पदाधिकारी बृजेन्द्र मिश्रा राजा भैया एवं महिला कांग्रेस की अध्यक्ष श्रीमती रजनी सोनी सहित 200 से अधिक कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

### कांग्रेस नेता और कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री को लोकायुक्त का नोटिस

बेंगलुरू। कर्नाटक लोकायुक्त ने राज्य के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार को आय से अधिक संपत्ति मामले में नोटिस भेजा है। नोटिस में कहा गया है, आपके खिलाफ केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) का मामला है। मामला लोकायुक्त को स्थानांतरित किया गया है। सीबीआई जांच के दौरान आपने जो जानकारी और दस्तावेज जमा किये हैं, उन सभी दस्तावेजों को लोकायुक्त के समक्ष प्रस्तुत करें। लोकायुक्त की ओर से नोटिस जारी होने के बाद शिवकुमार को खुद का बचाव करने के लिए जांच और दबाव का सामना करना पड़ रहा है। इस मामले में जांच का काम सीबीआई को सौंपे जाने संबंधी पूर्ववर्ती भाजपा सरकार के फैसले के विपरीत मौजूदा कांग्रेस सरकार की ओर से इसकी अनुमति वापस लेना विवादास्पद कदम माना जा रहा है। उपमुख्यमंत्री को हाल ही में उनके खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा जांच किए मामले को रद्द करने संबंधी सुप्रीम कोर्ट के फैसले से अस्थायी राहत मिल सकती है। आय से अधिक संपत्ति का मामला अभी भी लंबित है और लोकायुक्त के नोटिस के साथ उनके लिए कानूनी लड़ाई अभी खत्म नहीं हुई है। श्री शिवकुमार पर 74.93 करोड़ रुपये की संपत्ति अर्जित करने का आरोप है जो उनकी आय से अधिक है।

#### राजस्थान के अनूपगढ़ में राहुल गांधी ने कहा


## मोदी ने 16 लाख करोड़ रुपए अरबपतियों को दिए, उतना हम गरीब-पिछड़ों को देंगे

अनूपगढ़। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने राजस्थान में अनूपगढ़ में चुनावी सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि हिंदुस्तान की 200 सबसे बड़ी कंपनियों के मालिक और सीनियर मैनेजमेंट में पिछड़े वर्ग के लोग नहीं हैं। मोदी ने इन कंपनियों के 16 लाख करोड़ रुपए माफ किए हैं। हिंदुस्तान के 25-30 अमीर लोगों का इतना पैसा माफ कर दिया, जितना 24 साल तक मनरेगा के जरिए मजदूरों को मिलता।

राहुल गांधी ने कहा कि जितना पैसा मोदी ने अरबपतियों को दिया है, चुनाव जीतने के बाद हम गरीब, पिछड़ों, आदिवासियों, दलितों को देंगे। लोग कहते हैं कि इससे आदत बिगड़ेगी, लेकिन कोई यह बताए कि जब मोदी अमीरों के पैसे माफ करते हैं तो उनकी आदत नहीं बिगड़ती क्या? मेरे दिमाग में 16 लाख करोड़ का नंबर है, मैं उसे देखकर चल रहा हूं।

### सरकारी नौकरी में ठेका प्रथा बंद होगी

राहुल गांधी ने कहा कि 30 लाख सरकारी पोस्ट को नरेंद्र मोदी ने खाली रखा अपने 20-25 लोगों की मदद करने के लिए। हम 30 लाख सरकारी रोजगार लोगों को देंगे। सरकार और पीएसयू में ठेकेदारी प्रथा बंद होगी। सरकार की संस्थाओं में काम करने वालों को परमानेंट नौकरी दी जाएगी। राहुल गांधी ने कहा कि हमारी सरकार आएगी तो किसानों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य का कानून लागू करेंगे। अगर नरेंद्र मोदी कर्जा माफ कर सकते हैं तो कांग्रेस



फिर से किसानों का कर्जा माफ करके दिखाएगी। राहुल गांधी ने कहा कि सेना गारंटी देती थी कि यदि आप शहीद हुए तो परिवार को मुआवजा मिलेगा, कैंटीन मिलेगी, पेंशन मिलेगी। नरेंद्र मोदी ने अग्निवीर स्कीम लाकर भरोसा तोड़ा है। ये आर्मी ने नहीं कहा कि हमें अग्निवीर चाहिए, ये पीएम ऑफिस से लागू हुई है। जैसे ही सरकार आएगी, अग्निवीर योजना रद्द कर देंगे। पहले जैसी सुविधाएं देंगे।

### हर महीने 8500 रुपए महिलाओं को देंगे

राहुल गांधी ने कहा कि हिंदुस्तान के हर गरीब परिवार की एक महिला को हमारी सरकार साल का एक लाख रुपए बैंक अकाउंट में डालेगी। हर महीने 8500 रुपए सरकार उस दिन तक देगी, जब तक कि आप गरीबी रेखा से बाहर न आ जाएं। यदि आप गरीबी रेखा के नीचे हो, आपके बैंक अकाउंट में हर महीने 8500 रुपए आते रहेंगे। एक झटके में हिंदुस्तान से हम गरीबी को मिटा देंगे।

### आखिर पीएम मोदी की किस बात पर मुस्कुरा उठे गेमर्स

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राजनीति के साथ ही अन्य क्षेत्र के लोगों से भी मिलना-जुलना पसंद करते हैं। हाल ही में पीएम मोदी ने माइक्रोसॉफ्ट के फाउंडर और जानेमाने समाजसेवी बिल गेट्स से मुलाकात की थी। अब चुनावी समर के बीच प्रधानमंत्री मोदी ने गेमिंग कम्यूनिटी के कुछ लोगों से मुलाकात की है। इस मौके पर पीएम मोदी ने गेमिंग कम्यूनिटी से ताल्लुक रखने वाले लोगों से दिलचस्प बातें की। उन्होंने हल्के-फुल्के अंदाज में बताया कि वह अपने बाल को कलर करके सफेद करते हैं, ताकि वह भी मैच्योर दिखें। पीएम मोदी की बात सुन मौजूद गेमिंग कम्यूनिटी के लोगों मुस्कुरा उठे। इस दिलचस्प मुलाकात का वीडियो 13 अप्रैल को सुबह 9:30 बजे प्रसारित होगा। प्रधानमंत्री मोदी ने जिन गेमर्स से मुलाकात की है, उसमें अनिमेष अग्रवाल, नमन माथुर, मिथिलेश, पायल धारे, तीर्थ मेहता, गणेश और अंशु बिष्ट जैसे गेमर्स शामिल हैं। इन सभी की प्रधानमंत्री मोदी के साथ दिलचस्प मुलाकात हुई। बातचीत के क्रम में ही पीएम मोदी ने हंसते हुए कहा कि वह अपने बाल कलर करके सफेद करते हैं, ताकि वह भी मैच्योर दिख सकें।

### मेघालय में वीपीपी के प्रमुख को निर्वाचन आयोग से मिला नोटिस

शिलांग। भारत निर्वाचन आयोग ने मेघालय की वॉयस ऑफ पीपुल्स पार्टी को उसके समर्थकों द्वारा आदर्श आचार संहिता के कथित उल्लंघन पर 'कारण बताओ' नोटिस जारी कर दिया है। पार्टी के समर्थकों पर सत्तारूढ़ नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) की रैलियों के दौरान नारेबाजी कर चुनाव अभियान को बाधित करने का आरोप है। शिलांग लोकसभा सीट के निर्वाचन अधिकारी एससी साधु ने वीपीपी के प्रमुख आर्डेंट बसियावमोइत को एक और नोटिस जारी किया है। दरअसल, प्रत्याशी अम्पारीन लिंगदोह के चुनाव एजेंट ने विपक्षी दल पर सोशल मीडिया का उपयोग कर उनके खिलाफ फर्जी खबरें फैलाने का आरोप लगाया है। बसियावमोइत को 12 अप्रैल तक जवाब देने का समय मिला है। नोटिस में पूछा गया है कि आदर्श आचार संहिता के प्रासंगिक प्रावधानों के तहत उनकी पार्टी के खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं होनी चाहिए। निर्वाचन अधिकारी को दी शिकायत में एनपीपी ने वीपीपी के समर्थकों पर री-भोई जिले में पार्टी की चुनावी रैली में बाधा डालने का आरोप लगाया था। उन्होंने शिकायत में कहा है कि जब पूर्व विधायक और एनपीपी के राज्य कार्यकारी अध्यक्ष हैमलेटसन डोहलिंग एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे, तभी वीपीपी के समर्थकों ने नारेबाजी की। दोनों दलों के समर्थकों के बीच विवाद हुआ और एनपीपी के उम्मीदवार के भाषण से पहले ही सभा रोक दी गई। इस बीच, उम्लिंग में एनपीपी नेता मैंड्डालीन एस मावलोंग के आवास पर पथराव किया गया। एक अधिकारी ने बताया कि सूचना मिलने के बाद पुलिसकर्मियों की टीम मावलोंग के घर पहुंची और वहां जमीन पर पत्थर और टूटे हुए शीशे मिले।

#### अनिल अंबानी को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका

## रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर को चुकाने होंगे 8000 करोड़ रुपए

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने अनिल अंबानी से जुड़े अपने ही तीन साल पुराने उस फैसले को दरकिनार कर दिया। इसमें दिल्ली मेट्रो के साथ विवाद में अनिल अंबानी ग्रुप की कंपनी रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर को 8,000 करोड़ रुपये का भुगतान करने का आदेश दिया था। शीर्ष कोर्ट ने कंपनी को पहले ही मिल चुके लगभग 2,500 करोड़ रुपये को वापस वसूल करने के लिए कहा। साथ ही माना कि पिछले फैसले के कारण न्याय नहीं हो सका था।

वर्ष 2021 के फैसले के खिलाफ दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन की क्यूरेटिव पिटिशन की अनुमति देते हुए चीफ जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली एक बेंच ने कहा कि दिल्ली हाईकोर्ट की खंडपीठ का आदेश एक सुविचारित निर्णय था। साथ ही माना कि सुप्रीम





कोर्ट के लिए इसमें हस्तक्षेप करने का कोई वैध आधार नहीं था

### नहीं हो सका था न्याय

पीठ ने कहा कि इस न्यायालय की दो-जजों की पीठ के फैसले में न्याय नहीं हो सका। शीर्ष अदालत ने कहा कि खंड पीठ के फैसले को रद्द करते हुए इस अदालत ने एक स्पष्ट रूप से अवैध आदेश को बहाल कर दिया। इसने एक सार्वजनिक इकाई पर अत्यधिक दायित्व थोप दिया। मध्यस्थता न्यायाधिकरण के आदेश के अनुसरण में डीएमआरसी द्वारा रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर फर्म को भुगतान की गई राशि सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी को वापस करनी होगी।

### सुप्रीम कोर्ट ने कैंसिल किया था हाईकोर्ट का ऑर्डर


शीर्ष अदालत ने 9 सितंबर, 2021 को डीएमआरसी के खिलाफ लागू होने वाले 2017 के मध्यस्थता न्यायाधिकरण के आदेश को बरकरार रखा था। इसने दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश को कैंसिल कर दिया था। मध्यस्थता न्यायाधिकरण के आदेश के अनुसार, रियायत समझौते के संदर्भ में 2782.33 करोड़ रुपये और ब्याज का हकदार था। 14 फरवरी 2022 तक यह रकम बढ़कर 8,009.38 करोड़ रुपये हो गई।

#### काशी विश्वनाथ मंदिर के गर्भगृह में अब पुलिसकर्मियों की ड्रेस में बदलाव

## गले में रुद्राक्ष, माथे पर त्रिपुंड, गेरुआ वेशभूषा...

वाराणसी। वाराणसी के काशी विश्वनाथ मंदिर में श्रद्धालुओं की संख्या रिकॉर्ड तोड़ बढ़ती जा रही है। इसको लेकर पुलिस कमिश्नरेट की ओर से बड़ा फैसला लिया गया है। अब काशी विश्वनाथ के गर्भगृह में पुलिसकर्मियों की ड्रेस पुजारियों की तरह ही होगी। यहां तैनात सुरक्षाकर्मी गले में रुद्राक्ष, माथे पर त्रिपुंड और गेरुआ वेशभूषा में दिखाई देंगे।

फिलहाल जिस तरह मंदिर में पुलिसकर्मी तैनात होते हैं, इससे दूर-दूर से आने वाले श्रद्धालुओं को धक्का-मुक्की का भी सामना करना पड़ा रहा था। साथ ही उनके साथ दुर्व्यवहार जैसी शिकायतें भी मिल रही थीं। इसी बात का संज्ञान लेते हुए वाराणसी पुलिस कमिश्नर मोहित अग्रवाल ने यह फैसला किया है कि मंदिर की पुलिसिंग की अलग व्यवस्था होनी



चाहिए, जिसके लिए काशी विश्वनाथ मंदिर के गर्भगृह में विशेष तौर पर पुजारियों की वेश में पुलिसकर्मी तैनात किए जाएंगे। कमिश्नर ने बताया कि श्रद्धालु आमतौर पर पुजारी की बातों को आसानी से मान लेते हैं। इसलिए ऐसी जगहों पर पुलिसकर्मी पुजारियों की वेशभूषा में रहेंगे। उन्होंने बताया कि यहां तैनात पुलिसकर्मी श्रद्धालुओं को गाइड भी करेंगे कि उनको बाबा विश्वनाथ के दर्शन के लिए कहां पर ध्यान केंद्रित करना है क्योंकि भीड़ के समय श्रद्धालु मंदिर की चकाचौंध में खो जाते हैं और उन्हें बाबा विश्वनाथ के दर्शन नहीं हो पाते हैं।

### श्रद्धालुओं का रखा जाएगा पूरा ध्यान

पुलिस अधिकारी ने बताया कि ऐसा नहीं है कि सभी पुलिसकर्मी पुजारी के ही वेश में रहेंगे। कुछ पुलिसकर्मी अपनी वर्दी में तैनात रहेंगे और महिला पुलिसकर्मी महिलाओं को दर्शन के बाद आगे बढ़ते रहने के लिए अपील करती रहेंगी। उन्होंने आगे बताया कि इस नए प्रयोग में जो टच पॉलिसी का भी होगा क्योंकि वीआईपी मूवमेंट के समय पुलिसकर्मी आमतौर पर श्रद्धालुओं को हटा देते हैं।

#### ऋषिकेश में मंच पर मोदी ने डमरू बजाया, कहा

## कमजोर सरकार का दुश्मनों ने फायदा उठाया, आज घर में घुसकर आतंकियों को मारते हैं

ऋषिकेश। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को ऋषिकेश में चुनावी सभा करने पहुंचे। मंच पर डमरू बजाकर सभा में आई भीड़ का स्वागत किया। गढ़वाली भाषा में सभी को प्रणाम किया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जब-जब देश में कमजोर सरकारें रहीं, दुश्मनों ने फायदा उठाया, आतंकवाद ने पैर पसारे। आज मजबूत सरकार घर में घुसकर आतंकवादियों को मारती है।

पीएम बोले कि मां गंगा के तट से आपसे आशीर्वाद मांगने आया हूं, जब उत्तराखंड आता हूं तो अपनी पुरानी यादें ताजा कर लेता हूं, तमिलनाडु के लोग भी कह रहे हैं कि एक बार फिर मोदी सरकार। आज बाबा केदार की भूमि में हूं तो यहां भी लोग कह रहे हैं कि एक बार फिर मोदी सरकार।





### कांग्रेस विकास-विरासत विरोधी है

पीएम ने कहा- लोग मेरे खिलाफ कुछ भी बोलते जा रहे हैं। जब मैं कहता हूं कि भ्रष्टाचार हटाओ तो विपक्षी लोग कहते हैं भ्रष्टाचार कराओ। आप बताओ मैं सही कर रहा हूं न। क्या भ्रष्टाचार हटना चाहिए या नहीं, आप मेरा सहयोग करो, मैं देश से भ्रष्टाचार साफ कर दूंगा। कांग्रेस परिवार के साथ चलती है, मेरा परिवार देश है, आप सब हैं। मैंने उत्तराखंड की महिलाओं की पीड़ा को देखा है, जिन्हें पानी और लकड़ी के लिए दूर जाना पड़ता था। आज स्थिति बदल गई है, सभी के घरों में पानी-गैस पहुंच रही है। धामी सरकार शानदार काम कर रही है, कांग्रेस विकास और विरासत विरोधी है।

### रोहन गुप्ता भाजपा में शामिल, कांग्रेस ने पूर्व अहमदाबाद सीट से दिया था टिकट

अहमदाबाद। कुछ दिनों पहले कांग्रेस को सबसे बड़ा झटका देनेवाले रोहन गुप्ता ने आज भाजपा जॉइन कर ली। कांग्रेस ने रोहन गुप्ता को पूर्व अहमदाबाद लोकसभा सीट से उम्मीदवार घोषित किया था। हालांकि रोहन गुप्ता ने अपने पिता की बीमारी का कारण बताते हुए चुनाव लड़ने से इंकार कर दिया था और गत 22 मार्च को कांग्रेस के सभी पदों से इस्तीफा दे दिया था। कांग्रेस को भेजे अपने इस्तीफे में रोहन गुप्ता काफी नाराजगी व्यक्त की थी। साथ ही उनके पिता को भी अपमानित किए जाने का उल्लेख किया था। इस्तीफा देते हुए रोहन गुप्ता ने कहा था कि पिछले तीन दिन से उनकी और उनके परिवार की छवि बिगाड़ने की कोशिशें की जा रही हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं, जो काफी आघातजनक हैं। इन नेताओं ने मेरे व्यक्तिगत जीवन पर टिप्पणियां की हैं। मौजूदा समय मेरे और मेरे परिवार के लिए कठिन समय है। एक नेता के अहंकारी और असंस्कारी व्यवहार से कांग्रेस को नुकसान हो रहा है। रोहन गुप्ता ने अपने इस्तीफे में यह भी कहा कि मेरे साथ विश्वासघात करने का सुनियोजित षडयंत्र रचा गया है, इसलिए मैंने आवाज उठाना उचित समझा। बता दें कि रोहन गुप्ता के पिता राजकुमार ने दशकों तक कांग्रेस की सेवा की है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के काफी करीबी माने जानेवाले वही रोहन गुप्ता ने आज भाजपा जॉइन कर ली। दिल्ली में भाजपा मुख्यालय में केन्द्रीय मंत्री हरदीपसिंह पुरी ने भगवा पटका पहनाकर रोहन गुप्ता का स्वागत किया।

# चैत्र नवरात्र की जिले में चल रही धूम

## शहर के मंदिरों में प्रज्वलित किये गये 1000 से अधिक मनोकामना ज्योति कलश

बालाघाट (पद्मेश न्यूज)। मंगलवार से ही नवरात्र की शुरुआत हो चुकी है, जिले भर में चैत्र नवरात्र का उत्साह देखा जा रहा है, वहीं शहर के मंदिरों की बात करें तो सुबह से ही शहर के देवी मंदिरों में पूजा अर्चना और आराधना का दौर शुरू हो जाता है, तो वहीं मंदिरों में भक्तों का दिन भर ताता लगा रहता है, भक्तों का उत्साह इसी प्रकार से रामनवमी तक बना रहेगा, हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी पुरे 9 दिनों तक यह महापर्व चलता रहेगा, वही ज्योति कलश की बात करें तो श्रद्धालुओं द्वारा अपने घरों के साथ-साथ देवी मंदिरों में भी मनोकामना के ज्योति कलश प्रज्वलित किये है, वहीं शहर के काली पाठ मंदिर की बात करें तो यहां मनोकामना ज्योति कलश 775 प्रज्वलित किए गए हैं तो वही त्रिपुर सुंदरी मंदिर में 250 ज्योति कलश प्रज्वलित किए गए हैं, वहीं शहर के अन्य मंदिरों में भी श्रद्धालुओं द्वारा अपनी यथाशक्ति अनुसार ज्योति कलश प्रज्वलित किए हैं। आपको बता दे कि चैत्र नवरात्र के पावन अवसर पर जिला मुख्यालय सहित तहसील व ग्रामीण क्षेत्रों के दुर्गा मंदिरों की शोभा देखने लायक है। देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं ने मनोकामनाओं के ज्योति कलश स्थापित किए हैं, जिनकी जगमग रोशनी ओज और धार्मिक उमंग उत्पन्न कर रही है। जिला मुख्यालय के सिद्ध पीठ दुर्गा मंदिरों में





सुबह से रात तक देवी महिमा के गीत सुनाई दे रहे हैं। जय स्तंभ चौक स्थित मां त्रिपुर सुंदरी दुर्गा मंदिर, मां कालीपाठ मंदिर, हनुमान चौक स्थित दुर्गा मंदिर सहित अन्य देवी मंदिरों में चैत्र नवरात्र का उत्साह और उमंग का माहौल है। मां त्रिपुर सुंदरी दुर्गा मंदिर में इस बार 250 ज्योति कलश स्थापित किए गए हैं। इनमें 42 कलश घी ज्योत और 208 कलश तेज ज्योत के स्थापित हैं। सेवादार सुबह-शाम इन कलशों की देखरेख और तेल-घी की व्यवस्था संभाले हुए हैं। इसी तरह पुलिस लाइन रोड स्थित प्रसिद्ध मां कालीपाठ दुर्गा मंदिर में सुबह से शाम तक श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। मां कालीपाठ के दरबार में पहुंचकर भक्त सुखद अनुभव कर रहे हैं। यहां कुल 775 ज्योति कलश स्थापित किए गए हैं। यहां भी सेवादार अपनी सेवाएं देकर पुण्य लाभ कमा रहे हैं।

### दिन भर चलते है भजन-कीर्तन

जिलेभर में चैत्र नवरात्र धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। नौ अप्रैल से शुरू हुए माता रानी के इस त्योहार की धूम जिलेभर में देखने मिल रही है। नगरीय क्षेत्र के अलावा ग्रामीण अंचलों में भी सुबह से शाम तक भजन-कीर्तन और देवी जस का दौर चल रहा है। भजन मंडली मंदिर में देर तक देवी जस गा रही है, जिसमें बच्चे-बड़े व महिलाएं शामिल हो रही हैं। कई मंदिरों में विशेष पूजा के साथ श्रद्धालुओं व दुर्गा समितियों द्वारा महाप्रसादी का भी वितरण किया जा रहा है। समिति पदाधिकारियों ने बताया कि सप्तमी, अष्टमी और नवमीं पर दुर्गा मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना की जाएगी। अंतिम दिन विधि-विधान के साथ ज्योति कलशों की शोभायात्रा निकाली जाएगी और पवित्र कुंडों में कलशों का विसर्जन किया जाएगा। गौरतलब है कि श्रद्धालु भक्तजन अपने दुख-तकलीफों या जीवन-परिवार में खुशहाली की मनोकामना लेकर ज्योति कलशों की स्थापना करते हैं।

### 14 अप्रैल को शहर में निकाली जाएगी भव्य भगवा रैली

चैत्र नवरात्र महोत्सव के बीच आगामी 14 अप्रैल को शहर में भव्य भगवा बाइक रैली निकाली जाएगी। रामनवमीं पर्व (17 अप्रैल) से पहले निकाली जा रही भव्य बाइक रैली की शुरुआत रविवार को शाम चार बजे की जाएगी। इस बाइक रैली का आयोजन श्रीराम मंदिर ट्रस्ट, विश्व हिंदू परिषद बालाघाट द्वारा किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार, 14 अप्रैल को भगवा बाइक रैली के बाद 17 अप्रैल को रामनवमीं के अवसर पर श्रीराम शोभयात्रा भी निकाली जाएगी। बताया गया कि बाइक रैली शाम चार बजे उत्कृष्ट विद्यालय मैदान से निकाली जाएगी, जो शहर के विभिन्न मार्गों से होकर गुजरेगी। इसी तरह 17 अप्रैल को श्रीराम शोभायात्रा पुराने राम मंदिर से निकाली जाएगी।

### शहर में की गई है विशेष लाइटिंग

आपको बता दे की चैत्र नवरात्र पर मंदिर समिति और स्वयं सेवी संस्थाओं द्वारा अपने-अपने स्तर पर शहर में विशेष प्रकार से लाइटिंग लगाई गई है, जो की प्रमुख आकर्षण का केंद्र रात्रि के समय रहती है, शाम होते ही मंदिर समितियां द्वारा लाइटिंग को शुरू किया जाता है, तो वही कुछ जगह अभी यह लाइटिंग लगाने का दौर भी चल रहा है, वहीं पंचमी के बाद हवन पूजन और महाप्रसाद का दौर भी शुरू हो जाएगा।

## सड़क दुर्घटना में दो मोटरसाइकिल में सवार दो लोग घायल

बालाघाट (पद्मेश न्यूज)। गोंदिया रोड ग्राम कोसमी सबुरी ढाबा के पास पिकअप की ठोकर से दो मोटरसाइकिल में सवार दो लोग घायल हो गए दोनों घायल जिनमें बद्री प्रसाद पिता गोविंदजुम्मारे 57 वर्ष ग्राम कोसमी थाना ग्रामीण नवेगांव, अमन पिता धनेंद्र गोंडाने23 वर्ष ग्राम नवेगांव थाना ग्रामीण निवासी को जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बद्रीप्रसाद जुम्मारे मोटरसाइकिल में घूम-घूम कर कपड़े बेचने का धंधा करता है। 10 अप्रैल की शाम 6:00 बजे करीब बद्रीप्रसाद जुम्मारे मोटरसाइकिल में नवेगांव से अपने घर कोसमी में आ रहा था सबुरी ढाबा के पास कोसमी तरफ से आ रही है पिकअप ने अमन गोंडाने की मोटरसाइकिल को ठोस मार दी और अमन गोंडाने की मोटरसाइकिल बद्रीप्रसाद जुम्मारे की मोटरसाइकिल से टकरा गई इस दुर्घटना में बद्रीप्रसाद जुम्मारे और अमन गोंडाने दोनों घायल हो गए दोनों घायल को 108 एम्बुलेंस से जिला अस्पताल बालाघाट लाकर भर्ती किया गया।

## 2 वर्ष से फरार एक ही परिवार के तीन स्थाई वारंटी गिरफ्तार

बालाघाट (पद्मेश न्यूज)। बिरसा थाने की सालेटेकरी पुलिस ने 2 वर्ष से फरार एक ही परिवार के तीन स्थाई वारंटी को गिरफ्तार किया गिरफ्तार तीनों स्थाई वारंटी दिलीचन पिता प्रीतम तिलासे 27 वर्ष होलुराम पिता कन्हैया



तिलासे 42 वर्ष और गीतलाल पिता कन्हैया तिलासे 53 वर्ष ग्राम बोरी चौकी सालेटेकरी निवासी को न्यायिक अभिरक्षा में बैहर जेल भिजवा दिया गया है। सालेटेकरी पुलिस के मुताबिक सन 2021 में दिलीचन तिलासे, होलूराम तिलासे और गीत लाल तिलासे के विरुद्ध अपराध क्रमांक 78/ 2021 में धारा 294 50634 भादवि के तहत अपराध दर्ज किया गया था। यह मामला बैहर के न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी कृष्णकांत बांगरे की अदालत में चल रहा है। विद्वान अदालत में इस प्रकरण के चलते तीनों आरोपी दो साल से न्यायालय में उपस्थित नहीं हो रहे थे। जिनके विरुद्ध विद्वान अदालत द्वारा 21 मार्च 2024 स्थाई वारंट जारी किया गया था। स्थाई वारंट जारी होने के बाद सालेटेकरी पुलिस द्वारा इन तीनों स्थाई वारंटी दिलीचन तिलासे, होलूराम तिलासे और गीतलाल तिलासे की लगातार तलाश की जा रही थी किंतु तीनों स्थाई वारंटी नहीं मिल रहे थे। 10 अप्रैल को दोपहर बाद सूचना मिली कि दिलीचन तिलासे और होलूराम तिलासे अपने घर में आए हुए हैं। इस सूचना पर सालेटेकरी पुलिस चौकी प्रभारी उपरीक्षक धनसिंह धुर्वे ने अपने स्टाफ के साथ ग्राम बोरी में घेराबंदी कर दोनों स्थाई वारंटी को गिरफ्तार किये वहीं उनके बताएं अनुसार ग्राम दमोह में गीतलाल तिलासे को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार तीनों स्थाई वारंटी को मय वारंट के बैहर के न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी कृष्णकांत बांगरे की अदालत में पेश कर दिए। जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में बैहर जेल भिजवा दिया गया है।

## होम्योपैथिक चिकित्सक संघ द्वारा हर्षोल्लास के साथ मनाई गई होमियोपैथी जनक की जयंती

### डॉ हैनिमन की 269 जयंती पर विभिन्न कार्यक्रमों के हुए आयोजन

बालाघाट (पद्मेश न्यूज)। होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति के आविष्कारक डॉ सैमुअल हेनिमेन का जन्मदिन 10 अप्रैल 1755 को जर्मनी में हुआ था।जिनकी जन्म जयंती को केवल भारत देश ही नही बल्कि पूरे विश्व मे होम्योपैथिक दिवस के रूप में मनाया जाता है।जिसके तहत जगह जगह विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन कर चिकित्सा क्षेत्र में उनके दिए गए योगदान को याद कर उनके इस अविष्कार को जन जन तक पहुचाने का संकल्प लिया जाता है। इसी तारतम्य में होम्योपैथिक चिकित्सक संघ द्वारा प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी होमियोपैथी के जनक सैमुअल हेनिमेन की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई।नगर के भटेरा रोड़ स्थित एक होटल में आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ज्ञानचंद चोपड़ा व समाजसेवी एवं कार्यक्रम के अध्यक्ष वैभव कश्यप के द्वारा डॉ. हेनिमेन जी के छाया चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया इस अवसर पर होम्योपैथी के क्षेत्र में कार्य करने वाले वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ जेपी सुनेरी किरनापुर, डॉ एम के शुक्ला बैहर, डॉ हेमंत बिसेन उकवा, डॉ महेंद्र चूरहे रजेगांव, और डॉ किशोर सोनवाने लांजी को संघ के द्वारा पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। तो वही कार्यक्रम में सभी वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सकों ने अपने उद्बोधन में होम्योपैथी के विकास एवं प्रचार प्रसार को आम जनता तक



पहुंचाने के लिए संगठन के द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान संगठन के अध्यक्ष डॉ वीरेंद्र दीक्षित ने आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए अपने उद्बोधन में कहा कि आने वाले समय में संगठन आम जनमानस में होम्योपैथी के प्रति फैली हुई भ्रांति को दूर करने का प्रयास करेगा। साथ ही इसके अच्छे प्रभावों को आम जनता तक पहुंचाएगा। इसके साथ ही संगठन का विकास संपूर्ण महाकोशल क्षेत्र में बढ़ाया जाएगा।वही कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वरिष्ठ चिकित्सक डॉ जेपी सुनहरी एवं डॉक्टर भुनेश भारद्वाज ने कहा कि संगठन के माध्यम से आने वाले समय में बालाघाट में होम्योपैथी की वैज्ञानिक संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा जिसमें महाकौशल के संपूर्ण होम्योपैथिक चिकित्सक भाग लेंगे। कार्यक्रम के अध्यक्ष वैभव कश्यप ने होम्योपैथी के बालाघाट में हुए विकास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि होम्योपैथिक पूर्णतया वैज्ञानिक पद्धति है जिसकी दवाइयां का परीक्षण स्वस्थ व्यक्ति में होता है एवं उनका परीक्षण इसके जनक डॉक्टर हेनीमेन साहब ने सर्वप्रथम स्वयं अपने शरीर पर किया था।होमियोपैथी जनक सर सैमुअल हेनिमेन की जन्म जयंती पर अयोजित इस कार्यक्रम में संपूर्ण जिले के चिकित्सकों ने भाग लिया जिसमें मुख्य रूप से कटंगी से डॉ जुवेनिल पटले, डॉ नवीन सोनवाने, डॉ नीरज डोंगरे, डॉ रवि श्रीवास, डॉ प्रमोद बिसेन, डॉ ललित ठाकरे, डॉ.भीकम लिल्हारे, डॉ केके गुप्ता, डॉ अरुण बिसेन, डॉ देवेंद्र मरथे, डॉ अमित लिल्हारे, डॉ महेश पटले, डॉ.चंद्रशिला शकरपुडे, डॉ.भावना धुवारे, डॉ विशेष बापट, डॉ यतेंद्र भंडारकर, ओर डॉ आर बी बोहरे सहित जिले के सभी होम्योपैथिक चिकित्सक उपस्थित रहे. कार्यक्रम का संचालन संगठन के सचिव डॉ सुशांत शुक्ला एवं डॉ प्रभात घुले ने सफलतापूर्वक किया।जहा उद्बोधन के बाद देर शाम कार्यक्रम का समापन किया गया।

## आम सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मैं साजेदा बी पति नजीर खान जाति मुसलमान ग्राम पंचायत रमपुरी ग्राम घटोलगांव तहसील लालबर्रा जिला बालाघाट म.प्र. की निवासी हुं। मेरी माँ महमूदा पति सरीद खान की मृत्यु दिनांक १२.०५.१९९० को हो चुकी है और इनकी मृत्यु के उपरांत मुझे तहसील कार्यालय से मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किया जाना है।

अत: जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वो तहसील कार्यालय पहुंचकर अपनी आपत्ति दर्ज करवा सकता है।

**प्रकाशक**
**साजेदा बी**
**निवासी - ग्राम पंचायत रमपुरी (घटोलगांव),**
**तहसील लालबर्रा**
**जिला बालाघाट (म.प्र.)**

## आम सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार पुष्पेन्द्र पिता दयानाथ पाठक का रहवासी मकान किरनापुर गुजरी चौक में स्थित है। जिसका खसरा नं.430/1, 430/2 रकबा 0.012, 0.008हे. कुल भूमि 5 डी. है। जिसमें अपने हक हिस्से की भूमि पर बना मकान 2.5 डिसमिल पर रहवासी मकान को विक्रय करना है। कुछ लोगो द्वारा अफवाहे फैलाई गई की पूर्व में मकान बीक चुका है। किन्तु मकान नहीं बिका है। अफवाहे फैलाने वाले से सावधान रहे और मकान जिस किसी भाई को खरीदना हो तो मेरे पक्षकार पुष्पेन्द्र पाठक निवासी गुजरी चौक से सम्पर्क करे। जिस किसी व्यक्ति ने अफवाहे फैलाया उससे मेरे पक्षकार को मानसीक एवं शारीरिक पीड़ा हुई है। जिनकी पता साजी करने के बाद उनके उपर सक्षम न्यायालय में मान हानी का दावा प्रस्तुत किया जायेगा।

किरनापुर
दिनांक 02/04/2024

**आई के सोनवाने**
**अधिवक्ता किरनापुर**

## 60 लीटर हाथ भट्टी कच्ची शराब के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार- भेजा गया जिला जेल

बालाघाट (पद्मेश न्यूज)। भरवेली पुलिस ने ग्राम रट्टा समीप नहर किनारे पुलिया के पास एक व्यक्ति को 60 लीटर हाथ भट्टी कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया। गिरफ्तार व्यक्ति अमर सिंह उर्फ गांधी पिता सकरु सिंह टेकाम 32 वर्ष ग्राम रट्टा निवासी है जिसे न्यायिक अभिरक्षा में जिला जेल भिजवा दिया गया है। जिसके पास से जप्त शराब की कीमत 6000 रुपये बताई गई है। भरवेली पुलिस के मुताबिक 10 अप्रैल को सहायक उप निरीक्षक अनिल मडामे ग्राम धनसुआ की ओर ग्रस्त करने के लिए निकले थे। तब उन्हें सूचना मिली कि ग्राम रट्टा के नहर किनारे पुलिया के पास एक व्यक्ति हाथ भट्टी देसी कच्ची शराब लेकर बिक्री करने खड़ा है। इस सूचना पर सहायक उपनिरीक्षक अनिल मडामे ने थाना प्रभारी हेमंत शर्मा के मार्गदर्शन में अपने स्टाफ के साथ ग्राम रट्टा नहर किनारे पुलिया के पास पहुंचे जहां पर एक व्यक्ति प्लास्टिक की बोरी लेकर खड़ा था जो पुलिस को देखकर भागने लगा। जिसे घेराबंदी कर पकड़े। नाम पूछने पर इस व्यक्ति ने अपना नाम अमरसिंह उर्फ गांधी पिता सकरू सिह टेकाम 32 वर्ष ग्राम रट्टा निवासी बताया। जिसके पास में एक प्लास्टिक की सफेद बोरी पाई गई जिसे खोलकर देखा गया बोरी में ब्लाडर में भरी 60 लीटर हाथ भट्टी की कच्ची शराब पाई गई। अमरसिंह उर्फ गांधी



टेकाम से भारी मात्रा में हाथ भट्टी की कच्ची शराब रखने के वैध दस्तावेज मांगा गया किंतु वह कोई भी दस्तावेज पेश नहीं कर पाया। अमरसिंह उर्फ गांधी टेकाम इस हाथ भट्टी की 60 लीटर कच्ची शराब अपने पास अवैध रूप से रखा हुआ था।जिसे धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत गिरफ्तार कर उसे बालाघाट की अदालत में पेश कर दिए। जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जिला जेल भिजवा दिया गया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी हेमंत शर्मा के मार्गदर्शन में सहायक उप निरीक्षक अनिल मडामे में प्रधान आरक्षक बिसराम धुर्वे, आरक्षक संतोष परतेती, आरक्षक कमलेश विश्वकर्मा, आरक्षक परमानंद रिनायत, आरक्षक कन्हैया टेम्भरे आरक्षक शिशुपाल कटरे शामिल थे।

## पति से गुस्साई महिला महिला ने खाई यूरिया

बालाघाट (पद्मेश न्यूज)। हट्टा थानाक्षेत्र मैं आने वाले ग्राम कुंडे के कुम्हारी मोहल्ला में इसी ग्राम की महिला दीपमाला पति सुरेश तुम्मने 25 वर्ष ने पति से गुस्सा होकर घर में रखी डीएपी यूरिया का सेवन कर लिया तबीयत खराब होने के बाद इस महिला को जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दीपमाला अपने पति सुरेश तुम्मने के साथ घर में रहकर मिट्टी के बर्तन बनाने का काम करती है। 10 अप्रैल को 2:30 बजे करीब दीपमाला और उसके पति सुरेश तुम्मने के बीच मिट्टी को लेकर के कहासुनी हो गई थी। इसी को लेकर दीपमाला अपने पति सुरेशतुम्मने से नाराज चल रही थी। रात्रि 8:00 बजे करीब दीपमाला ने अपने पति सुरेश तुम्मने गुस्सा होकर के घर में रखी डीएपी यूरिया सोडा का सेवन कर लिया। तबीयत खराब होने पर दीपमाला ने अपने पति सुरेश को बताई। तब सुरेश ने पत्नि दीपमाला को प्राइवेट वाहन से जिला अस्पताल बालाघाट लाकर भर्ती किया।

लामता में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

परसवाड़ा में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

बारबेड वायर (कांटेदार तार) एवं चेन लिंक जाली
उचित दाम पर उपलब्ध
लघु उद्योग निगम भोपाल से संबद्ध



निर्माता
तिरूपति इंजीनियरिंग वर्क्स
मयूर टॉकिज के सामने हनुमान चौक, बालाघाट
फोन:- 07632-243531
मो:- 8989976858, 9425139998

# भाजपा प्रत्याशी है बूढी, कंकर मुंजारे कर रहे नौटंकी तो कांग्रेस प्रत्याशी का नहीं संभल रहा घर

## निर्दलीय प्रत्याशी देव पवार ने ली प्रेस वार्ता

**बालाघाट ( पद्मेश न्यूज )। लोकसभा चुनाव 2024 के लिए प्रथम चरण के मतदान 19 अप्रैल को होना है, जिसको लेकर अब बालाघाट -सिवनी संसदीय क्षेत्र में सभी पार्टी के प्रत्याशी व निर्दलीय प्रत्याशी अपने-अपने स्तर पर चुनाव प्रचार कर रहे हैं और जनता को अपने पक्ष में मतदान करने के लिए एक दूसरी पार्टी के प्रत्याशी को नीचा दिखाते हुए अपने आप को जनता का हितेषी बताते हुए चुनाव प्रचार कर रहे हैं, तो वहीं कुछ प्रत्याशी प्रेस वार्ता के माध्यम से भी एक दूसरे दलो के प्रत्याशियों पर सीधा निशाना साथ रहे हैं, इसी प्रकार निर्दलीय प्रत्याशी देव पवार द्वारा स्थानीय संस्थान में एक पत्रकार वार्ता ली गई, जिसमें उन्होंने भाजपा कांग्रेस और बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी पर सीधा निशाना साधा और कहा कि भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी तो बूढी हो गई है जबकि उन्हें युवाओं को मौका देना चाहिए था , तो वहीं बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी कंकर मुंजारे इन दोनों नौटंकी कर रहे हैं और कांग्रेस के प्रत्याशी का तो खुद का अपना घर नहीं संभल रहा है।**

आपको बता दे की लोकसभा चुनाव के दौरान बालाघाट-सिवनी संसदीय सीट पर भारतीय जनता पार्टी, कांग्रेस व बहुजन समाज पार्टी के साथ ही निर्दलीय प्रत्याशी के रुप में कामेडी कलाकर चुनावी मैदान में डटे हुए है



और हर दिन कोई न कोई प्रत्याशी कोई न कोई बात एक दूसरे के लिए कह रहा है। इसी कड़ी में गुरुवार को निर्दलीय प्रत्याशी धनेन्द्र शरणागत, देव पंवार उर्फ बनवारी सेठ ने वार्ता का आयोजन कर तीनों ही पार्टियों के प्रत्याशियों को लेकर जमकर निशाना साधा है। वार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि जनता को सिर्फ बड़े चेहरे के नाम पर वोट देने के बजाय चित्र व चरित्र देखकर व्यक्ति को चुनना पड़ेगा।

### मेरी टीम को तोड़ने का प्रयास किया जा रहा है

वार्ता में निर्दलीय प्रत्याशी ने सीधे तौर पर बीजेपी व कांग्रेस पर आरोप लगाया है कि वे लोग उनकी टीम को रुपये का लालच देकर तोड़ने का प्रयास कर रहे है और नहीं मानने पर उन्हें चमकाने का काम भी कर रहे है। उन्होंने बताया कि चुनाव के दौरान दोनों ही पार्टी के तरह उनके पास न तो साधन है और न ही संसाधन फिर उनके साथ पूरा युवा वर्ग जुड़ा है जो कि स्वयं से उनके के लिए चुनाव के कार्य में अलग-अलग टीम बनाकर काम कर रहे है। जिनके पास ये लोग पहुंच रहे है और उन्हें कह रहे है कि ये रुपये रखों और उनके लिए काम करों जिससे ये साफ साबित होता है कि ये लोग सिर्फ और सिर्फ रुपया व बल के भरोसे चुनाव लड़ने का काम कर रहे है। उन्होंने कहा कि इस बार युवा समझ चुका है ओर उनके बहकावे में नहीं आ रहा हैं।

### कांग्रेस में तो भगदड़ की स्थिति मची हुई है

वार्ता के दौरान देव ने बताया की आज कांग्रेस में तो भगदड़ की स्थिति मची हुई है। कांग्रेस पार्टी में कोन सा नेता कब पार्टी छोड़ देगा ये समझ ही नहीं कोई पा रहा है। अभी कांग्रेस प्रत्याशी के खास साथी ने कांग्रेस छोड़कर अभी भाजपा का दामन थाम लिया है और कब कौन कांग्रेस का दामन छोड़ दे यह कहा नहीं जा सकता ,तो वही कांग्रेस प्रत्याशी खुद अपना घर नहीं बचा पा रहे हैं तो वह क्या वह चुनाव में आएंगे।

### क्रांतिकारी नेता का समय खत्म हो गया है

वार्ता में देव द्वारा पूर्व सांसद कंकर मुंजारे पर तंज कसते हुए कहा कि आज कुछ प्रत्याशी ऐसे भी हैं जो अपना घर छोड़कर झोपड़ी में रहने की नौटंकी कर रहे हैं जबकि यह बड़ी गाड़ियों से घूम रहे हैं और आज उनके पास धन बल सब है, उसके बावजूद भी यह दिखावा करने के लिए झोपड़ी में रहकर चुनाव लड़ रहे हैं, भले ही वह क्रांतिकारी नेता होंगे पर अब उनका समय खत्म हो गया है अब उन्हें घर में बैठ जाना चाहिए।

### भारती पारधी मोदी के नाम पर वोट मांग रही है

निर्दलीय प्रत्याशी देव पवार द्वारा कहा गया कि आज जो भाजपा की प्रत्याशी है उनकी तो उम्र हो चुकी है और वह बूढी हो चुकी है जबकि भाजपा ने युवाओं को मौका देना था, किंतु भाजपा द्वारा बूढी महिला को अपना प्रत्याशी बनाया है, जो की मोदी जी के नाम पर वोट मांग रही हैं जबकि उनको अपने स्वयं के नाम पर वोट मांगना चाहिए, क्या उनकी स्वयं की कोई पहचान नहीं है ,क्या उन्होंने क्षेत्र के लिए कोई काम नहीं किया है या फिर जब जनता को समस्या होगी तो क्या उस समय भी जनता मोदी जी के पास ही जाएंगे, जब अभी वह मोदी के नाम पर वोट मांग रहे हैं, तो क्या यह इतनी कमजोर हैं कि इन्हें कोई भी वोट नहीं देगा वह क्यों अपने नाम से वोट नहीं मांग रही हैं, क्योंकि उनके नाम पर उन्हें कोई वोट नहीं देगा और आज भारतीय जनता पार्टी को मोदी के नाम का सहारा लेना पड़ रहा है।

# गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ने नहीं दिया है किसी भी प्रत्याशी व पार्टी को समर्थन

## निर्दलीय प्रत्याशी भुवनसिंह कुर्राम कर रहे गलत प्रचार

बालाघाट (पद्मेश न्यूज)। जैसे-जैसे लोकसभा चुनाव के मतदान की तारीख पास आते जा रही है वैसे-वैसे लोकसभा चुनाव में खड़े हुए प्रत्याशियों की बयानबाजी बढ़ते जा रही है, हर कोई अपने आप को एक दूसरे से कम नही माप रहा है और एक दुसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगाते हुए एक दूसरे पर निशाना साध रहे हैं, कोई बता रहा कि उन्हें उनके समाज ने समर्थन दे दिया है , तो कोई जनता से वोट लेने के लिए एक दूसरे के पक्ष में झूठी बयान बाजी कर रहे हैं , ऐसा ही एक विषय गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के प्रत्याशी द्वारा एक निर्दलीय प्रत्याशी पर आरोप लगाया गया है कि उनके द्वारा आदिवासी समाज और गोंडवाना गणतंत्र पार्टी का समर्थन मिलने की बात कही जा रही है, जो की पूर्णतः गलत है जिसको लेकर गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी द्वारा प्रेस वार्ता लेकर फैल रही अफवाह का खंडन कर निर्दलीय प्रत्याशी को उनके खिलाफ गलत प्रचार करने की बात कही गई है। आपको बता दे की 19 अप्रैल को लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण के मतदान होना है, जिसको लेकर अब चुनाव प्रचार दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है, तो वहीं कुछ प्रत्याशी जनता को अपने पक्ष में करने के लिए एक दुसरे प्रत्याशी के खिलाफ जनता को गुमराह करने के लिए बयान बाजी कर रहे हैं, इसी प्रकार का एक मामला गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के प्रत्याशी नंदलाल उयके द्वारा प्रेस वार्ता के माध्यम से बताया गया कि वह गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी हैं और एक निर्दलीय प्रत्याशी भुवनसिंह कुर्राम उनके खिलाफ समाज में गलत प्रचार प्रसार कर रहे हैं और भुवनसिंह कुर्राम के द्वारा संसदीय क्षेत्र में यह प्रचार किया जा रहा है कि गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के प्रत्याशी और पार्टी द्वारा उन्हें समर्थन दे दिया गया है, तो वही सर्व आदिवासी समाज द्वारा भी भुवनसिंह कुर्राम जो कि निर्दलीय प्रत्याशी हैं , उन्हें अपना समर्थन दिया गया है , जबकि यह सरासर गलत है, गोंडवाना गणतंत्र पार्टी द्वारा उन्हें अधिकृत प्रत्याशी के रूप में



चुनावी मैदान में उतारा गया है और उन्हें जनता में अच्छा खासा जनता का समर्थन भी मिल रहा है , किंतु निर्दलीय प्रत्याशी भुवनसिंह कुर्राम द्वारा झूठा प्रचार प्रसार कर उनकी छवि को धूमिल करने और मतदाताओं को बहकाने का काम किया जा रहा है, जबकि ना ही उनकी पार्टी ने किसी को समर्थन दिया है और ना ही उनके द्वारा किसी को अपना समर्थन दिया गया है, जबकि सर्व आदिवासी समाज द्वारा भी उन्हें किसी प्रकार का कोई समर्थन नहीं दिया गया है, वह स्वयं से ही क्षेत्र में जाकर उनके खिलाफ प्रचार प्रसार कर उन्हें समर्थन देने की बात कही जा रही है, जो की बहुत ही गलत और निंदनीय है इसी विषय का खंडन करने के लिए और सही जानकारी देने के लिए उन्होंने 11 अप्रैल को देर शाम स्थानीय संस्थान में प्रेस वार्ता ली और मीडिया को यह जानकारी दी है।

# हर्षोल्लास के साथ मनाई गई महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती

## 197 वीं जयंती पर विभिन्न कार्यक्रमों के हुए आयोजन

बालाघाट (पद्मेश न्यूज)। गुरुवार को जिला मुख्यालय सहित अन्य ग्रामीण अंचलों में राष्ट्रपिता महात्मा ज्योतिबा फुले की 197 वी जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई।जहां जयंती विशेष पर जगह-जगह विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन कर महात्मा ज्योतिबा फुले को याद किया गया। इसी कड़ी में नगर में प्रतिवर्ष की



तरहा इस वर्ष भी नगर मरार माली समाज समिति बालाघाट द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा ज्योतिबाफुले जी की जयंती उत्साह पूर्वक मनाई गई। जहां जयंती विशेष के अवसर पर सामाजिक बंधु महात्मा ज्योतिबाफुले चौक सरेखा मंगल भवन में एकत्र हुए। जहां सामुहिक रूप से एक बाइक रैली निकालकर जयंती की शुरुवात की गई। यह बाइक रैली सरेखा मंगल भवन से सीधे सरेखा स्थित महात्मा ज्योतिबा राव फुले चौक पहुंची।जहा समाज संगठन के पदाधिकारी सहित अन्य सामाजिक बंधुओ ने राष्ट्रपिता ज्योतिबा राव फुले और राष्ट्रमाता सावित्रीबाई फुले की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया तो वही प्रतिमा के समीप कैंडल जलाकर नमन वंदन कर, आयोजन को लेकर अपने विचार रखें।इसके तुरंत बाद यह रैली सरेखा चौक से हनुमान चौक, वहां से राम मनोहर लोहिया चौक वहां से सिंधु भवन होते हुए सीधे आंबेडकर चौक पहुंची। जहां डॉ भीमराव आंबेडकर साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर जयकारे लगाए गए। इसके उपरांत यह बाइक रैली आंबेडकर चौक से जय स्तंभ चौक वहां से काली पुतली चौक होते हुए सीधे बस स्टैंड स्थित रानी अवंती बाई चौक पहुंची जहां रानी अवंती बाई की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर जयकारे लगाए गए, तो वही यहां रैली रानी अवंती बाई चौक से सीधे जय स्तंभ चौक स्थित माता सावित्रीबाई फुले छात्रावास पहुंची। जहां मंचीय कार्यक्रम संपन्न कराए गए। छात्रावास में आयोजित मंचीय कार्यक्रम में समाज संगठन के जुड़े विभिन्न वक्ताओं और पदाधिकारियो ने अपने विचार रखे ,तो वहीं उन्होंने अपने संबोधन में महात्मा ज्योतिबा फुले की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनकी जीवनी से प्रेरणा लेने ,उनके बताए हुए मार्ग पर चलने, और उनकी दिनचर्या सहित समाज सुधार को लेकर किए गए कार्यों का वर्णन करते हुए उनके दिए हुए उपदेशों पर चलने का संकल्प लिया।वही सभी वक्ताओं ने समाज के सभी लोगो को साथ लेकर चलने, समाज संगठन को मजबूत बनाने और महात्मा ज्योतिबा राव फुले के सपनों को पूरा करने की बात कही।इस दौरान नगर मरार माली समाज बालाघाट जिला अध्यक्ष रमेश पांचे, नगर अध्यक्ष छबीराम नागेश्वर, उपाध्यक्ष रामभाऊ पंचेश्वर सहित समाज संगठन के अन्य पदाधिकारी, सदस्य व सामाजिक बंधु प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री के वचन, किसानों को हर हाल में मिलेगा धान और गेहूं का बोनस-भारती पारधी

## किरनापुर, हट्टा, भरवेली, बालाघाट ग्रामीण मंडल में मोदी की गारंटी का संकल्प

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)।9 अप्रैल को देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की विजय संकल्प शंखनाद जन आशीर्वाद सभा को सफल बनाने में जन-जन और भाजपा कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने जो अभूतपूर्व सहयोग और योगदान दिया सदा अविस्मरणीय रहेगा।इस अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने किसानों को एक खुशखबरी देते हुए कहा कि, आगामी समय में धान 3100 रूपए और गेहूं 2700 रुपए का बोनस हर हाल में जून के प्रथम बजट के बाद मिलेगा। येही मोदी की गारंटी है। हमारा संकल्प है।जिसके लिए तहेदिल से आभार जताते हुए भारती पारधी ने कल किरनापुर, हट्टा, बालाघाट ग्रामीण और भरवेली मंडल के नक्शी, परसवाड़ा, कोस्ते, कटंगी सारद, सिवनी कला, मौदा, देवगांव, मंगोली, धडी, बगडमारा, पिपरझरी, बम्हनी, चिखला, दहीगढवा, खोडसिवनी, नाहरवानी, लोहारा, खैरगांव, हरदोली, बजे लिंगा, परसवाड़ा कटंगी, बगदरा, अमेडा और हिरापुर में सघन जनसंपर्क, सभाएं और जन संवाद कर कहीं। यहां भारती पारधी ने आगे कहा, मैं हूं मोदी का परिवार मे किसान, युवा, महिला और गरीब शामिल है। इनके कल्याण और विकसित भारत ही मोदी की गारंटी है। जो घर-घर की गारंटी बनेगी। इसे पूरा करने में हम कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे।

### व्यास पीठ से जनकल्याण का आशीर्वाद

भारती पारधी ने कहा, जनता-जनार्दन का अपार स्नेह और आशीर्वाद मेरी अमूल्य पूंजी है। इसके बल पर हम सब मिलकर फिर एक बार मोदी सरकार बनाकर, गांव-गांव का विकास और



जनकल्याण की गाथा को आगे बढ़ाएंगे। क्रम उन्होंने मंगोली में भागवत पुराण का श्रवण कर व्यास पीठ से जनकल्याण और क्षेत्र के समग्र विकास का आशीर्वाद लिया।

### महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती पर नमन

बालिका शिक्षा और सामाजिक क्रांति के अग्रदूत, वंचितों के उत्थान के लिए समर्पित महात्मा ज्योतिबा फुले जी की जयंती पर सादर नमन किया। कोस्ते में महात्मा ज्योतिबा फुले और माता सावित्रीबाई फुले की प्रतिमा पर माल्यार्पण, पुष्पांजलि अर्पित की। भावांजलि भारती पारधी ने कहा, सामाजिक समानता और महिला सशक्तिकरण के लिए विपरीत परिस्थितियों में किए गए उनके आजीवन संघर्ष सदैव हमें प्रेरणा प्रदान करते रहेंगे।

### भारती मोदी सेना की सैनिक

सघन जनसंपर्क मे विधानसभा प्रभारी संजय खंडेलवाल, नरेंद्र भैरम, विधानसभा संयोजक जितेन्द्र चौधरी, मंडल प्रभारी कुणाल एलकर, जनपद अध्यक्ष फूलचंद साहरे, राणा कल्याण सिंह, राजेन्द्र ठाकुर, मंडल अध्यक्ष राजेश गोमासे, नितेश सोनेकर, देवीचरण पारधी, देवीशंकर टेम्भरे, चित्रसेन पारधी, जयसिंह नगपूरे, वेदप्रकाश पटले, मीना राहंगडाले, सुधीर चौधरी, टीकाराम कटरे, गुड्डा चौधरी, मोनिल जैन, योगेश बिसेन, शशि तेवर, राजु बुरे, उमेश सोनेकर, भुरू कटरे, खिमेन्द्र गौतम, लीलाधर कटरे, मनोहर राउत, मनोज बडपात्रे, छगन बिसेन, धनीराम नागेश्वर, मनोहर रावत, मोहर बोपचे उमनबाई ब्राम्हणकर, मुन्नी अड़में, कांताबाई बिसेन, रामेश्वर चौधरी, प्रज्जवल चौरसिया, अखिलेश चौरे, ज्ञानचंद चौधरी, संतोष चौधरी, राजेश चौधरी समेत इत्यादि ने अबकी बार 400 पार, प्रत्येक बूथ 370 मत, मोदी है तो मुमकिन है। मोदी के मन में देश, देश के मन में मोदी। मोदी की योजनाएं को घर-घर तक पहुंचाने के संकल्प को पूरा करने के लिए भारती पारधी को मोदी सेना का सैनिक बनाने का आवाह्न किया। इस अवसर पर आमजन मानस, भाजपा कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।

# मुख्यालय में धूमधाम से निकली गणगौर विसर्जन शोभायात्रा

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)।11 मार्च को 16 दिवसीय गणगौर पूजन का समापन गणगौर विसर्जन के साथ किया गया। नगर के सिद्धेश्वरी मंदिर से होकर नया सराफा होते हुए मेनरोड, काली पुतली चौक, आंबेडकर चौक होते हुए शोभायात्रा मोती उद्यान पहुंची, जहां गणगौर विसर्जन के साथ गणगौर महोत्सव का समापन किया गया। सर्व राजस्थानी महिला मंडल अध्यक्ष ज्योति शर्मा ने बताया कि होली के बाद से प्रारंभ होने गणगौर पूजन कन्याओं और विवाहित स्त्रीयों द्वारा किया जाता है। जिसमें मिट्टी के शिव यानी गण (ईसर) एवं माता पार्वती यानी गौर (गवर) बनाकर पूजा की जाती है। 16 दिन तक चलने वाले इस पूजन को लेकर मान्यता है कि शादी के बाद पहला गणगौर पूजन मायके में किया जाता है। इस पूजन का महत्व अविवाहित कन्या के लिए अच्छे वर की कामना को लेकर रहता है जबकि विवाहित स्त्री अपने पति की दीर्घायु के लिए पूजन करती हैं। इसमें अविवाहित कन्या पूरी तरह से तैयार होकर और विवाहित स्त्री सोलह श्रंगार करके पूरे सोलह दिन पूजन करती हैं। मुख्यालय में गणगौर पूजन के अंतिम दिन 11 मार्च को दोपहर 4 बजे ईतवारी गंज स्थित मां सिद्धेश्वरी मंदिर से सर्व राजस्थानी महिला मंडल द्वारा शोभायात्रा निकाली गई। यह शोभायात्रा सिद्धेश्वरी मंदिर से प्रारंभ होकर सराफा होते हुए मेन रोड से महावीर चौक, गुजरी चौक, काली पुतली चौक, अंबेडकर चौक से मोती उद्यान पहुंची। नगर में शोभायात्रा का जगह-जगह स्वागत के साथी पुष्पवर्षा भी की गई। इस शोभायात्रा में झांकियां आकर्षण का केन्द्र रही। वहीं महिलाओं ने राजस्थानी गणगौर गीतों पर जमकर नृत्य किया। इस गणगौर महोत्सव



पर निकाली गई शोभायात्रा में पहली बार सर्व राजस्थानी समाज एकजुट दिखाई दिया। जिसमें महेश्वरी समाज, राजस्थानी ब्राह्मण समाज, राजस्थानी सोनी समाज, राजस्थानी खाती के मुख्यालय सहित वारासिवनी, लालबर्रा और अन्य जगहों से बड़ी संख्या में पहुंचे

# बंजर नदी में डूबने से एक युवक की मौत

बालाघाट (पद्मेश न्यूज)। मलाजखंड थाना क्षेत्र में आने वाले बंजरा नदी के लमती घाट में एक युवक की डूबने से मौत हो गई। मृतक युवक जितेंद्र पिता नरेंद्र मेरावी 18 वर्ष ग्राम नेवरगांव दर्जी टोला निवासी है। मलाजखंड पुलिस ने इस युवक की लाश पोस्टमार्टम करवा कर उसके परिजनों को सौप दिया है ।प्राप्त जानकारी के अनुसार जितेंद्र मेरावी के माता-पिता खेती मजदूरी करते हैं ।जिसकी एक बहन है। बताया गया है कि जितेंद्र मरावी को फिट की बीमारी थी और उसे फिट का दौरा आते रहता था।15 दिन पहले फिट का दौरा पड़ने से जितेन्द्र मेरावी का पैर जल गया था। 10 अप्रैल को सुबह 8ः00 बजे जितेंद्र मेरावी अपने गांव से कुछ दूर पर स्थित बंजर नदी के लमती घाट में नहाने के लिए गया था। बंजरा नदी में नरेंद्र कपड़े उतार कर नदी में नहाने के लिए गया। किंतु फिट का दौरा आने का कारण वह नदी में डूब गया। बताया है कि 12ः00 बजे जितेंद्र धुर्वे नाम का युवक अपने मवेशी को पानी पिलाने के लिए बंजर नदी तरफ गया था। तभी उसने नदी किनारे कपड़े देखे और वहीं कुछ दूर पर जितेंद्र मरावी की पानी में लाश पड़ी हुई देखी। जितेंद्र धुर्वे ने गाँव मे आकर के जितेंद्र मरावी के परिवार वालों को बताया ।तब परिवार के लोग बंजर नदी पहुंचे और जितेंद्र मेरावी की लाश नदी से बाहर निकाले ।इस घटना की रिपोर्ट उसके पिता नरेंद्र मरावी 46 वर्ष ने मलाजखंड थाना में की थी। जहां से प्रधान आरक्षक रतन सोनवाने ने बंजरा नदी पहुंचकर मृतक जितेंद्र मेरावी की लाश बरामद की और पंचनामा कार्यवाही पश्चात लाश पोस्टमार्टम करवरकर उसके परिजनों को सौंप दिए। आगे मर्ग जांच प्रधान आरक्षक श्री सोनवाने द्वारा की जा रही है।

# पिकअप से टाइल्स खाली करते समय टाइल्स की पूरी थप्पी गिरने से पिकअप चालक की मौत

बालाघाट (पद्मेश न्यूज)। तिरोड़ी थाना क्षेत्र में आने वाले ग्राम मिरगपुर में पिकअप से टाइल्स खाली करते समय टाइल्स की पूरी थप्पी गिरने से पिकअप चालक की मौत हो गई। मृतक अजय पिता योगराज ठाकरे 34 वर्ष ग्राम गुडरु थाना तिरोड़ी निवासी है। तिरोड़ी पुलिस ने इस व्यक्ति की लाश पोस्टमार्टम करवा कर उसके परिजनों को सौंप दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अजय ठाकरे मूल रूप से गुडरु का रहने वाला है जो अपने परिवार के साथ नागपुर में रहता है और पिकअप चलता है। 10 अप्रैल को अजय ठाकरे ने नागपुर से पिकअप में अशोक राहंगडाले मिरगपुर निवासी के लिए टाइल्स लाया था। 11 अप्रैल को सुबह 8 बजे अजय ठाकरे पिकअप लेकर मिरगपुर अशोक राहंगडाले के घर जाकर पिकअप से टाइल्स खाली कर रहा था। तभी टाइल्स की पूरी थपकी अजय ठाकरे के ऊपर गिरने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे तुरंत ही उपचार हेतु कटंगी अस्पताल पहुंचाया जा रहा था। किंतु अजय ठाकरे की रास्ते ही मौत हो गई ।तिरोड़ी पुलिस थाने के सहायक उप निरीक्षक उमेश दियेवार ने मृतक अजय ठाकरे की लाश बरामद की और पंचनामा कार्यवाही पश्चात पोस्टमार्टम करवा कर उसके परिजनों को सौंप दिया है। आगे मर्ग जांच की जा रही है।

# डॉ. ऋतिक पटेल केनिर्माणाधीन मकान से 90 हजार रुपये के इलेक्ट्रिक वायर और टूल बॉक्स चोरी


बालाघाट (पद्मेश न्यूज)।नगर के वार्ड नंबर 22 मोती नगर में डॉक्टर ऋतिक पटेल के निर्माणाधीन मकान से इलेक्ट्रिक वायर एवं टूल बॉक्स चोरी हो गए। जिसकी कीमत 90 हजार रुपये बताई गई है। कोतवाली पुलिस ने डॉक्टर ऋतिक पटेल द्वारा की गई रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरुद्ध चोरी का अपराध दर्ज कर जांच शुरू की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार डॉ.ऋतिक पटेल बालाघाट नगर के वार्ड नंबर 22 मोती नगर गर्ल्स कॉलेज के बाजू में रहते हैं और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालबर्रा में पदस्थ है जिनके घर के बाजू में ही एक और घर का निर्माण चल रहा है।4 अप्रैल को सुबह 10 बजे डॉक्टर ऋतिक पटेल घर का निर्माण कार्य देखने के लिए गए थे तो उन्होंने निर्माणाधीन मकान के दो कमरों के ताले टूटे देखे ।कमरे में रखा वाईब्रेडर एवं टूल बॉक्स नहीं था। इसके बाद डॉक्टर ऋतिक पटेल ने घर के सीसीटीवी कैमरा चेक की तो पता चला कि इसके पूर्व 29 मार्च की रात्रि में इलेक्ट्रिक स्विच बोर्ड में लगे वायर भी चोरों ने काट कर ले गए। प्रकार अज्ञात चोरों ने डॉक्टर ऋतिक पटेल के निर्माणाधीन मकान से इलेक्ट्रिक वायर एवं टूल बॉक्स चोरी कर लिए। जिसकी कीमत 90 हजार रुपए बताई गई है। कोतवाली पुलिस ने डॉक्टर ऋतिक पटेल द्वारा की गई रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरुद्ध धारा 457 380 भादवि के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू की है।

# अकेले बैहर विधानसभा में 1 लाख से अधिक मतदाता सूचना पर्चियां बांटी

बालाघाट (पद्मेश न्यूज)। लोकसभा निर्वाचन-2024 के तहत 19 अप्रैल को मतदान होना है। मतदाताओं तक इस संदेश को पहुँचाने और उन्हें मतदाता सूची में नाम होने की जानकारी मतदाता सूचना पर्चियों के माध्यम से सम्बंधित बीएलओ के माध्यम से दी का रही है। बैहर तहसीलदार श्री रोहित ने बताया कि अब तक विधानसभा में 179467 मतदाता पर्चियां वितरित की जा चुकी है। शेष रही 53658

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ईद उल फितर का पर्व

## रिमझिम बारिश के बीच मस्जिदों में अदा की गई नमाज, मांगी गई अमनो चैन की दुआएं





**लालबर्रा ( पद्मेश न्यूज )। मुस्लिम धर्मावलंबियों का पवित्र ईद-उल-फितर का पर्व ११ अप्रैल को नगर मुख्यालय सहित ग्रामीण अंचलों में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। ईद पर्व के अवसर पर सुबह से ही रिमझिम बारिश होते रही जिसके चलते ईदगाह की जगह जामा मस्जिद लालबर्रा में मुस्लिम धर्मालंबियों के द्वारा विशेष नमाज अदा की गई और देश में अमन चैन बनाये रखने की दुआएं मांगी गई। जिसके बाद एक-दुसरे से गले मिलकर सभी को ईद पर्व की बधाईयां दी गई। ईद पर्व की विशेष नमाज के बाद दिनभर बधाईयों का दौर चलता रहा साथ ही मीठी सेवईयों के स्वाद का सभी ने लुत्फ उठाया।**

### रजा मस्जिद व जामा मस्जिद में अदा की गई नमाज

ईद पर्व के अवसर पर सुबह से हो रही रिमझिम बारिश के बीच मुस्लिम समुदाय के लोग प्रात:९.३० बजे जामा मस्जिद में एकत्रित हुए जहां पर हाफिज रिजवान ने एवं रजा मस्जिद अमोली में हाजी हाफिज कादिर इरशाद अहमद अशरफी ने प्रात: ९.१५ बजे विशेष नमाज अदा करवाई। ईद पर्व की विशेष नमाज के बाद आपसी भाईचारे का संदेश देने का सिलसिला प्रारंभ हुआ और एक-दुसरे से गले मिलकर ईद पर्व की बधाईयां दी गई। गौरतलब है कि एक महीने तक अल्लाह की ईबादत करने वाले रोजदारो को अल्लाह का ईनाम ईदुलफितर के रूप में प्राप्त होता है। यह त्यौहार हर वर्ष देश में अमन चैन एकता व अखण्डता का पैगाम लेकर आता है उसके साथ ही महीने भर की इबादत के बाद ईदुलफित्र का पर्व धूमधाम से मनाया जाता है और इस वर्ष ११ अप्रैल को मुस्लिम समुदाय के लोग जामा मस्जिद व रज़ा मस्जिद में नमाज अदा कर अमन चैन की दुआएं मांगकर ईद का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया। आपकों बता दें कि आपसी सद्भावना का संदेश देते हुए ईद-उल-फितर की नमाज अदा करने के साथ ही ११ अप्रैल को ईद का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया और ईद पर्व के अवसर पर प्रात: ९.३० बजे सामूहिक रूप से जामा मस्जिद व बारिश के चलते ग्रामीण अंचलो की मस्जिदों में नमाज अदा की गई एवं आपसी भाईचारे का संदेश देते हुए एक-दुसरे से गले मिलकर ईद पर्व की शुभकामनाएं दी और सभी को भाईचारे के साथ मिल जुलकर रहने का संदेश दिया गया।

### प्रशासनिक अमला रहा मुस्तैद

ईद पर्व पर सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए प्रशासनिक अमला, पुलिस बल जामा मस्जिद, रजा मस्जिद में मुस्तैद रहा। इस सुरक्षा व्यवस्था में थाना प्रभारी हेमंत नायक, राजस्व विभाग एवं अन्य पुलिसकर्मियों का सराहनीय योगदान रहा।

# माँ सतबहनी मंदिर में ६५ कलश हुए प्रज्वलित

## भक्तिभाव के साथ मनाया जा रहा चैत्र नवरात्र पर्व

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय स्थित माँ सतबहनी मंदिर में ९ अप्रैल की रात ८ बजे विधि-विधान से पूजा अर्चन कर ज्योति कलश व जवारे बोकर चैत्र नवरात्र पर्व धार्मिक आस्थाओं एवं भक्तिभाव के साथ मनाया जा रहा है। चैत्र नवरात्र पर्व के अवसर पर ९ अप्रैल की रात ८ बजे माँ सतबहनी माता-रानी की उपस्थितजनों ने विधि-विधान से पूजन अर्चन की तत्पश्चात ५६ तेल व ९ घी के मनोकामना कलश प्रज्वलित कर जवारे बोये गये जिसके बाद आरती कर प्रसादी का वितरण किया गया। इसी तरह नगर मुख्यालय सहित ग्रामीण अंचलों में स्थित मंदिरों व घरों में श्रध्दालुओं के द्वारा मनोकामना कलश व जवारे बोकर चैत्र नवरात्र पर्व भक्तिभाव के साथ मनाया जा रहा है एवं विविध धार्मिक कार्यक्रम भी आयोजित किये जा रहे है और मंदिरों में सुबह-शाम ८ बजे आरती की जा रही है साथ ही माता-रानी के जयकारे से पूरा क्षेत्र गुंजमान्य हो उठा है। माँ सतबहनी मंदिर समिति के सहसचिव पवन नामदेव ने बताया कि मॉ सतबहनी मंदिर में चैत्र नवरात्र पर्व के अवसर पर ९ अप्रैल को पूजन अर्चन कर ५६ तेल व ९ घी के कलश प्रज्वलित कर जवारे बोये गये तत्पश्चात आरती कर प्रसादी का वितरण किया गया एवं प्रतिदिन महिला जस गायन का आयोजन किया जा रहा है एवं अष्टमी पर हवन-पूजन एवं नवमीं के दिन कलश व जवारों के विसर्जन के बाद भंडारा का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर क्षेत्रीय भक्तजनों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्मलाभ अर्जित करने की अपील माँ सतबहनी मंदिर समिति के पदाधिकारी व सदस्यों ने की है।





# हर्षोल्लास के साथ मनाई गई महात्मा ज्योतिबाराव फुले की जयंती

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय की ग्राम पंचायत पांढरवानी के शांति नगर निवासी मरार माली समाज के ब्लाक अध्यक्ष ओपी बाहेश्वर के निवास में मरार माली समाज लालबर्रा के द्वारा ११ अप्रैल को क्रांतिकारी व समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबाराव फुले की १९७ वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। यह जयंती कार्यक्रम कार्यक्रम मरार माली समाज ब्लाक अध्यक्ष ओपी बाहेश्वर सहित समाज के अन्य पदाधिकारियों की उपस्थिति में प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर सर्वप्रथम उपस्थितजनों ने महात्मा ज्योतिबाराव फुले, माता सावित्रीबाई फुले के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया एवं उनके बताये मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर उपस्थितजनों ने महात्मा ज्योतिबाराव फुले के जीवनगाथाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महात्मा फुले जी सामाजिक क्रांति के मसीहा थे, उन्होने सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए पूरे जीवन भर कार्य किया एवं देश में शिक्षा की अलख जगाई है ऐसे महापुरूषों के बताये मार्ग पर चलकर हम सभी को समाजोत्थान व देशहित में काम करना चाहिए। चर्चा में ग्राम पंचायत नेवरगांव ला. सरपंच संतोष पंचेश्वर ने बताया कि समाज सुधारक एवं शिक्षक के जनक महात्मा ज्योतिबाराव फुले की जयंती मनाकर उनके बताये मार्ग पर चलने का सभी ने संकल्प लिया है। साथ ही यह भी बताया कि महात्मा ज्योतिबाराव फुले ने समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने का काम किया है साथ ही शिक्षा के क्षेत्र में एक अलख जगाकर लोगों को शिक्षा के प्रति जागरूक करने का काम किया है जो एक सराहनीय पहल है जिसके माध्यम से आज हर कोई शिक्षा अध्ययन कर आगे बढ़ रहा है और सामाजिक बंधुओं से भी अपील है कि वे भी अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा प्रदान करें। श्री पंचेश्वर ने बताया कि जिस तरह हमारे महापुरूष ज्योतिबाराव फुले व माता सावित्री बाई फुले ने शिक्षा को बढ़ावा दिया उसी तरह से हमारे समाज को भी उनके बताये मार्ग पर चलकर अपने बच्चों को सुख सुविधाएं कम दे परंतु उन्हें एक बेहतर शिक्षा देना चाहिये जिससे वे हर क्षेत्र में आगे बढ़ सके क्योंकि शिक्षा ही एक ऐसी चाबी है जिससे सभी क्षेत्र के द्वार खुलते है बच्चों में राजनीतिक चेतना आती है। इस अवसर पर मरार माली समाज लालबर्रा के पदाधिकारी व स्वजातीय बंधु उपस्थित रहे।





# चौपहिया वाहन की टक्कर से जयकुमार की हुई मौत

## पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंपा, जांच में जुटी पुलिस





लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय से लगभग ११ किमी. दूर बालाघाट-सिवनी मार्ग स्थित ग्राम पंचायत कंजई के सोसायटी के समीप गुरूवार को दोपहर करीब १ बजे अज्ञात चौपहिया वाहन की टक्कर से बकेरा (रामपायली) निवासी २९ वर्षीय जयकुमार पिता रामकुमार कोड़पे की मौत हो गई। पुलिस ने मृतक व्यक्ति का पोस्टमार्टम करवाकर अंतिम संस्कार के लिए शव परिजनों को सौंप दिया है एवं मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कंजई निवासी अर्जुन मेश्राम के घर उनकी बेटी की शादी ९ अप्रैल को थी और उनका दामाद बकेरा निवासी जयकुमार कोड़पे अपनी साली की शादी में शामिल होने परिवार के साथ कंजई आया था और शादी संपन्न हो चुकी है। जयकुमार ११ अप्रैल को दोपहर १२ बजे रिस्तेदारों के साथ खाना खाने के बाद कंजई चौक की ओर साइकिल से घुमने गया था। तभी सिवनी से बालाघाट की ओर आ रही अज्ञात चौपहिया वाहन चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए जयकुमार को जबरदस्त टक्कर मार दिया जिससे उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई। जिसके बाद उसके ससुराल में एवं पुलिस को घटना की जानकारी दी गई। वहीं चौपहिया वाहन की टक्कर से एक व्यक्ति की मौत हो जाने की जानकारी लगते ही घटना स्थल पर लोगों की भीड़ लग गई। जिसके बाद पुलिस घटना स्थल पहुंचकर भीड़ को अलग कर मृत व्यक्ति के शव को बरामद कर लालबर्रा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया जहां चिकित्सक के द्वारा पोस्टमार्टम कर शव को अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया है। यह सड़क हादसा किस चौपहिया वाहन की टक्कर से हुआ है स्पष्ट नही हो पाया है परन्तु सड़क हादसा घटित होते ही एक ट्रक गुजर रहा था जिससे सड़क दुर्घटना होना ग्रामीणों के द्वारा बताये जाने पर संदेह के आधार पर पुलिस ने ट्रक को थाने में खड़ा करवा दिया है। वहीं ट्रक चालक का कहना है कि पीछे से अज्ञात कार चालक मुझे ओवरटेक करते हुए आगे निकला और रोड़ से गुजर रहे साइकिल चालक को ठोस मारकर फरार हो गया और अज्ञात कार की टक्कर से व्यक्ति की मौत हुई है, मैं पीछे से आया एवं भीड़ को देखकर ट्रक खड़े किया तो लोगों को लग रहा है कि मेरे ट्रक से दुर्घटना घटित हुआ है इसलिए उन्होने मेरा नाम थाने में लिखवा दिया है। जबकि दुसरे वाहन से हादसा घटित हुआ है। वहीं पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच में जुट चुकी है और कंजई सहित मार्ग किनारे लगे सीसीटीव्ही कैमरे के फुटेज देखने के साथ ही अज्ञात चौपहिया वाहनों की तलाश कर रही है। चर्चा में मृतक का ससुर अर्जुन मेश्राम ने बताया कि ९ अप्रैल को मेरी छोटी बेटी की शादी थी और इस वैवाहिक कार्यक्रम में बकेरा (रामपायली) निवासी मेरा दामाद जयकुमार कोड़पे, मेरी बेटी व नातन के साथ आये थे। गुरूवार को दोपहर में खाना खाने के बाद जयकुमार साइकिल से चौक की ओर घुमने गया था तभी किसी चौपहिया वाहन चालक ने उन्हे जबरदस्त टक्कर मारकर फरार हो गया जिससे उसकी मौत हो चुकी है, पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### इनका कहना है

कंजई सोसायटी के समीप चौपहिया वाहन की टक्कर से बकेरा निवासी २९ वर्षीय जयकुमार की मौत हो चुकी है, पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया गया है एवं मर्ग कायम कर मामले की जांच की जा रही है।

**कुंवरसिंह टेकाम**
**सहायक उपनिरीक्षक**
**थाना - लालबर्रा**

# बारिश एवं हवा तुफान से झड़ गये आम के फल

खमरिया/लालबर्रा (पदमेश न्यूज)। लालबर्रा जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत खमरिया सहित ग्रामीण अंचलों में बेमौसम बारिश एवं तेज आंधी-तुफान चलने से ग्रामीणजनों को खासा परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है और लगातार हो रही बारिश से गेंहू कटाई के साथ ही अन्य कृषि कार्य भी प्रभावित हो रहा है। साथ ही क्षेत्र में किसानों के द्वारा इस वर्ष फलों के राजा आम की अच्छी पैदावार के सपने संजोये जा रहे थे। इस बीच अचानक मौसम परिवर्तन के साथ ही तेज हवा तुफान से आम के पेड़ो पर लगे फल झड़ गये है, जिसको लेकर क्षेत्रीय कृषक परेशान है। आपकों बता दे कि किसानों के द्वारा खेत की मेढ़ों पर मौजूद आम के पेड़ों की वर्ष भर उचित देखरेख की जाती है ताकि समय आने पर रसीले आमों की अच्छी पैदावार से लाभ मिल सके। इस वर्ष आम के पेड़ पर जिस तरह से मौर लगी थी उसे देखकर कृषक प्रसन्नचित थे कि इस वर्ष आम की पैदावार होगी परंतु गत दिनों से बार-बार मौसम परिवर्तन होने के साथ ही हो रही बारिश एवं आंधी-तुफान के कारण आम के पेड़ो में आई मौर एवं फुल झड़कर गिर गये। जिससे आम की फसल को भारी नुकसान हुआ है। कृषकों का कहना है कि यदि आंधी तुफान का दौर इसी प्रकार चलता रहा तो आम की पैदावार नही होगी जिससे आम के महंगे दामों में बिकेगें।



# मोहगांव ध. एवं अमोली में पुलिस व सीआरपीएफ के जवानों ने निकाला फ्लैग मार्च

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण संपन्न करवाने एवं क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से लालबर्रा पुलिस एवं सीआरपीएफ के जवानों के द्वारा ११ अप्रैल को ग्राम पंचायत अमोली एवं मोहगांव ध. में फ्लैग मार्च निकाला गया। यह फ्लैग मार्च थाना प्रभारी हेमंत नायक की उपस्थिति में निकाला गया। इस अवसर पर सीआरपीएफ के जवान व पुलिसकर्मी नगर मुख्यालय से सटी ग्राम पंचायत अमोली व मोहगांव ध. के विभिन्न चौक-चौराहों का फ्लैग मार्च करते हुए भ्रमण किया और मतदाताओं से आगामी लोकसभा चुनाव में शांतिपूर्वक तरीके एवं निष्पक्ष रूप से मतदान करने, किसी प्रकार की अशांति, कोई अनैतिक कार्य न करने की अपील की। चर्चा में थाना प्रभारी हेमंत नायक ने बताया कि बालाघाट-सिवनी संसदीय क्षेत्र में आगामी १९ अप्रैल को लोकसभा चुनाव के लिए मतदान होना है इसलिए पुलिस विभाग के उच्चाधिकारियों के निर्देश पर ११ अप्रैल को सीआरपीएफ के जवान एवं पुलिसकर्मी के द्वारा ग्राम अमोली, मोहगांव ध. सहित अन्य ग्रामों में फ्लैग मार्च निकालकर ग्रामीणजनों से लोकसभा चुनाव में मतदान शांतिपूर्वक तरीके से करने की अपील की गई है और



# आदिवासी बाहुल्य ग्राम केण्डाटोला में दिलाई गई मतदान की शपथ

बालाघाट (पद्मेश न्यूज)। कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा एवं जिला स्वीप नोडल अधिकारी डीएस रणदा के निर्देशन में जिले में मतदान जागरूकता अभियान अंतर्गत शत प्रतिशत मतदान के लिये नित नए अभिनव प्रयास किये जा रहे है। इसी तारतम्य में जनपद पंचायत बिरसा के आदिवासी बाहुल्य ग्राम केन्डाटोला में विवाह कार्यक्रम में स्वीप टीम शामिल होकर मतदाताओ को नैतिक मतदान की शपथ दिलाई गई।

कंजई में ''पद्मेश''
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

# मस्जिदों में अदा की गई ईद की नमाज

## अमनों अमान की दुआ मांगकर एक-दूसरे को दी बधाई

**वारासिवनी ( पद्मेश न्यूज )। देश में मुस्लमान धर्मालंबियों के द्वारा रमजान उल मुबारक के महीने के बाद एक मजहबी खुशी का त्यौहार मनाते हैं जिसे ईदुल फितर अर्थात ईद कहा जाता हैं। ईद मूल रूप से भाईचारे को बढ़ावा देने वाला पर्व हैं। इस पर्व को सभी आपस में मिल जुलकर मनाने के साथ ही खुदा से सुख शांति और बरक्कत के लिये दुआएं मांगते हैं। वारासिवनी में भी ईद का पर्व ११ अप्रैल को धार्मिक मान्यताओं के अनुरूप मनाया गया। जिसमें स्थानीय जामा मस्जिद व ख्वाजा गरीब नवाज मस्जिद में ईद की नमाज़ अदा करने सभी मुस्लिम भाई एकत्रित हुये। जहाँ जामा मस्जिद में सुबह ९.15 बजे तो केजीएन मस्जिद में ९.३० बजे नमाज अदा की गई। जिसमें अमनो अमान के साथ देश की अमन चैन की दुआये मांगी गई साथ ही नमाज खत्म होने के पश्चात बच्चे, बड़े व बुजुर्ग सभी ने एक.दुसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में मुस्लिम धर्मालंबी मौजूद रहे।**

### अपनों से बिछड़ो को दी सलामी

यहां यह बताना लाजमी है कि सामूहिक तौर पर अदा की जाने वाली ईदुल फितर की नमाज़ अदा करने के बाद सभी मुस्लिम भाई अपने घर जाने से पूर्व अपने पूर्वजो व मृतकों की कब्रों पर पहुँचकर उनके हक मे दुआयें की एवं इस दुआ के साथ ही अपने बिछड़ों को ईद की मुबारक बाद देने के बाद लोगों से ईद मिलने का दौर शुरू हो गया। कब्रिस्तान



इत्र और फूलों की खुश्बुओं से महकता रहा और लोगों का मेला लगा रहा। यहां यह बता दें कि साल मे चार ऐसे दौर होते हैं जब सभी मुस्लिम भाई इन कब्रों की जियारत करने के लिये जाते हैं।

### दिनभर चला मुलाकात का दौर

मस्जिदों में नमाज अदा करने के बाद पूरे नगर भर में दिनभर मुलाकात का दौर चलता रहा। इस दौरान मुस्लिम धर्मालंबियों घरों में मुस्लिम व गैर मुस्लिम ने जाकर ईद की दिली मुबारकबाद देने के साथ ही सेवइयो का भी स्वाद लिया। इस प्रकार से पूरे नगर में लोगों के आने जाने की रौनक के साथ घरों में भी रौनक बनी रही।

### विधायक पटेल ने दी ईद की बधाई

विधायक विवेक विक्की पटेल ने अपनी प्रतिवर्ष की परम्परानुसार इस वर्ष भी गोलीबारी चौक के ठीक सामने मुस्लिम भाईयों को ईद पर्व की बधाई देते हुये उन्हे गले लगाया। इस दौरान विधायक विवेक पटेल ने कहा कि पूरे देश में उत्साह के साथ ईद मनाई गई है। जिसमें प्रदेश के सभी मुस्लिम भाईयों को ईद पर्व की शुभकामनाये देते हुये पूरे एक महीने मुस्लिम समाज के भाईयों ने रोजा रखकर देश के लिये दुआ मांगी है यह त्यौहार अमन चैन का त्यौहार है एवं भाई चारा बने रहे। इस अवसर पर कांग्रेसजन मौजूद रहे।

### पूर्व विधायक डॉ. योगेन्द्र निर्मल ने दी ईद की मुबारकबाद

मस्जिदों से ईद की नमाज अदा कर निकले मुस्लिम धर्माबलंबियों को पूर्व विधायक डॉ.योगेन्द्र निर्मल ने अपने निवास के सामने गले लगाकर ईद पर्व की बधाई दी। भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने सभी उम्र के मुस्लिम भाईयों को गले लगाया और उन्हे ईद पर्व की तहेदिल से शुभकामनाये दी। इस अवसर पर पूर्व विधायक डॉ. योगेन्द्र निर्मल ने कहा कि सारे विश्व में ईद का त्यौहार मनाया जाता है और आदिकाल से ईद मनाई जा रही है। हमारे वारासिवनी में हिन्दु.मुसलमान मिलकर रश्म अदायगी करते है इन त्यौहारों को सामुहिक रूप से मनाने से विश्व में जो एकता बनती है वे अपने आप में विश्व में मिशाल है। हमारा देश प्रजातंत्र का देश है एवं बाबा साहेब ने सभी धर्मों को अपना.अपना त्यौहार मनाने की छूट दी है। इस अवसर पर पूर्व विधायक डॉ.निर्मल सहित गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

### पूर्व नपाध्यक्षो ने गले मिलकर दी बधाई

जामा मस्जिद के पास गोलीबारी चौक पर ईद की नमाज अदा कर मरहमो की कब्र पर दुआ मांगने जा रहे मुस्लिम भाइयों से पूर्व नपाध्यक्ष निर्दोष मॉडल पूर्व नपाध्यक्ष धवल मॉडल के द्वारा गले मिलकर ईद पर्व की बधाईयां दी गयी। इस अवसर पर गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

### यह खुशियों का पर्व है - इकबाल खान

पदमेश से चर्चा में जामा मस्जिद के अध्यक्ष इकबाल खान ने बताया कि रमजान के तीस रोजे के बाद ईद का त्यौहार मनाया जाता है और ईद का मतलब होता है खुशियां इस अवसर पर सभी से अपील करते है कि एक.दुसरे से मिल जुलकर रहे और भाईचारा बनाये रखे। एक साथ ईद की नमाज ईदगाह में अदा की जानी थी किंतु बारिश होने के कारण ईद की नमाज मस्जिदों में अदा की गई। ये जो ईद है एक महीना रोजा रख कर नमाज करते है तिलावत करते है तो उसकी उजरत पाने ईद है। यह हमदर्दी भाईचारा अमन का त्योहार है।

# प्रधानमंत्री के दौरे के बाद कार्यकर्ता बेहद उत्साहित है-प्रदीप जायसवाल

## भाजपा कार्यालय में हुई बैठक

वारासिवनी (पद्मेश न्यूज)। भाजपा कार्यालय में ११ अप्रैल को कामकाजी बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक लोकसभा संयोजिका श्रीमती लता एलकर, संगठन प्रभारी चंद्रप्रकाश मिश्रा, विधानसभा संयोजक अभय कोचर, पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल, मंडल अध्यक्ष प्रदीप शरणागत, दीप चौहान, नरेन्द्र शुक्ला, आलोक खरे खैरलांजी प्रभारी सहित अन्य नेताओ की उपस्थिती में प्रारंभ की गई। जिसमे मतदान दिवस के लिये बूथ एजेंट का चयन, उसके कार्यो को भाजपा ने अंतिम रूप दे दिया है। साथ ही ग्रामो व नगर मे सघन जनसपंर्क के लिये बूथ प्रभारी, शक्ति केन्द्र, पार्षदो सहित सक्रिय कार्यकर्ताओ की लंबी लिस्ट तैयार कर प्रचार के अंतिम चरण मे पार्टी को पूरी तरह तैयार कर दिया गया। इसी तरह दोपहर मे भाजपा की लोकसभा संयोजिका श्रीमती लता एलकर, संगठन प्रभारी चंद्रप्रकाश मिश्रा, विधानसभा संयोजक अभय कोचर, पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल के नेत्रत्व में विधानसभा चुनाव प्रंबध समिति की अहम बैठक राजपूत समाज के जिलाध्यक्ष संजय सिंह कछवाहा के निवास पर संपन्न हुई। जिसमे डोंगरमाली बाजार मे प्रत्याशी श्रीमती भारती पारधी की विशाल आमसभा के विषय मे अंतिम निर्णय लिया गया। जिसमे वारासिवनी खैरलांजी विधानसभा क्षेत्र मे १२ अप्रैल को सघन जनसपंर्क का कार्यक्रम तैयार किया गया है। पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल ने बताया की प्रधानमंत्री के बालाघाट दौरे के बाद भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता बेहद उत्साहित हो गया है। वारासिवनी खैरलांजी विधानसभा मे भी कार्यकर्ताओ की मेहनत देखकर विश्वास हो गया है कि यह चुनाव भाजपा सबसे ज्यादा रिकार्ड मतो से विजयी होने के लिये ईमानदारी से मेहनत कर रही है। प्रत्याशी भले ही श्रीमती भारती पारधी हो पर प्रत्येक कार्यकर्ता स्वंय को प्रत्याशी मानकर कार्य कर रहे है। इस बैठक में पूर्व नपा अध्यक्ष श्रीमती स्मिता जायसवाल, किरण शर्मा, श्रीमती निर्मला पटले, कैलाश अग्रवाल,शैलेन्द्र सेठी,किशोर अमूले, निरंजन बिसेन, भूपेन्द्र सुहागपुरे, श्रीमती माया उइके,श्रीमती पूष्पा बिसेन, श्रीमती सरिता मनोज दांदरे, प्रीति शिव, नीतू अग्रवाल, सौरभ टेबू पटेल, जसवंत पटले, शैलेन्द्र तिवारी, संजय सिंह कछवाहा, संतोष आडे, मोनू लिमजे, संदीप मिश्रा, मदन धार्मिक, पवन धूर्वे, आशूतोष कोहाड, मधू जायसवाल, न्याज अली,सुनील पिपरेवार, अनिश मिश्रा, सोनू जायसवाल सहित पुरे पंद्रह वार्डो के प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




# क्रांति सूर्य महात्मा ज्योतिबा फुले की मनाई गई १९७ वीं जयंती

वारासिवनी (पद्मेश न्यूज)। नगर के रामपायली रोड़ स्थित महात्मा ज्योतिबा फुले चौक पर मरार माली समाज वारासिवनी के तत्वावधान में क्रांति सूर्य महात्मा ज्योतिबा फुले की १९७ वीं जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम समाज के वरिष्ठ जनों की उपस्थिति में प्रारंभ किया गया। जिसमें सर्वप्रथम उपस्थित जनों के द्वारा क्रांतिसूर्य महात्मा ज्योतिबा राव फुले क्रांति ज्योति माता सावित्रीबाई फुले के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया गया। तत्पश्चात महात्मा ज्योतिबा राव फुले की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इस दौरान क्षेत्रीय विधायक विवेक पटेल नगर पालिका अध्यक्ष सरिता मनोज दांदरे भी कार्यक्रम में शामिल हुये जिन्होंने माल्यार्पण कर अपनी श्रद्धा सुमन अर्पित किया। कार्यक्रम में उपस्थित जनों के द्वारा महात्मा ज्योतिबा राव फुले के जीवन पर प्रकाश डालते हुए विस्तार पूर्वक बताया कि किस प्रकार महात्मा ज्योतिबा फुले ने पूरे देश में शिक्षा को लेकर क्रांति चलाई और महिला शिक्षा को बढ़ावा दिया। जिसका परिणाम आज हमें देखना मिलता है कि महिलाएं पुरुषों से कहीं पीछे नहीं है और भारत में महिला शिक्षा की एक अच्छी खासी स्थिति देखने में आती है इसका सबसे बड़ा योगदान ज्योतिबा राव फुले को जाता है। उन्होंने किस प्रकार अपनी पत्नी के साथ मिलकर अनेकों कार्य किये इस दौरान उन्हें कई मर्तबा अपमानित भी होना पड़ा परंतु उन्होंने दलित पिछड़े शोषण वर्ग की आवाज बुलंद कर उन्हें शिक्षा का अधिकार दिलाकर आगे बढ़ते रहे। इस अवसर पर मरार माली समाज पदाधिकारी सदस्य बड़ी संख्या में मौजूद रहे।



### हमे ज्योतिबा फुले के बताये मार्ग पर चलना है - अशोक मरार

समाज अध्यक्ष अशोक मरार ने बताया कि ११ अप्रैल महात्मा ज्योतिबा फुले की १९७ वीं जयंती कायक्रम का अवसर है इस दौरान प्रतिवर्ष अनुसार उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण करने और याद करने समाज संगठन के साथ पहुंचे हैं। हम राष्ट्रपिता ज्योतिबा फुले की जयंती पर समाज को यही संदेश देना चाहते हैं कि वह उनके बताये गये मार्ग पर चलकर उनके द्वारा जो काम किये गये है उसको आगे बढ़ाएं जैसे उन्होंने समानता की ज्योत जलाई है समाज के शोषित पीड़ित पिछड़े लोगों को बराबर लाने का प्रयास किया है। वैसे ही हम भी समाज के हर व्यक्ति को ऊंचा उठाने का प्रयास करें और उसे उसके अधिकार दिलाने के लिये कार्य करें।

### महान समाज सुधारक थे महात्मा ज्योतिबा फुले - सरिता दांदरे

नगर पालिका अध्यक्ष सरिता मनोज दांदरे ने बताया कि महात्मा ज्योतिबा राव फुले महान समाज सुधारक थे जिन्होंने शिक्षा को अपना शास्त्र बनाया और लक्ष्य रखा हर वर्ग को शिक्षित करना। उन्होंने सभी से शिक्षित होने के लिये कहा परंतु आज हम देखते हैं कि हमारा समाज आगे बढ़ रहा है परंतु फिर भी पिछड़ा हुआ है क्योंकि हमारी साक्षरता दर कम है। आज भी समाज में उच्च शिक्षा का अभाव है जिसके लिये हमें गंभीर चिंतन करना होगा क्योंकि किसी भी समाज की उन्नति उस समाज के लोगों के शिक्षा के स्तर से आँकी जाती है। यदि हमारा समाज शिक्षा पर जोर देता है तो वह दिन दूर नहीं जब प्रत्येक नौकरियों में हमारे बेटा बेटी बड़ी संख्या में शामिल होंगे। जिसके लिये माता.पिता को भी ध्यान देना होगा जिसके लिये हम क्रांतिसूर्य महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती मना कर समाज के लोगों को संदेश देना चाह रहे हैं कि वह शिक्षा पर जोर दे बच्चों को शिक्षित करें।

### महात्मा ज्योतिबा फुले के मार्ग पर चलने का ले संकल्प - विवेक पटेल

विधायक विवेक पटेल ने बताया कि हमारे समाज सुधारक ज्योतिबा फुले की जयंती पर उनकी प्रतिमा के समक्ष प्रतिवर्ष की तरह पुष्प अर्पित करने के लिये उपस्थित हुये हैं जहां पर उनके आदर्श और मार्ग को लेकर चर्चा हुई। जिसमें हमारे द्वारा उनके बतायें मार्ग पर चलने शिक्षा के मार्ग पर चलने के लिये संदेश दिया गया है। वह सामाजिक क्रांति के प्रणेता रहे सभी को साथ लेकर चले दलित शोषित पिछड़ों की आवाज उठाने में उन्होंने अहम भूमिका निभाई है उन्हें ही याद कर श्रद्धांजलि हमारे द्वारा दी गई है। समाज का कहना था कि माता की भी प्रतिमा लग जाती इसके लिये प्रयास किया जायेगा हम चाहते हैं कि हमारा समाज शिक्षित बने कुरीति नशे से दूर रहे और अपने दायित्वों को समझ कर ईमानदारी से उसका पालन करें।

# नहीं हुआ मनरेगा योजना में कार्य करने वाले मजदूरों को भुगतान

## मामला - ग्राम पंचायत कौलीवाड़ा का

वारासिवनी (पद्मेश न्यूज)। मजदूर के पशीने की गाड़ी कमाई अगर उसे समय पर न मिले तो उसे कितनी तकलीफ होती है यह वही जानता है। वर्तमान समय में देखा जा रहा है कि मनरेगा योजना में कार्य किये जाने वाले मजदूरों को करीब ४ से ५ माह का भुगतान वर्ष २०२३ का नही हुआ है। जिससे वे काफी परेशान नजर आ रहे है। उन पर आर्थिक भार पड़ने के साथ ही परिवार के लालन पालन किये जाने में भी काफी दिक्कत हो रही है। इसी तरह का एक मामला ग्राम पंचायत कौलीवाड़ा में देखने आया है। जहां मजदूरों की करीब ४ से ५ माह की मजदूरी मनरेगा योजना के तहत नही हुई है। हालाकि ग्राम पंचायत की तरफ से इस संबंध में जिला पंचायत सीईओ व कलेक्टर को राशी आवंटन किये जाने आवेदन तक किया गया है।



### मैने किया था ग्रेवल सड़क निर्माण में कार्य - ओमप्रकाश ठाकरे

इस संबंध में पद्मेश को जानकारी देते हुये ग्रामीण ओमप्रकाश ठाकरे ने बताया कि मेरे द्वारा कौलीवाड़ा में ग्रेवल सड़क पर मनरेगा योजना के अंर्तगत कार्य किया गया था। मगर अभी तक उन्हे मजदूरी अप्राप्त है। हमारा होली पर्व भी बगैर पैसे के मना वही वर्तमान में भी हमे हमारे खाते में कोई पैसा नही आया है। हम लोग लगातार ३ माह से अपने पैसे के लिये सरपंच व सचिव के चक्कर काट रहे है मगर हमारा भुगतान लंबित है। हम लोग गरीब लोग है ऐसे में महंगाई भरे दौर में हम अपने परिवार का लालन पोषण कैसे करेंगे।

### दो माह पूर्व खाते में आयी थी कुछ राशी - देवीप्रसाद आमाडारे

इसी तरह मजदूर देवीप्रसाद आमाडारे ने पद्मेश को बताया कि उन्हे १ रूपये मजदूरी लंबे समय से नही मिली है। उन्होने मनरेगा योजना के तहत जॉब कार्ड लगाकर सड़क निर्माण में मजदूरी की थी। मगर उन्हे दो माह पूर्व उनके खाते में कुछ राशी आयी थी। मगर जो बकाया मजदूरी है वो अभी तक नही आयी है। जिससे उनके सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। वे लगातार सरपंच को इस समस्या को बता रहे है जिनके द्वारा भी मजदूरी दिलाये जाने का प्रयास किया जा रहा है मगर यह कार्य संभव नही हो पा रहा है। हम यही चाहते है कि जो मजदूरी रूकी हुई है उसे हमे दिया जाये।

### ५ से ६ माह हो गये नही हुआ मनरेगा राशी का भुगतान - सुनिल राणा

इस संबंध में पद्मेश को जानकारी देते हुये सरपंच प्रतिनिधि सुनिल राणा ने बताया कि ५ से ६ माह हो गये मनरेगा योजना के तहत जो कार्य करवाये गये थे उसका भुगतान मजदूरों के खाते में नही आया है। मजदूर आते जरूर है मगर वे उस ढ़ंग से हमे परेशान नही कर रही है हमे परेशान सरकार कर रही है। मनरेगा योजना का पैसा मजदूरो के खाते में ३१ मार्च को ही डल जाना था क्योकि वित्तीय वर्ष २०२३ का आखरी दिन था। अब हमे यह भुगतान करवाने के लिये पुन: प्रयास करना पड़ेगा वही जिनसे हम लोग निर्माण सामग्री खरीदते है उनके भुगतान भी लंबित है। हमारे द्वारा पूर्व समय आये मध्यप्रदेश के पंचायत मंत्री प्रहलाद पटेल को भी इस बारे में सरपंच संघ के माध्यम से आवेदन दिया गया था। अब आचार सहिंता चल रही है ऐसे में भुगतान नही हो पायेगा। जब आचार सहिंता हटेगी तब ही भुगतान हो पायेगा। यह जानकारी जिला सीईओ व कलेक्टर को भी है। वारासिवनी जनपद ही नही जिले की अधिकांश जनपद में मनरेगा का भुगतान नही हुआ है।

# महात्मा ज्योतिबा फुले को किया याद

वारासिवनी (पद्मेश न्यूज)। नगर के महात्मा ज्योतिबा राव फुले चौक पर राष्ट्रपिता महात्मा ज्योतिबा फुले एवं भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर सार्वजनिक जयंती समारोह समिति के तत्वावधान में ११ अप्रैल को क्रांतिकारी व समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबाराव फुले की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। यह जयंती कार्यक्रम सार्वजनिक जयंती समारोह समिति पदाधिकारी सदस्य की उपस्थिति में प्रारंभ किया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम उपस्थितजनों ने महात्मा ज्योतिबाराव फुले की आदमकद प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया गया। इसके बाद महात्मा ज्योतिबाराव फुले के जीवन गाथाओं पर प्रकाश डालते हुये कहा कि महात्मा फुले जी सामाजिक क्रांति के मसीहा थे उन्होने सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए पूरे जीवन भर कार्य किया एवं देश में शिक्षा की अलख जगाई है ऐसे महापुरूषों के बताये मार्ग पर चलकर हम सभी को समाजोत्थान व देशहित में काम करना चाहिये। पदमेश से चर्चा में समिति अध्यक्ष उत्तम दास मेश्राम ने बताया कि राष्ट्रपिता महात्मा ज्योतिबा राव फुले की १९७ वीं जयंती के अवसर पर उनकी प्रतिमा के समक्ष श्रद्धा सुमन अर्पित करने के लिये सभी लोग एकत्रित हुये हैं उन्हें उनके किये गये कार्यों के लिये याद किया जाता है और किया जाता रहेगा। किस प्रकार उन्होंने महिला शिक्षा के साथ दलित शोषित पीडि़त और पिछड़े लोगों को ऊपर उठाने का प्रयास किया है उसी के साथ समाज उत्थान और नारी शक्ति के लिये कार्य किये हैं वह सदैव याद रहेंगे। इस अवसर पर बड़ी संख्या में सार्वजनिक जयंती समारोह समिति पदाधिकारी सदस्य मौजूद रहे।



### चांद सावली दरगाह शरीफमें हुआ सालाना उर्स का आयोजन

रामपायली/वारासिवनी (पद्मेश न्यूज)। प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी चांद सावली दरगाह शरीफमें सालाना उर्स का आयोजन किया गया। जिसमें दरगाह शरीफ से एक जुलूस भव्य विद्युत साज़ सज्जा के साथ निकला गया जो नगर का गस्त करता हुआ नीम वाले बाबा की दरगाह पहुंचा जहां चादर पोसी की गई। तत्पश्चात यह जुलूस जामा मस्जिद पहुंचकर सभी दरगाहों पर चादरपोशी की गई उपरांत यह जुलूस वापस चांद सावली बाबा की दरगाह पर चादरपोशी कर लंगर का आयोजन किया गया था जिसमें हजारों लोगों ने पहुंच कर फैज हासिल किया यह सालाना उर्स विकास रोशन बाबा के नेतृत्व में प्रतिवर्ष निकला जाता है जो संपूर्ण नगर में ग्रस्त करता है तत्पश्चात देर रात्रि कव्वाली का आयोजन किया जाता है।

खैरलांजी में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

भोरगढ़ में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

कटंगी में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

# भानुमती का पिटारा


पिछले महीने या उसके आसपास, जब से सुप्रीम कोर्ट ने भारतीय स्टेट बैंक को राजनीतिक दलों को चुनावी बॉन्ड के जरिए हासिल हुए चंदे की जानकारी को सार्वजनिक करने के लिए मजबूर किया है, तब से इस संबंध में उजागर होते विभिन्न विवरणों ने 2018 में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की अगुवाई वाली सरकार द्वारा इस योजना को पेश किए जाने से पहले से विनियामक एवं नीति-निर्माण संस्थानों में इसके विरोधियों द्वारा जाहिर की जा रही सबसे बुरी आशंकाओं की पुष्टि ही की है। एक संयुक्त जांच, जिसमें द हिंदू ने भी शिरकत की, में यह पाया गया कि 2016-17 से 2022-23 के दौरान एक लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का घाटा सहने वाली कम से कम 33 कंपनियों ने लगभग 582 करोड़ रुपये का चंदा दिया, जिसका 75 फीसदी हिस्सा सत्तारूढ़ भाजपा को गया। घाटे में चल रही कंपनियां पर्याप्त धनराशि चंदे में दे रही थीं; लाभ कमाने वाली कंपनियां अपने कुल लाभ से ज्यादा का चंदा दे रही थीं; कुछ दाता कंपनियां शुद्ध लाभ या प्रत्यक्ष करों से जुड़ी जानकारियां नहीं दे रही थीं; कुछ नई निगमित कंपनियां (गठन के बाद) निर्धारित तीन साल की अवधि पूरा होने के पहले से ही चंदा दे रही थीं ङ्क नियमों को तोड़ने और फंडिंग के संदिग्ध स्रोतों की फेहरिस्त काफी लंबी है। इन चंदों की प्रकृति कई सवाल खड़े करती है।

क्या घाटे में चल रही ये कंपनियां धन शोधन का काम कर रही थीं? क्या लाभ/हानि की सूचना नहीं देने वाली फर्में मुखौटा कंपनियां (शेल कंपनियां) थीं? क्या भरपूर लाभ कमाने, लेकिन काफी लंबी अवधि से कुल प्रत्यक्ष करों का भुगतान नहीं करने वाली दाता कंपनियां कर चोरी में लगी हुई थीं? ये सभी सवाल पहले उठाए गए अन्य सवालों के पूरक हैं। क्या प्रवर्तन निदेशालय और आयकर विभाग जैसी एजेंसियों के जांच के घेरे में आनेवाली कई कंपनियों के सत्तारूढ़ पार्टी को चंदा देने वाले महत्वपूर्ण दानकर्ता होने का तथ्य इस बात का एक संकेत है कि इन एजेंसियों का इस्तेमाल प्रतिदान सुनिश्चित करने वाले एक साधन के रूप में किया जा रहा था?

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) और भारत निर्वाचन आयोग के अधिकारी इन आशंकाओं पर जोर दे रहे थे कि इस बॉन्ड योजना का इस्तेमाल धन शोधन (मनी लॉन्ड्रिंग) और कर चोरी में किया जा सकता है। फिर भी, केंद्रीय वित्त मंत्रालय इस योजना को आगे बढ़ाता रहा। इस योजना के लागू होने के साढ़े पांच सालों के दौरान विभिन्न राजनीतिक दलों ने चुनावी बॉन्ड के जरिए हजारों करोड़ रुपये भुनाए, जिसका बड़ा हिस्सा भाजपा को मिला। जहां गंभीर समस्याओं वाली इस अपारदर्शी योजना को खत्म करने के लिए अदालत की सराहना की जानी चाहिए, वहीं इस अवधि के दौरान हुए प्रत्येक चुनाव से पहले संदिग्ध स्रोतों से बड़ी मात्रा में चंदा दिए जाने का तथ्य चुनाव अभियान के वित्तपोषण की प्रकृति पर एक कलंक है। अब जबकि देश की राजनीतिक व्यवस्था आम चुनाव के प्रचार में लीन है, ऐसे में चुनावी बॉन्ड योजना के प्रभावों का आकलन करना मतदाताओं पर निर्भर है। लेकिन इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि एकबारगी चुनाव खत्म हो जाने और नई सरकार के सत्ता में आ जाने के बाद, संसद और नियामक संस्थानों को चंदे की प्रकृति और दानदाताओं व प्राप्तकर्ताओं द्वारा कानून तोड़े जाने की गहन जांच करनी चाहिए। न्यायपालिका को इन संस्थानों को प्रोत्साहित करना चाहिए। एक स्वस्थ लोकतंत्र के लिए चुनाव अभियान और चुनावी वित्तपोषण की सफाई जरूरी है।

# सब्र के इम्तहान का ईनाम है ईद!

रमजान सब्र, प्रेम और भाईचारे के साथ साथ अल्लाह की खिदमत का एक खास महिना है। तभी तो इस्लाम धर्म को मानने वाला हर मुस्लमान रमजान का बेसब्री से इन्तजार करता है। रमजान शुरू होते है तो हर रोजेदार की दिनचर्या बदल जाती है। बडे सवेरे उठना और अल्लाह को याद करने के साथ ही पांचो वक्त की नमाज रोजेदार को अल्लाह की इबादत का मौका दिलाती है। रमजान की शुरूआत भी चांद से ही होती है और रमजान पूरे होने पर ईद का जब चांद निकलता है तो सबके चेहरे पर खुशी छा जाती है। दरअसल रमजान के सकुशल बीतने की खुशी में ही अल्लाह को शुक्रिया अदा करने के लिए ही ईद उल फितर का त्यौहार मनाया जाता है। वही अल्लाह के नेक बन्दो की खिदमत का भी मुबारक मौका है ईद।ईद पर कोई भूखा न रहे ,पडौसी के घर में भी ईद की खुशिया मने और आपसी मोहब्बत व भाईचारे की नई शुरूआत हो यही कौशिश हर किसी की रहती है।तभी तो ईद की सवेरे से ही ईद की खुशिया सब पर हावी हो जाती है। बडे सवेरे से घर में सेवईया बननी शुरू हो जाती है। एक माह तक रोजा रख चुके लोग नये नये कपडे पहनकर ईद की नमाज अदा करने के लिए ईदगाह जाते है। ईदगाह में नमाज के बाद एक दूसरे के गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी जाती है। बच्चे नये नये खिलौने खरीदते है। सेवईया और तरह तरह के पकवान खाये जाते है।ईद पर भी गरीबो को दान देने ,उनकी सहायता करने की खास परम्परा है।ताकि हर किसी के चेहरे पर ईद की खुशिया बरकरार रहे।इस्लामी कलैण्डर के दसवें महिने की पहली तारीख को चांद दिखने व तीस रोजे निर्विधन खुदा की इबादत के साथ पूरे होने की खुशी में ईद उल फितर मनाया जाता है। ईद उल फितर की शुरूआत जगं एबदर के बाद सन 624 ईसवी के पैगम्बर मौहम्मद साहब द्वारा ईद उल फितर मनाने से मनाने से हुई थी। रमजान साल का एक अनूठा महिना होता है। इस महिने में हर मुस्लमान जंहा ज्यादा से ज्यादा समय अल्लाह की रहमत में गुजारना चाहता है। वही वह स्वयं को सुधारने व खुदा के बन्दो के चेहरो पर रौनक लाने के लिए उनके हर गम में शरीक होता है। जो खुदा के बन्दे पैसो से मोहताज है, भूखे है ,लाचार है उनकी हर हाल में मदद कर उन्हे बराबरी पर लाने की कौशिश की जाती है। इस्लाम में हर शख्स को रोजाना ही शरीर और



दिमाग से पाक साफ रहने की हिदायत है। लेकिन रमजान के महिने में हर दिन विशेष तौर पर पाक साफ रहने की बात कही गई है ताकि रोजेदार हर तरह के गुनाहो से दूर रहे। आपसी भाईचारे से रहना सीखे। खुदा की इबादत करे। नेकी करे लेकिन ईद उल फितर की खुशी के मौके पर कैसे हो दिन की शुरूआत यह भी इस्लाम में बताया गया है । इस्लाम धर्म के विद्वान कुवँर जावेद इकबाल बताते है कि ईद उल फितर के दिन की शुरूआत फजर की नमाज के साथ होती है। रमजान में तीस दिनो तक रोजा रख चुके रोजेदारो एवं उनको भी जो बीमारी या फिर किसी अन्य वजह से रोजा नही रख पाए ,को मिस्वाक दातून करने के बाद गुसल नहाना करना चाहिए। फिर साफ कपडे पहनकर कपडो पर इतर की खुशबू के साथ कुछ खाकर ईदगाह जाना चाहिए। ध्यान रहे ईद की नमाज से पहले फितरा और जकात की जरूरी रस्म नही भूलनी चाहिए। यही वह रस्म है जो गरीब और मोहताज पडौसी के चेहरे पर सहायता की रौनक लाती है। इस्लाम मानता है कि मनुष्य में वासनाएं,इच्छाएं,और भावनाएं प्राकृतिक रूप से समाहित है इसी कारण उसके स्वभाव में तेजी,उत्तेजना और जोश होता है। जिसे जड से तो समाप्त नही किया जा सकता लेकिन नियन्त्रित जरूर किया जा सकता है। इस नियन्त्रण के लिए ही रमजान में रोजो की व्यवस्था की गई है। ताकि मनुष्य अल्लाह को याद करने के साथ साथ अपने अन्दर की बुराईयों को दूर करते हुए आत्म नियन्त्रण करना सीखे और एक अच्छे भले इंसान के रूप में अपने जीवन का यापन करे। वैसे तो इस्लाम में हर रोज पांच वक्त की नमाज पढने की हिदायत दी गई है। लेकिन रमजान के दिनो में चूंकि हर रोजेदार अल्लाह के करीब होता है इसलिए पांचो वक्त की नमाज पढना वह अपना समझता है। रोजा रखने से जहां पेट बिलकुल ठीक रहता है और शरीर का शुद्धिकरण हो जाता है। वही पांचो वक्त की नमाज पढने से उसकी योगिक क्रियाएं भी हो जाती है। नमाज की शरीरिक स्थिति इस तरह की होती है कि सभी तरह के आसन और प्राणायाम अल्लाह की इबादत में पूरे हो जाते है। ईदगाह में ईद की नमाज अदा करते समय तकबीर पढे,अल्लाह हु अकबर अल्लाह हु अकबर लाईलाह इल्लाह अल्लाह हु अकबर बडा है अल्लाह के सिवा कोई इबादत के लायक नही । सारी तारीफे अल्लाह के लिए है। ईदगाह की नमाज अदा करने के बाद एक दूसरे को ईद की बधाई देने व लेने में जो खुशी मिलती है उसको जरूर प्राप्त करना चाहिए। ईद की बधाई में सिर्फ मुस्लमान ही नही हिन्दू,सिख और ईसाइ भी शरीक होते है। यह वह त्योहार है जो हमे इंसानियत की सीख देता है। जो दूसरो की भलाई का जज्बा देता है और मुल्क की तरक्की व हिफाजत का जुनून देता है। ईद की खुशी रोजेदारो को तभी से मिलनी शुरू हो जाती है। जब रमजान में रोजेदार मुस्लमानो के साथ साथ दूसरे धर्मो से जुडे लोग भी रोजा इफतार की रस्म में शरीक होकर आपसी भाईचारे व एकता का पैगाम देते है। रोजा इफतार कार्यक्रमो का सिलसिला रमजान में लगातार चलता है। राजनीतिक पार्टियों से लेकर स्वयंसेवी संस्थाएं भी रोजा इफतार के कार्यक्रम करके रोजेदारो की रोजा इफतारी कराकर शबाब कमाती है।लेकिन साथ ही रोजा इफतारी के राजनीतिक स्वरूप ले लेने से इसके मकसद के साथ खिलवाड भी होने लगा है।आज प्रधानमन्त्री से लेकर छोटे से छोटे राजनेता भी रोजा इफतारी का कार्यक्रम कराने लगे है। कुछ लोग इसका नाजायज रूप में राजनीतिक इस्तेमाल भी कर रहे है। जिससे इसकी पवित्रता प्रभावित होती है। इसलिए हमे केवल ओर केवल धार्मिक भावना के तहत ही रोजा इफतारी कराकर रोजेदारो की खिदमत करनी चाहिए और ईद पर भी उन्हे तहेदिल से गले लगाना चाहिए। तभी ईद का मजा दोगुना हो सकता हैऔर ईद से नई उम्मीदो,नईरोशनी व नये रिश्तो की शुरूआत हो सकती है।जिसके पीछे मात्र दिखावा कदापि न हो, यानि हर इंसान दिल से जश्न मनाये ईद का,यही अल्लाह का पैगाम भी है।

**(लेखक आध्यात्मिक चिंतक व वरिष्ठ पत्रकार है)**

**(डा0श्रीगोपालनारसन)**

# अहंकार से बचें

जब आप पूरी गंभीरता से आत्मन्वेषण प्रारंभ करते हैं तो होता यह है कि अहं विचार लुप्त हो जाता है और भीतर की गहराइयों में से कोई दूसरा तत्व आप पर अधिकार कर लेता है जो आपका मैं नहीं होता जिसने अन्वेषण शुरू किया था।प्राथमिक शर्त यही है कि मनुष्य मिटे, शून्य हो जाए , नकार हो जाए। मनुष्य हटे, द्वारा दे तो परमात्मा का आगमन हो।मनुष्य की चाह असंभव की है- मनुष्य चाहता है परमात्मा को पा लूं और मैं भी रहूं।अहंकार को परमात्मा की प्राप्ति नहीं होती।हम परमात्मा को पाना चाहते हैं परंतु अहंकार छोड़ने के लिए तैयार नहीं।यह मैं बडा लालायित रहता है हर सुख पाने के लिए। परमात्मा भी उसके लिए एक सुख की तरह है,वह उसे परम सुख कहदे पर है सुख ही।जब तक अहंकार है परम सुख कहां और जब परम सुख होता है तब अहंकार नहीं होता।जब भोक्ता ही नहीं तो परम सुख का क्या अर्थ है?मगर यही है।सत्य सतचित आनंदस्वरुप है।अहंकार खोजने पर पाया नहीं जाता।इसका अर्थ है अहंकार जैसी कोई चीज नहीं है,सिर्फ भ्रम है,मूर्छा है, अज्ञान है।जब हम पूछते हैं -मैं कौन हूं तब यहां मैं अहंकार का सूचक है।अहंकार पूछता है-मैं कौन हूं, कहां हूं, क्या हूं?पता लगाने पर यही पता लगता है कि अहंकार नहीं है, अस्तित्व है,आत्मा है(सेल्फ)।मैं अहंकार हूं मतलब मैं हूं ही नहीं।श्रीरमण महर्षि बार-बार कौन है पूछने के लिए कहते हैं।विचार दिन भर चलते ही हैं बस हर विचार के साथ कौन जोड दिया जाय।जैसे सुख का अनुभव हो रहा है तो पूछे कौन सुख का अनुभव कर रहा है?दुख का अनुभव हो रहा है तो कौन दुख का अनुभव कर रहा है?इस तरह कौन सम्मान या अपमान का अनुभव कर रहा है?मैं।तो यह मैं अहंकार है जो वस्तुत्है नहीं,जो केवल मान्यता है, अज्ञान है,भ्रम है।कौन सुखी है?मैं जो हूं ही नहीं।कौन दुखी है?मैं जो हूं ही नहीं।जो है ही नहीं वह सुखी दुखी कैसे हो सकता है?कोई प्रश्न नहीं।जो है नहीं वह सुखी दुखी कैसे हो सकता है?सुखी दुखी तो तब हो जब वह हो।अहंकार नहीं है तो फिर कौन है?वही है जो है।उसे समझने के लिए आत्मा, परमात्मा कह दिया जाता है।कहने से वह शब्द जैसा लगता है।है वस्तुत- निशब्द, अस्तित्व रुप, सतचित आनंद अनुभव रुप।मैं एक शब्द है,अनुभव निशब्द है।हम अनुभव पर ध्यान देने के बजाय मन में मैं मैं करके सोचते रहते हैं और सुखी दुखी होते रहते हैं।मन, मैं विचार,अहंकार एक ही बात है। वास्तव में यह अस्तित्व हीन है।जो है वह अस्तित्व हीन नहीं है।वह तो है।है जब इतनी बात हो रही है वर्ना इतनी बात न हो।वह पूर्ण है,आनंद है।समस्या अहंकार के कारण है जो वस्तुत्है ही नहीं।केवल एक विचार है या ख्याल मात्र है।कोई कोई उसे मानसिक छबि(एक इमेज)भी कहते हैं।यह देखने जैसी बात है जो है ही नहीं वस्तुत्वह कैसे बड़े भारी कष्ट का कारण बना हुआ है?मुझे चोट लगी।वह कौन है जिसे चोट लगी?मुझे चोट लगी जो हूं ही नहीं।जो है ही नहीं उसे चोट कैसे लग सकती है?केवल मान लिया मैं हूं -और इसलिए चोट लग रही है।मैं कौन हूं यह जानने के लिए है कि मैं तो हूं ही नहीं, वही है सदा जो है।यह आत्मानुसंधान द्वारा जाना जाता है।अहंकार रुपी मेरा कोई अस्तित्व नहीं फिर कैसा दुख,कैसी पीडा,कैसी चिंता,कैसा भय?गीता ने अहंकारविमूढात्मा शब्द का प्रयोग किया है। आत्मा अहंकार भ्रम से भ्रमित होकर सोचता है मैं सुखी हूं, मैं दुखी हूं आदि,यदि हम अहंकार की मान्यता बनाकर जीएंगे तो यह सब होगा ही। और यह बडा कष्टप्रद है।इस कष्ट से अभी इस क्षण मुक्ति मिल सकती है अगर मैं जान लूं कि अहंकार रूपी मैं हूं नहीं।मैं ही नहीं फिर कैसा सुख दुख?इस कारण से कौन सुखी है,कौन दुखी है यह प्रश्न पूछते रहना सार्थक है।जैसे ही परेशानी हुई,तुरंत पूछे-

कौन परेशान है?अहंकार रुपी मैं परेशान हूं।कौन है, क्या है यह अहंकार रुपी परेशान?पता लगाने पर यही पता चलेगा कि यह अस्तित्व हीन है,इसकी कोई सत्ता नहीं।फिर धोखा कैसे होता है,अहंकार रुपी भ्रम क्यों कैसे होता है?इसका कारण बताया गया माया।मैं अरु मोर तोर तें माया। जेहिं बस कीन्हें जीव निकाया।।सभी जीव मूलत: आत्मस्वरुप हैं।मेरा मेरा करे आपको धोखा क्योंकि संसार में प्रवहु राम के अलावा सभी का नस्ट होना तय है आज चुनाव में मैं ऐ सब किता मेरे पास खजाना है जितने पर ऐ सब मिलेगा ऐ दिशाहिन राजनीती है ऐ कहना चाहिए देश को क्या दे सकते हैं आपकी सुरक्षा की गारंटी,आम आदमी पार्टी के लोग यदि जेल में बन्द हैं तो अपने कर्मों के कारण हाई कोर्ट ने फैसला दिया है कि आपको जेल में सही डाला गया है और इसका राजनीती से क़ोई लेना देना नहीं है ऐ ईडी का मामला है जो गंभीर है और इसका चुनाव से क़ोई लेना देना नहीं ऐ अहंकार के कारण ही हुआ,परमात्मा ही सब है सभी जीवों के रूप में।एकोहं बहुस्याम्। वही एक से अनेक हो गया है। मैं मेरा तू तेरा वह उसका की माया से झूठा भेद खडा कर दिया है। वही परेशान कर रहा है।मगर परेशानी शुभ हो सकती है अगर पूछा जायकौन परेशान है?ज्ञात होगा अहंकार परेशान है जो वस्तुत- अस्तित्व हीन है।बडी अद्भुत बात है जो है नहीं वह परेशान कैसे हो सकता है?नहीं हो सकता।और यही समझ समझ है,यही नहीं मैं परमात्मा को पाना चाहता हूं तो पूछूं -कौन परमात्मा को पाना चाहता है?

जो है ही नहीं। इसका अर्थ है-सिर्फ परमात्मा ही है, परमात्मा की ही सत्ता है।

जो है वह सतचित आनंदस्वरुप है।यह ज्ञान है यह सचमुच कल्याणकारी है।सुख में तो पूछे ही दुख में, असहनीय तकलीफ में भी पूछे, कौन इतनी भारी तकलीफ महसूस कर रहा है?आश्चर्य होगा जानकर कि वह इतनी बड़ी तकलीफ़ महसूस कर रहा है जो है ही नहीं। पूछते ही वास्तविकता की तरफ ध्यान जाता है। वास्तविकता मुक्त कर देती है।रावण दुनिया जीत कर भी अहंकार के कारण सब कुछ हार गया यहाँ तक की प्राण भी गया और श्री राम के पास केवल धनुष बाण था जब पिता की आज्ञा से बनवास गए तो उनका खराऊ भी उनके भाई भरत लें गए यानि पैर भी खाली लेकिन अहंकार बिलकुल ही नहीं था बिलकुल शांति से कर्म किया और इस वजह से भगवान श्री राम बने, कहा जाता है कि औरंगजेब की सेना ने जब चमकोर के युद्ध में मात्र 40सैनिक ने औरंगजेब की लाखों की सेना ने घेर लिया तो गुरूजी बिलकुल नहीं घबराये और मुट्ठी भर सेना से 5-5की टुकड़ी बनाई और जब उनका साहिबजादे ने युद्ध में जाने के लिए तैयार हुए तो उनके भक्तों ने कहा ऐ आपका पुत्र है इसे ना भेजें लेकिन गुरूजी ने साफ कह दिया कि आप सभी हमारे ही हों और बाद में उनके दोनों पुत्र शहीद हों गए बाद में बंदा सिंह जी को औरंगजेब के पास चिट्ठी भिजवाई की तेरा अहंकार नस्ट होंगा और हों भी गया अत: कभी अहंकार नहीं करना चाहिए।

**( लेखक - संजय गोस्वामी )**

# मुद्दों से दूर भागता आम चुनाव...

मेरी याददाश्त में देश में ये पहला और शायद आखरी आम चुनाव है जो कि जनता के मुद्दों से दूर भागता नजर आ रहा है। देश के मतदाताओं से सीधे जुड़े मुद्दों पर बातचीत करने के बजाय ऐसे मुद्दों पर विमर्श को केंद्रित करने की कोशिश की जा रही है जो न केवल अप्रासंगिक हैं बल्कि उनका आज की तारीख में देश और देश की जनता से कोई लेना-देना नहीं है। लोकतंत्र में जनता को भटकाना यानि लोकतंत्र को भटकाना एक गंभीर अपराध है ,लेकिन लोग हैं कि ये अपराध सीना ठोंक कर कर रहे हैं।

इस समय देश में अठारहवीं लोकसभा के लिए चुनाव की प्रक्रिया जारी है। इनमें से कम से कम 14 आम चुनावों का मैं चश्मदीद हूँ और कम से कम एक दर्जन आम चुनावों का कव्हरेज एक पत्रकार के नाते मैंने किया है। लेकिन ये पहला मौक़ा है जब आम चुनावों को मुद्दों से भटकाने की एक सुनियोजित कोशिश की जा रही है। दुर्भाग्य ये है कि ये कोशिश वे राजनीतिक दल कर रहे हैं जो न सिर्फ जिम्मेदार माने जाते हैं बल्कि पिछले एक दशक से भारत के भाग्यविधाता भी बने हुए हैं। विपक्ष जैसे-तैसे आम चुनावों को मौजूदा मुद्दों पर लेकर आता है सत्ता पक्ष झटके में अतीत की एक कब्र खोदकर उसमें से अपने मतलब का एक कंकाल निकाल लाता है ,वो भी आधा-अधूरा और जनता को मुद्दों से भटका देता है।

तीसरी बार सत्ता में आने के लिए कटिबद्ध भाजपा के तरकस से लगभग सभी तीर निकल चुके है। राम मंदिर बन गया,जम्मू-कश्मीर को खंड-खंड कर वहां से अनुच्छेद 370 का विलोप हो गया, तीन तलाक पर क़ानून बन गय। नारी शक्ति की वंदना हो गयी। समान नागरिकता क़ानून का शिगूफा भी छोड़ा जा चुका है और अब जब कुछ नहीं बचा तो भाजपा के विद्वान रणनीतिकार अतीत की कब्र खोदकर श्रीलंका और भारत के बीच 1974 में हुए एक सीमा समझौते को खोज लाये। जिसे पिछले एक दशक से न भाजपा नेता जानते थे और न देश की जनता। अब भाजपा कच्चादीव विवाद खड़ा कर दक्षिण के तमिल मतदाताओं की भावनाओं को कुरेद कर अपना उल्लू सीधा करना चाहती है।

भाजपा के नेतृत्व को भलीभांति पता है कि वो अपनी पार्टी की सरकार की कथित उपलब्धियों के बूते से मौजूदा आम चुनाव नहीं जीत सकती। भाजपा ने इस बार गलती से तीसरी बार सत्ता में आने के लिए न सिर्फ चुनाव जीतने का बल्कि अपने लिए अखंड शक्ति हासिल करने के मकसद से 400 पार का नारा और दे दिया है। हकीकत ये है कि भाजपा की नाव मझदार में है । उसके लिए पिछले आम चुनाव में मिली कामयाबी के कीर्तिमान को ही बनाये रखना कठिन हो रहा है। चार सौ पार की बात तो दूर की कौड़ी है।

आप गौर कीजिये कि जब से कांग्रेस का चुनाव घोषणा पात्र न्याय पत्र के नाम से सामने आया है तभी से भाजपा के होश उड़ते दिखाई दे रहे है। भाजपा के पहले दर्जे के नेताओं ने कनग्रेस के चुनाव घोषणा पत्र की तुलना मुस्लिम लीग से कर दी है। दुनिया जानती है कि इस देश में अब मुस्लिम लीग का कोई वजूद नहीं है। भाजपा के शीर्ष नेताओं ने ये टिप्पणी खीजकर की है। इससे बहुसंख्यक खुश नहीं हुए और अल्पसंख्यक दुखी जरूर हो गए। भाजपा यही करना चाहती है। अल्पसंख्यकों को दुखी करना ही भाजपा का असल उद्देश्य है ,क्योंकि भाजपा को पता है कि भाजपा लाख कारीगरी कर ले देश का अल्पसंख्यक उसके ऊपर भरोसा नहीं कर सकता।

दरअसल अठारहवीं लोकसभा के लिए होने वाले चुनावों में मुद्दा भ्र्ष्टाचार होना था । भ्र्ष्टाचार को संरक्षण देने वाले दल होना चाहिए था । इलेक्टोरल बांड से जुटाया जाने वाला धन होना चाहिए था। सरकार अपनी उपलब्धियों पर और विपक्ष सरकार की असफलताओं पर चुनाव लड़ता तो वास्तविक चुनाव होता। दुर्भाग्य ये है कि ये सब सत्तापक्ष होने नहीं देना चाहता। सत्तापक्ष मौजूदा विपक्ष को तो छोड़िये पचास साल पहले की सरकारों के फैसलों पर सवाल खड़े कर जनता को भ्रमित करना चाहता है। ऐसा किसी देश में नहीं होता। भारत में भी ऐसा कभी नहीं हुआ । न आपातकाल के बाद बनी पहली गठबंधन की सरकार ने ऐसा किया और न भाजपा के नेतृत्व में अटल बिहारी बाजपेयी की सरकार ने ये अपराध किया। अटल जी ने अतीत की कब्रें नहीं खोदीं । वे अपनी सरकार की उपलब्धियों पार चुनाव लड़े। साइनिंग इंडिया उनका नारा था।

आज की भाजपा सरकार अटल जी की सरकार का हश्र देख चुकी है ,इसलिए अपनी उपलब्धियों के बूते चुनाव न लड़कर अप्रासंगिक ,निराधार ,और निरर्थक मुद्दों को सामने रखकर चुनाव लड़ रही है। पिछले एक दशक में अपने लगभग सभी पड़ौसियों से रिश्ते बिगाड़ चुकी भाजपा सरकार के सामने अब गड़े मुर्दे उखाड़ने के अलावा जनता का समाना करने का कोई दूसरा विकल्प बचा ही नहीं है। भाजपा ने पिछले 10 साल में केवल और केवल चुनाव लड़ा है । देश को मजबूत करने के बजाय पार्टी को मजबूत किया है। भ्र्ष्टाचार के खिलाफ लड़ाई का भाजपा का नारा महज एक धोखा साबित हुआ है ,क्योंकि भाजपा ने हाल के वर्षों में कांग्रेस के जमाने के सबसे भ्र्ष्टतम नेताओं को अपने साथ मिलाकर उन्हें मंत्रिपद और राज्य सभा भेजा है उसे पूरे देश ने देखा है।

देश की कमान कौन सम्हाले और कौन नहीं ,इससे हम जैसे लोगों पर कोई ख़ास फर्क नहीं पड़ने वाला लेकिन आम जनता और देश के भविष्य पर इसका दूरगामी प्रभाव अवश्य पडेगा। मुमकिन है कि देश सचमुच विश्व गुरु बन जाये और मुमकिन है कि सचमुच भारत की और दुर्दशा हो जाय। भारत की जनता को 1975 के आपातकाल से भी बुरे दिन देखना पड़ जाएँ , वो भी बिना आपताकाल की औपचारिक घोषणा किये बिना।

भारत की जनता ने 2014 में बुरे दिनों से बाहर निकलने और अच्छे दिन लाने के लिए भाजपा को वोट दिया था ,लेकिन भाजपा ने जो वादा किया था ,उसे निभाया नहीं ,उलटे जनता को फुसलाकर 2019 में भी उसका बहुमूल्य वोट हासिल कर लिया। लेकिन अब जनता दूध से क्या पानी तक से जली बैठी है। अब जनता सब कुछ फूंक-फूंककर देखेगी। देश का भविष्य देश की जनता के हाथों में है । देश की जनता को ही 1977 की तरह सिंहासन खाली करो कि जनता आती है का नारा देकर आगे बढ़ना होगा अन्यथा जनता सिंघासन तक नहीं पहुंचेगी कांग्रेस मिश्रित भाजपा जरूर पहुँच जाएगी।मतदान अवश्य कीजिये और अपना तथा अपने देश का ख्याल रखिये।

**- राकेश अचल**

## व्यंग्य

# बेईमान भर्ती केंद्र

बेईमानो हेतु सुनहरा अवसर। हमारी कंपनी को भारी संख्या मेँ बेईमानों की आवश्यकता है। किसी शैक्षणिक योग्यता की जरूरत नहीं। जो जितना बड़ा बेईमान उसे योग्यता अनुसार उतना ज्यादा वेतन। उन्हें प्राथमिकता जो अपने माँ बाप के भी सगे न हुए हों। जिन्होंने माँ बाप को वृद्ध आश्रम भिजवा दिया, भाइयों से जिनके मुक़दमे चल रहे हों। पड़ोसियों से झगडे चल रहे हों। जिन्होंने ईश्वर के नाम से हजारों कसमें खाकर , हजारों को चूना लगा दिया। कोई भी मित्र जिसे दगा न दिया हो। जिसकेमिलने वाले, चाहने वाले उसे ढूंढ़ रहे हों। बच्चों की कसमें खाकर, उधार लिया, और वापिसी का नाम न ले रहा हो। जिसने चेक दिए और बैंक से चेक बाउंस हो गये हों, पुलिस से बचने भूमिगत होने की कला मेँ प्रवीण हो।

बेईमान भर्ती मेँ किसी भी प्रकार की सिफारिश नहीं चलेगी। आप अपने कर्मों का लेखा, साफ, स्पष्ट शब्दों में भेजें। ऐसे लोग जिन्होंने असहाय महिलाओं के साथ बेईमानी की है, उन्हें सम्बंधित महिलाओ से एन ओ सी लाने के बाद ही नियुक्ति दी जावेगी। जिन्होंने झूठ, दगा बाजी है, उनका भावनात्मक,, मक्कारी कर के महिलाओं को ठगा है, भावनात्मक, शरीरिक शोषण किया है, योग्यता के आधार पर चयन पर विचार किया जाएगा। अधिक संख्या मेँ आवेदन आने पर उत्कृष्ट बेईमान का चयन लाटरी ड्रा द्वारा किया जाएगा। विशेष योग्यता प्राप्त बेईमान को बेईमान विभूषण अलंकरण से सम्मानित किये जाने हेतु, शासन को अनुशंसा की जा जावेगी।

विशेष टीप -- बेईमान भर्ती मेँ किसी भी राजनैतिक दल के सदस्य की भर्ती नहीं की जावेगी। एक बेईमान, दूसरे बेईमान के लिए सिफारिश नहीं करेगा। बेईमान भर्ती कमेटी मेँ सब पर्ले दर्ज़े के सदस्य होंगे, जिनकी बेईमानी पर कोई आपत्ति दर्ज़ नहीं की जावेगी। विवाद की स्थिति मेँ बेईमान भर्ती केंद्र मेँ परम बेईमानों के द्वारा निपटारा किया जायेगा।

न इज़्ज़त की चिंता न फिकर किसी अपमान की,
जय बोलो बेईमान की।



**(लेखक - अभिमन्यु जैन)**

## इन्दौर बाजार भाव –

इन्दौर। मॉंग की सुस्तता से गुरूवार को अनाज मंडी में तुअर बाजार सुस्ती पर रहे। चना भी कमजोर रहा। खाद्य तेलों में सोया व कपास्या तेलों में बाजार नरमी के रहे। तिलहनों में सरसो व रायडा बना रहा। किराना जिंसों में शक्कर में मजबूती आयी। वहीं, साबूदाना में लेवाली देखी गयी।

व्यापारिक सूत्रों के अनुसार गुरूवार को अनाज मंडी में व्यापार की मात्रा कम ही रही। तुअर में बाजार 100-200 रू. प्रति क्ंिटल घटाकर बोले गये। चना 5900-6100 रू. प्रति क्ंिटल पर कमजोर ही रहा। खाद्य तेलों में सुस्ती कायम रही। तिलहनों में सरसो व रायडा बना रहा। उधर, किराना जिंसों में शक्कर में मजबूती आयी। साबूदाना भी सुर्खी पर रहा। भाव इस प्रकार रहे :-

**किराना** - शक्कर 3780-3870, खोपरा गोला 120-140, खोपरा बूरा 2450-4450 (15 कि.ग्रा.), जीरा राजस्थान 460-480, ऊंझा हल्का 475-500, बेस्ट 580-600, हल्दी निजामाबाद 220-225, सांगली 290-300, साबूदाना हल्का 7300-7500, मीडियम 7500-7700, बेस्ट 7900-8000, सच्चा मोती 7350, सौंफ मोटी 95-125, मीडियम 175-225, बेस्ट 225-250, सौंफ बारं?क 350-400, बेस्ट 450, राई दाल 90-95, सरसो दाल 85-95, कालीमिर्च एटम 675-690, गरबल 635-655, मटर दाना 700-715, खसखस अनक्लीन 600-1000, क्लीन 1200-1250, दालचीनी 240-245, बेस्ट 250-260, जायफल 580-700, वाद्यान फूल 675-750, शाहजीरा 300-325, तेजपान 85-90, पत्थर फूल 325-375, बेस्ट 450-525, जावत्री 1900-1950, केसर 145-190, सौंठ 190-225, धोली मूसली 975-1100, लौंग 850-900, बेस्ट 950-1000, हींग (वनदेवी 751) 2600, पाउच 2650, 121 नं. दाना 2400, पाउच 2250, 111 नं. डिब्बी 2200, पाउच 2250, सिंघाडा 160-185, सिंदूर 6600, देशी कपूर 810-850, पूजा बादाम 115-200, पूजा सुपारी 450-475, अरीठा 130-145, हरि इलायची शंकर 1850-1900, मीडियम 2050-2100, बोल्ड 2250-2300, एक्ट्रा बोल्ड 2400-2650, पानबार 2150, बड़ी इलायची 1050-1150, बेस्ट 1200-1450, तरबूज मगज 860-900, काजू (240) 750-825, काजू (320) 700-720, काजू डब्ल्यू वन 650-675, एस. डब्ल्यू 625-650, एस.एस. डब्ल्यू 600-630, टुकड़ी 590-610, बादाम मगज 600-650, सिंगापुरी 600-620, टांच 500-575, अखरोट 450-650, जर्दालु 250-350, बेस्ट 450-600, किशमिश कंधारी 375-475, बेस्ट 500-550, इंडियन 190-200, बेस्ट 240-260, चारौली 1200, बेस्ट 1250, मुनक्का 475-725, बेस्ट 775-850, अंजीर 675-1250, मखाना 650-950, खारक 90-110, मीडियम 115-150, बेस्ट 160-175, एक्ट्रा बेस्ट 180-200, पिस्ता मोटा 1675-1725, कंधारी 1750-1900, गेहूँ आटा 1560-1570, मैदा कट्टा 1590-1600, रवा कट्टा 1670-1680, बेसन 3950 (50 कि.ग्रा.), नारियल (120) 1800-1850, (160) 1800-1850, (200) 1800-1850, (250) 1800-1850

**तेल** - सींगदाना 1500-1520, मुम्बई 1510, राजकोट तेलिया 2350, सोया साल्वेंट 930-935, सोया रिफाइंड 975-980, कपास्या 930, धूलिया 935, कड़ी 935,

**रात की धारणा** - गुजरात लुज 1470, मुम्बई पाम 968, मुम्बई सोया 970,

**खली** - कपस्या खली (60 कि.ग्रा.) इन्दौर 1850, देवास-उज्जैन 1850, खंडवा-बुरहानपुर 1825, अकोला 2800 (प्रति क्ंिटल)

**तिलहन** - सरसो 5800-5850, रायडा 4600-4800, सोयाबीन 4600-4650, टोली (महुआ बीज) 4100-4150, अलसी 7500-7600,

**दलहन** - चना कांटेवाला बेस्ट 5950-6000, एवरेज 5800-5900, काबूली चना बिटकी 6300-6600, काबली चना काटकू 6700-7200, काबूली चना मीडियम 7400-8300, काबूली चना डॉलर 9600-10600, मसूर बेस्ट 6100-6150, एवरेज 5800-5900, मूंग देशी 9000-9100, पाला 9100-9200, चमकी 9200-9300, नायलोन 9300-9400, तुअर निमाड़ी बेस्ट 11000-11100, एवरेज 10500-10700, हल्की 9500-9800, तुअर महाराष्ट्र 11400-11700, उड़द बेस्ट 9400-9500, एवरेज 9200-9300, हल्की 9000-9100, शंकर 9200-9400,

**दाल** - चना दाल एवरेज 7750-7850, मीडियम 7950-8050, बेस्ट 8150-8250, तुअर दाल सवा नं. 13400-13600, तुअर दाल फूल 14300-14400, तुअर दाल बोल्ड 15300-15400, मसूर दाल एवरेज 7150-7250, बेस्ट 7350-7450, मूंग दाल 10500-10600, बोल्ड 10700-10800, मूंग मोगर 11200-11300, बोल्ड 11400-11500, उड़द दाल 10900-11000, बोल्ड 11100-11200, मोगर 11300-11400, बोल्ड 11500-11600,

**अनाज** - गेहूं मिल क्वालिटी 2150-2200, (147) 2250-2300, बेस्ट 2300-2350, लोकवन 2500-2550, बेस्ट 2550-2600, चन्द्रोसी 3100-3800, ज्वार देशी 2500-2650, मक्का पीली 2150-2200, गज्जर 2100-2150,

**चावल** - चावल हंसा सफेद 2500-2700, सेला 2900-3100, परमल 2800-3000, दुबराज 4000-4500, राजभोग 7000-7500, काली मुंछ 8000-8500, बासमती दुबार 8500-9000, मीनी दुबार 7500-8000, मोगरा 4200-6500, तिबार 9500-10000, बासमती (921) 11500-12500, बासमती सेला 7500-9500, पोहा 4300-4800,

**मावा** - इन्दौर 300, उज्जैन 260, रतलाम 260 रू. प्रति किलो।

## इन्दौर सराफा बाजार –

इन्दौर। गुरूवार को स्थानीय सराफा बाजार में व्यापार की मात्रा कम ही रही, किन्तु दोनों ही मूल्यवान धातुओं में बाजार नरमी के रहे। भाव इस प्रकार रहे :-

चॉंदी (9999) 81700, चॉंदी (99) 81600, टंच 80900, सिक्का 850, सोना 10 ग्राम 73600,

## कच्चा तेल 91 डॉलर, पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर

नई दिल्ली। वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमत में उतार-चढ़ाव जारी है। ब्रेंट क्रूड की कीमत 91 डॉलर और डब्ल्यूटीआई क्रूड 87 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल की कीमतों में गुरुवार को कोई बदलाव नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये, डीजल 87.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये, डीजल 92.15 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 103.94 रुपये, डीजल 90.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 100.75 रुपये और डीजल 92.34 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है। वै ?श्विक बाजार में हफ्ते के चौथे दिन शुरुआती कारोबार में ब्रेंड क्रूड 0.31 डॉलर की उछाल के साथ 90.79 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।

## आज का राशिफल



मेष- कल का दिन अच्छा रहेगा. नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो कल आप अपने कार्य क्षेत्र में तुलनात्मक भावना से बचे हैं, क्योंकि कहीं ना कहीं आपको ईर्ष्यालू और स्वार्थी बन सकती है जिससे आपको अपने कार्यक्षेत्र में बहुत बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। आपकी सेहत की बात करें तो जीवन साथी की कुछ बातें आपको ना पसंद आ सकती है, जिसके कारण आपको बहुत अधिक क्रोध आ सकता है और आपके शरीर पर भी इसका प्रभाव पड़ सकता है।

वृषभ- कल का दिन अच्छा रहेगा. नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो कल आप अपने कार्य क्षेत्र में कूल रहे कल आपका कोई कार्य न बनने पर आपको बहुत अधिक गुस्सा आ सकता है, जिससे आपका दूसरों के साथ में वाद विवाद भी हो सकता है और आप बहुत अधिक परेशान हो सकते है। आपकी सेहत की बात करें तो वैसे आपका स्वास्थ्य वैसे बिल्कुल ठीक रहेगा, परंतु आप और मेंटली रूप से स्ट्रांग रहने के लिए योगासन और मॉर्निंग वॉक अवश्य करें, इससे आपके मन को भी शांति मिलेगी और मन बिल्कुल शांत रहेगा।

मिथुन-कल का दिन थोड़ा परेशानी वाला रहेगा. नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो कल आपके कार्यक्षेत्र में आपके बनते हुए काम भी बिगड़ सकते हैं. इस कारण आप बहुत अधिक परेशान हो सकते हैं. आप की सेहत की बात करें तो आपको गली में किसी प्रकार की परेशानी हो सकती है. गले के प्रति सावधान रहे तथा अधिक ठंडा और अधिक खट्टा खाने से परहेज करें, तभी आपका गला अच्छा रहेगा।

कर्क- कल का दिन अच्छा रहेगा. नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो कल आप हर्षित होकर अपने कार्यक्षेत्र के सभी कार्यों को पूरा करेंगे, अच्छा होने से आपका कार्य भी बहुत जल्दी खत्म हो जाएगा. आपकी सेहत की बात करें तो आपको यूरिन से संबंधित रोग परेशान कर सकते हैं, रोग से संबंधित किसी भी प्रकार की सावधानी को बरते जिससे आप इन रोगों से बच सके।

सिंह- कल का दिन अच्छा रहेगा. नौकरी करने वाले जातकों की बात बात करें. कल आप अपने कार्यक्षेत्र में करियर की सफलता के लिए पढ़ाई और अपने बड़े बुजुर्गों का मार्गदर्शन ले सकते हैं, मार्गदर्शन की आपको बहुत अधिक आवश्यकता पड़ सकती है। व्यापार करने वाले जातकों की बात करें तो व्यापारी लोग अपने व्यापार को आगे बढ़ाने के लिए बहुत अधिक मेहनत करें, तभी आपका व्यापार सफल हो सकता है और आपको आर्थिक लाभ भी प्राप्त हो सकता है।

कन्या- कल का दिन अच्छा रहेगा. नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो कल आप अपने कार्यक्षेत्र में अपने विचारों के माध्यम से अपनी एनर्जी और ज्ञान के बीच अच्छा तालमेल बनाने में आगे रहेंगे. जिससे आपके सभी कार्य आसानी से पूरे हो सकते है। आपकी सेहत की बात करें तो आपका स्वास्थ्य एकदम तंदुरुस्त रहेगा. आपको किसी प्रकार का कोई कष्ट नहीं रहेगा. आप अपने जीवन में एकदम फिट और मस्त रहेंगे, परंतु आप ओवरराइटिंग करने से बचे अन्यथा, आपको परेशान होना पड़ सकता है।

तुला- कल का दिन थोड़ा सा परेशानी वाला रहेगा. नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो कल आपके कार्य क्षेत्र में आपको ऑफिशियल षड्यंत्र से परेशान होना पड़ सकता है. इसीलिए आप अपनी दफ्तर में किसी पर भी ज्यादा भरोसा ना करें तथा अपने मन की बातें और ऑफिस की बातें कम से कम शेयर करें।

वृश्चिक- कल का दिन बहुत अधिक बढ़िया रहेगा. नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो कल आपके बाकी के दरवाजे खुलने वाले हैं. आपको मेहनत बहुत अधिक करनी होगी, परंतु आपको आपके कार्य क्षेत्र में बहुत अधिक लाभ प्राप्त हो सकता है या आपका प्रमोशन भी हो सकता है।

धनु- कल का दिन ठीक-ठाक रहेगा. नौकरी करने वाले जातकों पर बात करें तो ऑफिशियल मे आप कल कॉन्फिडेंस में रहे हैं. इस भारी व्यक्ति के साथ साझा करने से बचे अन्यथा, लोग आपकी इनफॉरमेशन का गलत इस्तेमाल कर सकते हैं, जिसके कारण आपको अपनी बड़े अधिकारियों से भी डांट खानी पड़ सकती है।

मकर- कल का दिन अच्छा रहेगा. नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो कल अपने कार्यक्षेत्र में आप अपने मन को बिल्कुल शांत और रास्ते रखें, बिना बात के अपने बड़े अधिकारियों के पर कोई क्रोध न करें, इससे आपका पद की गरिमा को नुकसान हो सकता है, और लोग आपकी बुराई भी कर सकते है।

कुंभ- कल का दिन ठीक-ठाक रहेगा. नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो कल ग्रहों की स्थिति आप के करियर के फीवर में है, कर्म करते रहें, किसी भी प्रकार के फल की चिंता ना करें, और ना ही अनावश्यक रूप से किसी बात के लिए कोई विचार करें।

मीन- कल का दिन अच्छा रहेगा. नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो कल आपके ऑफिस में आपको कार्य की तरफ से यात्रा करनी पड़ सकती है, नये प्रोजेक्ट को लेकर आपके शहर से बाहर जाना पड़ सकता है. आपकी सेहत की बात करें तो आप अपना खान-पान का विशेष ध्यान रखें, पेट में किसी प्रकार का इंफेक्शन हो सकता है, जिसके कारण आप बहुत अधिक परेशान हो सकते हैं।

## शब्दजाल - 7506

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बं | ज | गा | र | ग | ब | ज | क | ब | ल | क |
| ब | वा | ब | लि | दा | न | का | मौ | स | ल | ड़ |
| ई | ह | ब | बं | दा | न | वा | ज | जा | य | मा |
| का | ब | बं | र | दे | वी | ब | वा | ल | श | ब |
| म | इ | दि | म | सं | व | र | श | र | बू | ल |
| हा | ता | नी | ई | र | द | क | फ | बा | श | ज |
| रा | बं | दि | श | द | क | स | सी | ग | प | ब |
| जा | र | ब | बं | व | ज | र | ब | न | प | बं |
| क | ब | ल | ज | न | ना | री | ऐ | ज | प | जा |
| क | मी | ल | प | ब | या | स | मा | ब | प | र |
| का | न | बं | ध | न | क | ना | री | ग | प | न |

*शब्द जाल में ब शब्द से शुरु होनेवाली 10 फिल्मों के नाम ढूंढिए. नाम उपर से नीचे एवं तिरछे हैं.*

बनारसी बाबू, बलमा, बलिदान, बंधन, बंदिनी, बंद दरवाजा, बंदानवाज, बंदिश, बंजारन, बंबई का महाराजा.

### शब्दजाल - 7505 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प्र | क | प्र | ग | ति | शी | ल | ब | ना | क | ति |
| ती | क | ती | प्र | ल | क | व | जी | ग | कृ | ह |
| क्षा | ड़ | प्र | प्र | न | ल | प्र | छ | प्र | आ | दि |
| ख | क | क | का | ज | ज | पु | का | प्र | प | ल |
| प | प्र | क | शि | दो | ग | ति | अ | प्र | तू | ग |
| झ | क | का | त | ल | प | ह | झ | पू | ना | ण |
| घ | को | ती | श | प्र | म | प्र | जा | से | व | क |
| ला | प्र | क | ता | जा | ई | धा | ब | क | फ | लो |
| श | जा | प्र | बा | हि | प्र | ई | क | प्र | री | प्र |
| प | प | द | र | तै | प | क्रि | जी | र्त | ऐ | ता |
| प | ती | क | क | षी | प्र | है | या | रा | बा | प |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## फिल्म वर्ग पहेली- 6450

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | 4 | 5 | ■ | 6 | |
| | ■ | 7 | | ■ | 8 | | 9 | | ■ |
| 10 | 11 | | ■ | 12 | | ■ | 13 | | ■ |
| ■ | | ■ | 14 | | ■ | 15 | | ■ | 16 |
| 17 | | 18 | ■ | 19 | | ■ | 20 | 21 | |
| | ■ | | ■ | | ■ | 22 | ■ | | ■ |
| ■ | 23 | | 24 | | 25 | | | | |
| 26 | | ■ | 27 | | | ■ | ■ | | ■ |
| | ■ | ■ | | ■ | 28 | | 29 | ■ | 30 |
| 31 | | | ■ | 32 | | ■ | 33 | | |

**बायें से दायें:-**

१. जैकी श्रॉफ, सलमान, रंभा, अश्विनी भावे की फिल्म-३
३. 'छम छम बरसा' गीत वाली फिल्म-३
६. 'जलता है जिया मेरा भीगी भीगी' गीत वाली फिल्म-२
७. राकेश रोशन, सिम्मी की फिल्म-२
८. अमिताभ, शर्मिला, हेमा, परवीन की फिल्म-४
१०. 'मरना तेरी गली में जीना तेरी' गीत वाली फिल्म-३
१२. फरदीन, करीना की 'रंग दीन्ही रंग' गीत वाली फिल्म-२
१३. 'कहना है तुम' गीत वाली आमिर, मनीषा की फिल्म-२
१४. 'सिर्फ संडे को करती हूँ मैं तो प्यार' गीत वाली फिल्म-२
१५. 'चाँदनी रात है' गीत वाली सलमान, नगमा की फिल्म-२
१७. 'जिंदगी ये जिंदगी दो घड़ी की जिंदगी' गीत वाली फिल्म-३
१९. नागार्जुन, उर्मिला की फिल्म-२
२०. जैकी श्रॉफ, जूही, एकता की एक सस्पेंस फिल्म-३
२३. मिलिंद, विक्रम सलूज की फिल्म-३
२५. विनोद मेहरा, अनिल कपूर, स्मिता, रति की फिल्म-२,१,२
२६. 'याइला रे लड़की मस्त' गीत वाली फिल्म-२
२७. धर्मेन्द्र, शर्मिला की 'बहारों की बारात आ' गीत वाली फिल्म-३
२८. 'तुझे देखके दिल' गीत वाली फिल्म-३
३१. सनी, जॉन, सुनील शेट्टी की फिल्म-३
३२. 'जिस का मुझे था' गीत वाली अमिताभ, जीनत की फिल्म-२
३३. अक्षय, सैफ, रवीना टंडन, सोनाली बेंद्रे की फिल्म-३

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'रंग भरे मौसम से' गीत वाली फिल्म-३
२. अमिताभ, संजीव, ऋषि, हेमा, शर्मिला की फिल्म-३
४. 'मैं तेरी मुहब्बत में' गीत वाली फिल्म-३
५. बिजॉय आनंद, कृतिका पाने, सोनू वालिया की फिल्म-२
६. 'दिल्ली की सर्दी' गीत वाली फिल्म-३
९. राजबब्बर, अनिता की फिल्म-४
११. 'किसी के दिल में' गीत वाली फिल्म-३
१२. नवीन निश्चल, सायरा की 'इधर गया था' गीत वाली फिल्म-४
१६. 'तेरे बिना तेरे' गीत वाली फरदीन, करीना की फिल्म-२
१७. संजय, उर्मिला की 'ओ भंवरे देखो हम' गीत वाली फिल्म-२
१८. 'खाई है रे हमने कसम संग रहने की' गीत वाली फिल्म-३
२१. जैकी, नीलम की 'चुराया तूने दिल' गीत वाली फिल्म-४
२२. 'अपनी चाहतों पे काबू' गीत वाली जॉन, उदिता की फिल्म-२
२३. इरफान खान, की 'मैंने दिल से कहा' गीत वाली फिल्म-२
२४. 'हम तीनों की वो यारी' गीत वाली फिल्म-३
२५. राजेंद्रकुमार, राखी की फिल्म-२,२
२६. 'पहली बार जो' गीत वाली फरदीन, उर्मिला की फिल्म-३
२९. 'सुन जरा सोनिये' गीत वाली फिल्म-२
३०. रणधीरकपूर, बबीता की फिल्म-२


### फिल्म वर्ग पहेली- 6449

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| चा | ल | बा | ज | ■ | चा | ला | क | ■ | जा |
| ह | ■ | रि | ■ | आ | ह | ■ | र्ज | ■ | ल |
| त | ला | श | ■ | र | त | न | ■ | प्या | सा |
| ■ | वा | ■ | ग | जू | ■ | ज | ख्म | ■ | ज |
| ग | ■ | तु | म | ■ | जो | र | ■ | ना | ■ |
| म | स्ती | ■ | क | ह | र | ■ | अ | स्ति | त्व |
| अ | ■ | जीं | स | ■ | दा | वा | ■ | क | ■ |
| व | क्त | ■ | म | द | र | ■ | दा | ■ | अं |
| ता | ■ | हे | ■ | र्द | ■ | फि | दा | ■ | जा |
| र | ह | मा | न | ■ | रो | जा | ■ | धू | म |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## दैनिक पंचांग

**12 अप्रैल 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मीन में | मेष | 05.51 बजे से |
| चंद्र | वृष में | वृष | 07.31 बजे से |
| मंगल | कुंभ में | मिथुन | 09.29 बजे से |
| बुध | मीन में | कर्क | 11.42 बजे से |
| गुरु | मेष में | सिंह | 13.58 बजे से |
| शुक्र | मीन में | कन्या | 16.10 बजे से |
| शनि | कुंभ में | तुला | 18.21 बजे से |
| राहु | मीन में | वृश्चिक | 20.36 ब.से |
| केतु | कन्या में | धनु | 22.52 बजे से |
| राहुकाल 10.30 से 12.00 बजे तक | | मकर | 00.57 बजे से |
| | | कुंभ | 02.43 बजे से |
| | | मीन | 04.16 बजे से |

**शुक्रवार** 2024 वर्ष का 103 वां दिन **दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** बसंत। **विक्रम संवत्** 2081 **शक संवत्** 1946 **मास** चैत्र **पक्ष** शुक्ल **तिथि** चतुर्थी 13.12 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** रोहिणी 00.51 बजे रात्र को समाप्त। **योग** सौभाग्य 02.13 बजे रात्र को समाप्त। **करण** विष्टि 13.12 बजे तदनन्तर बव 00.33 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 03.2 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 08° 47' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1871947 **जूलियन दिन** 2460412.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2550 **हिजरी सन्** 1445 **महीना** सव्वाल **तारीख** 02 **विशेष** विनायक चतुर्थी, रोहिणी व्रत।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| चर | 05.55 से | 07.23 बजे तक | रोग | 05.38 से | 07.1 बजे तक |
| लाभ | 07.23 से | 08.51 बजे तक | काल | 07.11 से | 08.43 बजे तक |
| अमृत | 08.51 से | 10.19 बजे तक | लाभ | 08.43 से | 10.15 बजे तक |
| काल | 10.19 से | 11.47 बजे तक | उद्वेग | 10.15 से | 11.47 बजे तक |
| शुभ | 11.47 से | 01.15 बजे तक | शुभ | 11.47 से | 01.19 बजे तक |
| रोग | 01.15 से | 02.43 बजे तक | अमृत | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| उद्वेग | 02.43 से | 04.10 बजे तक | चर | 02.51 से | 04.23 बजे तक |
| चर | 04.10 से | 05.38 बजे तक | रोग | 04.23 से | 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## प्रसंगतः कर्म का पाठ

दो भाई एक ज्योतिषी के पास गए। ज्योतिषी बड़ा अनुभवी था। उसने छोटे भाई से कहा, 'तुम्हें जल्दी ही राजगद्दी मिलने वाली है। तुम राजा बनोगे।' बड़े भाई से ज्योतिषी ने कहा, 'सावधान रहना। कोई बड़ी आफत आने वाली है।' एक बहुत खुश हुआ, दूसरा उदास हो गया। दोनों घर आ गए। बड़े भाई ने सोचा कि अगर विपत्ति आने वाली है तो क्यों न मैं पहले से ही संभल जाऊं। वह पूरी तरह जागरूक हो गया। छोटे भाई ने सोचा, 'अब चिंता की क्या बात है। राजगद्दी मिलने वाली है।' जिंदगी में जितने व्यसन थे, उसने उसमें और इजाफा कर दिया। बुरे कामों पर धन लुटाना शुरू कर दिया। वह दिन-रात नशे में धुत रहने लगा। अचानक एक दिन उस राज्य के राजा का पुत्र चल बसा। उसका कोई वारिस नहीं था। राजा ने सोचा कि वह चूंकि बूढ़ा हो चुका है, इसलिए भविष्य की कोई व्यवस्था करनी चाहिए। राजा ने योग्य उत्तराधिकारी की परीक्षा करने के लिए ढिंढोरा पिटवाया। दोनों भाई भी परीक्षा में शामिल हुए। परीक्षा में बड़ा भाई उत्तीर्ण हो गया। जब बड़ा भाई राजा बना तो छोटे को यह बात बड़ी अजीब लगी। वह भागा-भागा ज्योतिषी के पास आया। उसने कहा, 'आपने तो उलटी बात बता दी।' ज्योतिषी ने कहा, 'मैंने उलटी बात नहीं बताई थी। ठीक बताई थी। मुझे बताओ कि मेरी भविष्यवाणी के बाद तुम दोनों ने क्या-क्या किया?' बड़े भाई ने दोनों की राम कहानी सुनाई। ज्योतिषी ने कहा, 'अब बताओ इसमें मेरी भविष्यवाणी का क्या दोष? मैंने अपने आकलन के आधार पर जो ठीक समझा वह बताया। तुम ने बुरा आचरण किया। तुम्हें राज्य मिलने वाला था, किंतु बुरे आचरण के कारण स्थितियां बदल गईं। तुम्हारे बड़े भाई पर विपत्ति आने वाली थी किंतु इसने इतना अच्छा आचरण किया तो विपत्ति समाप्त हो गई और इसने राजा का पद प्राप्त किया। जैसा बोओगे वैसा ही काटोगे। भाग्य उन्हीं का साथ देता है जो अच्छे कर्म करते हैं।'

## सूडोकु नवताल- 6759

★★★✯☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | 9 | | 6 | 1 | | 8 |
| 6 | 8 | | | | | | | |
| | 1 | 7 | 3 | 8 | | 4 | | |
| 3 | 4 | | 6 | | 7 | | | 9 |
| 5 | | 1 | 8 | | | 2 | | 7 |
| 2 | | | 5 | | 1 | | 8 | 4 |
| | | 3 | | 7 | 5 | 8 | 6 | |
| | | | | | | | 9 | 5 |
| 7 | | 6 | 2 | | 8 | | | 1 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6758 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 1 | 7 | 4 |
| 4 | 5 | 3 | 2 | 1 | 7 | 9 | 8 | 6 |
| 7 | 1 | 6 | 4 | 8 | 9 | 2 | 5 | 3 |
| 8 | 2 | 5 | 6 | 9 | 1 | 3 | 4 | 7 |
| 3 | 6 | 4 | 7 | 2 | 5 | 8 | 1 | 9 |
| 1 | 7 | 9 | 8 | 3 | 4 | 5 | 6 | 2 |
| 5 | 4 | 1 | 9 | 7 | 2 | 6 | 3 | 8 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 4 | 8 | 7 | 9 | 5 |
| 9 | 8 | 7 | 5 | 6 | 3 | 4 | 2 | 1 |

## शब्द पहेली - 7974

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | ■ | 4 | 5 | | 6 |
| | ■ | 7 | | 8 | | | ■ | |
| 9 | 10 | ■ | ■ | | ■ | ■ | 11 | |
| 12 | | ■ | 13 | | 14 | ■ | 15 | |
| ■ | 16 | | | ■ | 17 | | | ■ |
| 18 | | ■ | 19 | 20 | | ■ | 21 | 22 |
| 23 | | ■ | ■ | | ■ | ■ | 24 | |
| | ■ | 25 | 26 | | 27 | 28 | ■ | |
| 29 | | | | ■ | 30 | | | |

**बाएँ से दाएँ**

1. दुर्व्यवहार, बुरा आचरण-4
4. पंजाब की एक नदी-4
7. अनाथालय-5
9. दूसरा, पराया-2
11. चलने का तरीका-2
12. नृत्य-2
13. समीप, पास, नजदीक-3
15. बुरी आदत-2
16. नृत्य करना-3
17. प्रलोभन, हवस, तृष्णा-3
18. मालिक, ईश्वर-2
19. निहित, कारण-3
21. भाग्य(अंग्रेजी-2)
23. थूक, लेस-2
24. नवीन, नव-2
25. नयापन, अनूठापन-5
29. नामवाला, नामचिन-4
30. करिश्मा, चमत्कार-4

**ऊपर से नीचे**

1. मनोरचना, मनगढ़ंत-4
2. कोक, कहवा-2
3. कामदेव की पत्नी-2
4. मित्र, दोस्त-2
5. पेड़ का मध्य भाग-2
6. नादानी, अनाड़ीपन-4
8. बंदर नचाने वाला-3
10. रचना करने वाला-5
11. आरचण, चरित्र-5
13. कपड़े की दिवार-3
14. उठा ले जाना, बलपूर्वक-3
18. पूजा, प्रार्थना-4
20. खूबसुरत, सुन्दर-3
22. कहर, भूचाल-4
25. नया, नवीन-2
26. शूर, बहादूर, सूरमा-2
27. अवधि में, पर्यंत-2
28. मृत, अप्रबल-2

### शब्द पहेली -7973 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | क | थ | न | ■ | सी | धा | प | न |
| झ | ■ | ■ | ज | रु | र | ■ | ■ | म |
| ल | ■ | जा | र | ■ | त | र | ■ | की |
| क | म | र | बं | द | ■ | म | हा | न |
| ■ | ग | ■ | द | ■ | प | ■ | जि | ■ |
| म | न | का | ■ | प | रि | चा | र | क |
| द | ■ | का | र | ■ | चा | ल | ■ | ह |
| म | ■ | ■ | ह | म | ल | ■ | ■ | वा |
| स्त | र | ही | न | ■ | क | हा | नी | ■ |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## बहुराष्ट्रीय कंपनियों की भारत में बढ़ती दिलचस्पी से देश को हो रहा लाभ- संरा रिपोर्ट

संयुक्त राष्ट्र। बहुराष्ट्रीय कंपनियों की भारत को लेकर बढ़ती दिलचस्पी से देश को फायदा हो रहा है। ये कंपनियां विकसित अर्थव्यवस्थाओं की आपूर्ति व्यवस्था को विविध रूप देने की रणनीतियों के संदर्भ में भारत को एक वैकल्पिक विनिर्माण आधार के रूप में देख रही हैं। इससे भारत में निवेश मजबूत बना हुआ है। संयुक्त राष्ट्र की हाल ही में अजारी एक रिपोर्ट में यह कहा गया है। सतत विकास वित्तपोषण रिपोर्ट 2024= विकास के लिए वित्तपोषण एक चौराहे पर (एफएसडीआर 2024) शीर्षक से जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि विकास के लिए जरूरी वित्तपोषण अंतर को कम करने के लिए बड़े पैमाने पर राशि जुटाने को लेकर तत्काल कदम उठाने की आवश्यकता है। रिपोर्ट के अनुसार, वित्तपोषण का यह अंतर अब सालाना 4,200 अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। कोविड-19 महामारी से पहले यह 2,500 अरब डॉलर था। इस बीच, वैश्विक स्तर पर बढ़ते राजनीतिक तनाव, जलवायु आपदाओं और जीवनयापन के स्तर पर वैश्विक संकट ने अरबों लोगों को प्रभावित किया है। इससे स्वास्थ्य, शिक्षा और अन्य विकास लक्ष्यों के मामले में प्रगति प्रभावित हुई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि वैश्विक स्तर पर निवेश नरम रहने की संभावना है। इसमें कहा गया है कि इसके विपरीत दक्षिण एशिया, विशेष रूप से भारत में निवेश मजबूत बना हुआ है। भारत को लेकर बहुराष्ट्रीय कंपनियों की बढ़ती रुचि से देश को लाभ हो रहा है। ये कंपनियां इसे विकसित अर्थव्यवस्थाओं की आपूर्ति व्यवस्था को विविध रूप देने की रणनीतियों के संदर्भ में एक वैकल्पिक विनिर्माण आधार के रूप में देख रही हैं।

## एनसीएलएटी ने पार्श्वनाथ लैंडमार्क के खिलाफ दिवालिया याचिका खारिज की

नई दिल्ली। राष्ट्रीय कंपनी विधि अपील अधिकरण (एनसीएलएटी) ने पार्श्वनाथ लैंडमार्क डेवलपर्स की अनुषंगी कंपनी के खिलाफ दिवालिया कार्यवाही शुरू करने के लिए पार्श्वनाथ लैंडमार्क डेवलपर्स के चार इकाई खरीदारों द्वारा दायर याचिका को खारिज कर दिया है। अपीलीय न्यायाधिकरण ने राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) की प्रधान पीठ के आदेशों को बरकरार रखा, जिसने 17 अक्टूबर 2023 को तकनीकी आधार पर उनकी याचिका खारिज कर दी थी क्योंकि याचिकाकर्ताओं की संख्या केवल चार थी, जबकि पार्श्वनाथ लैंडमार्क द्वारा आवंटितों की कुल संख्या 488 है। मामला रियल एस्टेट कंपनी के दिल्ली स्थित प्रोजेक्ट ला ट्रॉपिकाना खैबर पास से जुड़ा है। इसके अलावा अपीलीय न्यायाधिकरण ने फ्लैट खरीदारों की इस दलील को भी खारिज कर दिया कि वे एक अलग वर्ग के हैं और दिल्ली रेरा के एक आदेश में डेवलपर को 22 अक्टूबर 2022 को ब्याज के साथ राशि वापस करने का निर्देश दिया गया था। डेवलपर पर आदेश के 45 दिन के भीतर राशि वापस करने का दायित्व था, लेकिन किसी राशि का भुगतान नहीं किया गया। इस प्रकार उसने प्रत्येक याचिकाकर्ता को 10 प्रतिशत ब्याज के साथ 24.14 करोड़ रुपये वापस नहीं करके चूक की थी। उनके अनुसार वे रियल एस्टेट आवंटियों की श्रेणी में वित्तीय ऋणदाता नहीं हैं, लेकिन डिक्री धारकों की श्रेणी में वित्तीय ऋणदाता हैं।

## टीजेएसबी सहकारी बैंक का मुनाफा 25 प्रतिशत बढ़ा

मुंबई। टीजेएसबी सहकारी बैंक का बीते वित्त वर्ष 2023-24 का मुनाफा 25.41 प्रतिशत बढ़कर 216.36 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। महाराष्ट्र के ठाणे स्थित इस शहरी सहकारी बैंक का कुल कारोबार 7.20 प्रतिशत बढ़कर 22,463 करोड़ रुपये का रहा। बैंक का अग्रिम 9.19 प्रतिशत बढ़कर 7,875 करोड़ रुपये और जमा 6.15 प्रतिशत बढ़कर 14,588 करोड़ रुपये हो गई। बैंक के एक व ?रिष्ठ अ ?धिकारी ने कहा कि बैंक अगले तीन-चार साल में कुल कारोबार मिश्रण को 25,000 करोड़ रुपये तक बढ़ाने का लक्ष्य बना रहा है। बैंक की वर्तमान में 139 शाखाएं संचालित हैं। बैंक का वित्त वर्ष 2024-25 के अंत तक इस संख्या को बढ़ाकर 150 करने का भी लक्ष्य है।

## दालों की कीमतों पर लगाम लगाने सरकार ने उठाया कदम

नई दिल्ली। पिछले कुछ सप्ताह से दालों की कीमतों में बढ़ोतरी को लेकर केंद्र सरकार ने हस्तक्षेप किया है। केंद्र की ओर से सभी राज्यों को निर्देश दिया गया है कि वे कारोबारियों के द्वारा विभिन्न दालों के भंडार का साप्ताहिक आधार पर खुलासा सुनिश्चित करें। साथ ही राज्यों को व्यापारी द्वारा किए गए खुलासे को सत्यापित करने के लिए भी कहा गया है। एक आधिकारिक बयान में बताया गया कि केंद्र सरकार ने जिन दालों के स्टॉक को लेकर खुलासे का प्रावधान किया है, उनमें अरहर दाल, उड़द दाल, चना दाल, मसूर दाल और मूंग दाल शामिल है। इनके अलावा आयातित पीली मटर दाल के स्टॉक की भी निगरानी करने के लिए कहा गया है। पीली मटर दाल के आयात की मंजूरी पिछले साल के अंत में दी गई थी। यह मंजूरी 8 दिसंबर से 30 जून तक के लिए है।

## सरकार ने तंबाकू उत्पादों के पंजीकरण की तारीख बढ़ाई

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने पान मसाला, गुटखा और इसी तरह के तंबाकू उत्पादों के निर्माताओं के पंजीकरण और मासिक रिटर्न दाखिल करने के लिए विशेष प्रक्रिया के कार्यान्वयन की तारीख 15 मई तक बढ़ा दी है। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने इससे पहले नई पंजीकरण और मासिक रिटर्न दाखिल प्रक्रिया एक अप्रैल 2024 से क्रियान्वित करने की जनवरी में घोषणा की थी। वित्त विधेयक 2024 के जरिए जीएसटी कानून में भी संशोधन किया गया। इसमें कहा गया कि पान मसाला, गुटखा और इसी तरह के तंबाकू उत्पादों के निर्माताओं को एक लाख रुपये तक का जुर्माना देना होगा, यदि वे एक अप्रैल से अपनी पैकिंग मशीनरी को जीएसटी अधिकारियों के साथ पंजीकृत करने में विफल रहते हैं।

# धूमधाम से मनाई गई ईद- उल- फितर

लांजी ( पद्मेश न्यूज )। लांजी में 11 अप्रैल को ईद- उल- फितर का पर्व धूमधाम से मनाया गया। मुस्लिम समाज के लोगों ने एक साथ नमाज पढ़ी और देश की सलामती के लिए दुआं की। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे के गले मिलकर ईद की बधाई दी। लांजी नगर स्थित जमा मस्जिद पर नमाज पढ़ने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे थे। वही जामा मस्जिद के इमाम साहब द्वारा ईद उल फितर की नमाज अदा करवाई गई। बता दे की इस्लाम धर्म में चांद के दिखाने का अपना महत्व होता है रमजान के 29 रोज के पूरे होने के बाद मगरिब के वक्त चांद देखा जाता है, चांद दिखने के पश्चात दिन ईद की नमाज अदा की जाती है ।अगर चांद नजर नहीं आता है तो रमजान माह के पूरे 30 रोजे पूरे करने के पश्चात ईद उल फितर अदा की जाती है। ईद को लेकर ही बुधवार को लांजी के बाजार में बच्चों से लेकर बड़े तक सभी खरीदारी करने में जुटे रहे। दुकानों पर लोग ड्राई फ्रूट, सेवई से लेकर फल तक खरीदते दिखे। इसके साथ ही घरों में महिलाएं व युवतियां हाथों में मेंहदी लगवाती भी नजर आईं। ईद के दिन नए कपड़े पहनकर नमाज अदा की जाती है। एक दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी जाती है। वहीं, मुस्लिम समाज के



लोगों ने सुबह फोन और व्हाट्सएप पर भी एक दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी। अपने-अपने घरों में युवा, बुजुर्ग और बच्चों ने ईद उल फितर की नमाज अता की। इसके बाद सेवईया, खीर और अन्य पकवान ग्रहण किये गये।

### शव्वाल का चांद देखकर मनाई जाती है ईद

आपको बता दें कि ईद का त्योहार शव्वाल का चांद देखकर मनाया जाता है. शव्वाल एक अरबी कैलेंडेर के महीने का नाम है. जो रमजान के महीने के बाद आता है. शव्वाल की पहली तारीख को ईद उल फितर मनाई जाती है. ईद उल फितर को मीठी ईद भी कहा जाता है. इस दिन लोगों के घरों में सेवईं या फिर खीर के साथ-साथ कई बेहतरीन पकवान बनाए जाते हैं और फिर लोग एक दूसरे के घर जाकर ईद की मुबारकबाद पेश करते हैं. ईद उल-फितर यानी मीठी ईद रमजान के रोजा की समाप्ति पर सुबह से शाम तक मनाई जाती है और महीने भर के रोजा के दौरान शक्ति और धीरज प्रदान करने के लिए अल्लाह का शुक्रिया अदा किया जाता है।

### पुलिस व्यवस्था रही चाक चौबंद

ईद के मुबारक मौके पर सुबह से लांजी पुलिस के द्वारा तीनों मस्जिदों सहित नगर मे सुरक्षा व्यवस्था तैनात की गई थी एसडीओपी सत्येन्द्र घनघोरिया के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी दिनेश सोलंकी के द्वारा नगर के ईदगाह जामा मंस्जिद, याकुबिया रिजवीया मस्जिद मे पुलिस बल तैनात किया गया था इसके अतिरिक्त मोबाईल पार्टी को भी लांजी सहित आस पास के मस्जिदों मे भ्रमण करने के लिये आदेशित किया गया। शांति और सौहार्द के साथ ईद का पर्व मनाया जा सके इस हेतु पुलिस व्यवस्था चाक चौबंद तैनात की गई थी। इस दौरान मुस्लिम धर्मावलंबियो ने पुलिस अधिकारी कर्मचारी एवं अन्य अधिकारियों को ईद की बधाई प्रेषित की उक्त अधिकारियो ने भी गले मिल मुस्लिम भाईयो को ईद की मुबारकबाद दी।

# पत्नी के मायके जाने के वियोग में युवक ने शराब के साथ पी चुहामार दवा

## गंभीर हालत में जिला अस्पताल रिफर

लांजी (पद्मेश न्यूज)। लांजी अनुभाग के बहेला थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम भूरसाडोंगरी निवासी रविन्द्र पिता चंदरूलाल मड़ावी उम्र लगभग 25 वर्ष 11 अप्रैल को शराब में चूहामार जहर डालकर उसका सेवन किये जाने की जानकारी प्राप्त हुई। गंभीर अवस्था में रविन्द्र को उसके परिजनों ने पहले प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रिसेवाड़ा ले जाया गया लेकिन उपचार नहीं मिलने के चलते 100 डायल की सहायता से सिविल अस्पताल लांजी लाकर भर्ती किया गया। जहां प्राथमिक उपचार के उपरांत रविन्द्र मड़ावी जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया। घटना के संबध में प्राप्त जानकारी के अनुसार रविन्द्र मड़ावी अपने चाचा चुन्नीलाल मड़ावी निवासी रिसेवाड़ा के घर गाया था जो कि 11 अप्रैल की सुबह रिसेवाड़ा में ही किसी काम से जा रहा हूॅ कहकर घर से निकला लेकिन कुछ देर बाद ही रविन्द्र ने शराब का सेवन किया और उसी शराब में चूहामार जहरिला पदार्थ डालकर उसका भी सेवन किया। जहर पीने से रविन्द्र की हालत गंभीर हो गई। रविन्द्र के पास मौजूद लोगों के द्वारा उक्ताशय की जानकारी चाचा चुन्नीलाल को दी गई एवं चाचा तथा अन्य सहयोगियों के द्वारा रविन्द्र मड़ावी को रिसेवाड़ा के स्थानीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया लेकिन यहां उपचार नहीं मिलने के चलते रविन्द्र को तत्काल सिविल अस्पताल लांजी 100 डायल से लाया गया। सिविल अस्पताल में उपस्थित डॉक्टर एवं स्टाफ के द्वारा रविन्द्र का प्राथमिक उपचार किया गया तथा उच्च उपचार के लिये रविन्द्र को बालाघाट जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया है। रविन्द्र ने जहर क्यों खाया इस बाबत स्पष्ट जानकारी तो नहीं है लेकिन उसने तथा अन्य लोगों ने बताया कि रविन्द्र की पत्नि विगत कई समय से मायके मे ही रह रही है जबकि रविन्द्र अपनी पत्नि को रखना चाहता है। लेकिन शायद पत्नि नहीं आना चाहती इस कारण से रविन्द्र ने चुहामार का सेवन किया होगा। बहरहाल इस बात में कितनी सच्चाई है रविन्द्र ने जहर क्यों खाया यह पुलिस जांच का विषय है। लेकिन अभी रविन्द्र की गंभीर हालत के चलते जिला अस्पताल रिफर कर दिया है।



# कार्यकर्ताओं ने बड़ी सहजता के साथ प्रधानमंत्री मोदीजी से की भेंट


## भाजपा मंडल अध्यक्ष आलोक ने पीएम मोदी से की सौजन्य भेंट

लांजी (पद्मेश न्यूज)। लोकसभा चुनाव का दौर प्रारंभ है और चुनावी दौर में भारतीय जनता पार्टी के द्वारा अपने 400 पार के लक्ष्य के साथ चुनावी मैदान में भाजपा से भारती पारधी लोकसभा प्रत्याशी के रूप मे जनता से आशीर्वाद मांग रही है। जनता से आशीर्वाद मांगने और भारती पारधी के पक्ष में चुनावी सभा का संबोधन करने के लिये भारत देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी 9 अप्रैल को बालाघाट के उत्कृष्ट विद्यालय मैदान पंहुचे जहां उन्होने जनता से आशीर्वाद मांगा भारती पारधी



के पक्ष में और कहां कि मेरी टीम को मजबूत बनाने के लिये आपको भारती पारधी को बालाघाट सिवनी से चुनकर भेजना है। अपना संबोधन समाप्त करने के पश्चात जब प्रधानमंत्री मोदी जी वापस जा रहे थे तो उनके तय कार्यक्रम के अनुसार उन्होने कार्यकर्ताओ से भेंट की इसी भेंट की कड़ी में भारतीय जनता पार्टी लांजी के मण्डल अध्यक्ष आलोक चौरसिया ने भी पुलिस लाईन हैलीपेड में प्रधानमंत्री मोदी जी से एक सौजन्य भेंट की तथा बालाघाट की पावन धरा मे पंहुचने के लिये मोदी जी का धन्यवाद ज्ञापित किया। आलोक चौरसिया ने बताया कि मोदी जी क्यों सर्वमान्य नेता है वे इतने सहज और सरल है कि हमे मुलाकात करने पर ऐसा लगा ही नही हम प्रधानमंत्री के साथ भेंट कर रहे बडी सहजता के साथ मोदी जी ने हम कार्यकर्ताओ के साथ भेंट की है। मुझे गर्व है कि मै एक ऐसी पार्टी का कार्यकर्ता हूॅ जिसका नेतृत्व हमारे नेता प्रधानमंत्री मोदी जी करते है। बतादे कि प्रधानमंत्री मोदी जी सभी कार्यकर्ताओ से भेंट करने के उपरांत अपने अगले गंतव्य के लिये रवाना हुये।

# बेमौसम बारिश व तेज हवा तूफान से जनजीवन अस्त-व्यस्त





लांजी (पद्मेश न्यूज)। क्षेत्र में एक ओर चुनावी सरगर्मिया तेज तो वही मौसम ने भी अपनी मार तेज कर दी गई है बीते कुछ दिनों से मौसम मे हुये भारी परिवर्तन के चलते जन-जीवन खासा अस्त-व्यस्त हो चुका है। शाम होते ही मौसम आंधी-तूफान, बिजली की भारी गर्जना के साथ बारिश भी हो रही है जिसके कारण हर कोई परेशान नजर आ रहा है। मौसम में हुये इस परिवर्तन का असर जन-जीवन सहित, खेती-किसानी और व्यापार में भी देखने की मिल रहा है। क्षेत्र में इन दिनों रबी कि धान की फसलें लगी हुई हैं लेकिन पिछले कुछ दिनों से हुये मौसम परिवर्तन में यह फसलें भी खराब होती नजर आ रही है क्योंकि ऐसे बेमौसम बारिश से कीटों का प्रकोप बढने की संभावना व्यक्त की जा रही है जिससे जो उत्पादन किसान लेना चाहता है उसमें इन कीटो के प्रकोप एवं तेज हवा, मुसलाधार बारिश के चलते उत्पादन कम हो सकता है। बतादें कि वर्तमान मे धान की फसल गर्भ में है तेज हवा एवं मुसलाधार बारिश के चलते जो धान गर्भ अवस्था में उसमे नुकसान होने की पूर्ण संभावना है। इसके दलहनी फसलें भी प्रभावित हो सकती है।

### ईट भट्टो पर बारिश की मार, कुम्हार परेशान

लांजी क्षेत्र में बडी मात्रा में ईट भट्टे लगाये जाते है और वर्तमान समय भी ईट भट्टो के लगाने का ही होता है ऐसे में यदि इन ईट भट्टो पर बेमौसम बारिश की मार पड़े तो इन ईट भट्टो की हालत क्या होगी यह सोचा जा सकता है। बीते कुछ दिनों से क्षेत्र खराब मौसम और तेज बारिश का असर क्षेत्र तमाम ईट भट्टो पर देखने को मिला। कुछ भट्टे, पकने की कगार पर है तो कुछ भट्टो को तुरंत ही लगाया गया है तो कुछ कच्ची बनी हुई ईटें देखने को मिली है और बारिश की ऐसी मार पड़ी है इन ईट भट्टो पर की कुछ भी नही बचा, पानी से बचने के इन ईट भट्टो पर प्लास्टिक की त्रिपाल लगाई लेकिन तेज आंधी तूफान के कारण यह त्रिपाल या उड़ या फट गई उक्त ईट भट्टा संचालको को भारी नुकसान हुआ है।

### कई जगह गिरे पेड़, विद्युत आपूर्ति रही ठप्प

भारी बारिश और आंधी तूफान के चलते जहां किसानों सहित जन जीवन अस्त व्यस्त नजर आया वहीं वन संपदाओं को भी इस मौसम ने नुकसान पहुंचाया है। लांजी क्षेत्र में अनेकों स्थानों पर बडे बडे पेड़ धराशायी हुये है, जिससे सड़के भी बाधित हुई है। दुसरी ओर विद्युत आपूर्ति भी खासी प्रभावित हुई। विद्युत विभाग के अधिकारी कर्मचारियों के द्वारा दिन रात मेहनत कर विद्युत व्यवस्था बहाल की है क्योंकि आंधी तूफान बारिश एवं बिजली गिरने के चलते अनेकों स्थानों कहीं तार टूटे तो कई ट्रांसफार्मर तो कही डीओ फ्यूज वर्क तो कही बेनेगांव से लाईन फाल्ट हुई थी लेकिन विद्युत कर्मीयों के द्वारा दिन रात मेहनत कर क्षेत्र में सुचारू रूप से बिजली व्यवस्था बहाल की गई।

आवश्यकता है
मार्केटिंग हेड-01 पद
योग्यता एमबीए
2 वर्ष का अनुभव
मार्केटिंग कार्य हेतु 4 युवक
योग्यता स्नातक
अनुभव 2 वर्ष
संपर्कं. अभिनंदन ग्रुप
बालाघाट रोड लांजी, मो. नं.9425140030

लांजी में ''पद्मेश''
इंटरनेट (ब्राडबेंड)
कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

भानेगांव में ''पद्मेश''
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी
कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

# बारातियों की पीकअप वाहन पर गिरा पेड़, वाहन हुआ क्षतिग्रस्त, 4 लोग घायल





लांजी (पद्मेश न्यूज)। लांजी क्षेत्र में विगत कुछ दिनों से मौसम में परिवर्तन हुआ है तेज बारिश आंधी तूफान, बिजली की गर्जना से जन जीवन खासा अस्त व्यस्त हो चुका है। वहीं 10 अप्रैल को आये इस आंधी तूफान तेज बारिश ने शादी में भी खलल डाला और एक बडा हादसा टल गया। बतादे कि लांजी क्षेत्रान्तर्गत ग्राम बडगांव (म) में डोंगरगढ़ छत्तीसगढ़ से बारात आई थी। रात्रि करीब 8 बजे बारात डीजे बाजे गाजे के साथ नाचते गाते झुमते हुये जैसे ही शादी स्थल पर पहुंची ही थी कि अचानक मौसम ने करवट ली और तेज आंधी तूफान बारिश के चलते सारे बाराती तितर बीतर हो गये। जहां बारात और डीजे वाहन था उसी स्थल पर सड़क किनारे एक बड़ा सा पेड़ था तेज आंधी तूफान के चलते पेड़ का कुछ हिस्सा या बडी डालियॉ बारातियों की गाड़ी पीकअप वाहन पर गिर गया जिससे वाहन एवं डीज सिस्टम क्षतिग्रस्त हो गया तो वहीं 3 से 4 बारातियों को चोटे आई जो कि गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलो को अन्य साथीयों के द्वारा अस्पताल पंहुचाया गया, राहत की बात यह रही की जिस वक्त यह संपूर्ण हादसा हुआ उस वक्त विद्युत सप्लाई बंद थी क्यों पेड़ के नीचे से विद्युत लाईन गई हुई जो कि डालियों की चपेट में आकर विद्युत लाईन भी टूट गई थी और यह टूट कर वाहन पर जा गिरी यदि विद्युत सप्लाई प्रारंभ होती तो और भी गंभीर हादस हो सकता था। इस संपूर्ण हादसे की जानकारी जब दुल्हे एवं दुल्हन के परिवार को लगी तो कुछ समय के शादी का माहौल गंभीर हो गया सब कुछ संभलने के पश्चात हादसे के चलते शादी देर रात को लगाई गई।

# लांजी व बहेला में पुलिस व सीआरपीएफ ने संयुक्त रूप से किया गया फ्लैग मार्च

लांजी (पद्मेश न्यूज)। बालाघाट सिवनी संसदीय क्षेत्र में आने वाली 19 अप्रैल को संपन्न होने जा रहे लोक सभा चुनाव के मद्देनजर प्रशासन द्वारा भिन्न भिन्न प्रक्रिया अख्तियार कर चुनाव संबधी दिशा निर्देश व कार्य किये जा रहे हैं जिससे मतदाता जागरूक हो एवं बिना किसी डर के अपने मताधिकार को पहचान कर सही प्रतिनिधी का निर्वाचन करे। इसी कड़ी में वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में जिला पुलिस बल, सीआरपीएफ बटालियन 123 के 70 जवानों के द्वारा नगर में अपनी उपस्थिती दर्ज करवाकर मतदाताओं को जागरूक करने का कार्य कर रही है। अस्त्र शस्त्रों से लैस पुलिसबल, सीआरपीएफ के द्वारा चप्पे चप्पे पर नजर रखी जा रही है। इसी तारतम्य में 11 अप्रैल को लांजी पुलिस एवं सीआरपीएफ के जवानों के द्वारा पुलिस थाना लांजी से बस स्टैण्ड पंहुचकर फ्लैग मार्च निकालकर लांजी नगर का भ्रमण किया गया जो कि नगर के सभी प्रमुख मार्गो सहित चौक चौराहों से होकर वापस पुलिस थाना लांजी में भ्रमण समाप्त किया गया। वहीं क्षेत्र के ग्राम बहेला में भी पहुंचकर ग्राम का भ्रमण किया। उक्त फ्लैग मार्च का नेतृत्व लांजी एसडीओपी सतेन्द्र घनघोरिया, सीआरपीएफ के अधिकारी, थाना प्रभारी दिनेश सोलंकी के द्वारा किया गया जिसमें लांजी पुलिस से एसआई, एएसआई, प्रधान आरक्षक, आरक्षक सहित सीआरपीएफ बटालियन के सभी अधिकारी एवं जवान उपस्थित रहे।



बोलेगांव में ''पद्मेश''
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी
कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

# कमलनाथ का किला फतह करने की कवायद में भाजपा

भोपाल। मध्य प्रदेश में लोकसभा चुनाव 2024 की बिसात बिछ चुकी है। 6 सीटों पर 19 अप्रैल को पहले चरण का चुनाव होगा। जिसमें प्रदेश की सबसे हॉट सीट छिंदवाड़ा भी शामिल है और भाजपा की एमपी की सभी 29 लोकसभा सीट जीतने के दावे में सबसे बड़ा रोड़ा छिंदवाड़ा सीट है। जिसको लेकर भाजपा के दिग्गज नेताओं ने अपनी एड़ी चोटी का जोर लगा दिया है।

कांग्रेस के कमलनाथ 9 बार सांसद रहे और उनके बाद बेटे नकुलनाथ यहां से सांसद हैं लेकिन इस बार भाजपा ने छिंदवाड़ा सीट को नाक का सवाल बना लिया है। कांग्रेस ने फिर नकुलनाथ को टिकट दिया है तो वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस के इस मजबूत गढ़ में भाजपा ने विवेक बंटी साहू को मैदान में उतारा है। लोकसभा का टिकट बंटी साहू को भले ही पहली बार मिला हो, लेकिन बंटी साहू छिंदवाड़ा से दो बार विधानसभा का चुनाव लड़ चुके हैं। दोनों ही चुनाव में कमलनाथ को कड़ी चुनौती दी थी।



### सिर्फ एक बार भाजपा ने जीता था चुनाव

छिंदवाड़ा लोकसभा सीट आजादी के बाद से अभी तक एक बार के अपवाद के अलावा हमेशा कांग्रेस का गढ़ रही है। आजादी के बाद से अभी तक हुए कुल 19 लोकसभा चुनाव में केवल 1997 के लोकसभा चुनाव में यहां पर भाजपा की सुंदरलाल पटवा ने जीत हासिल की थी,

## छिंदवाड़ा 73 सालों से कांग्रेस का दबदबा

इसके अतिरिक्त 18 बार से यहां पर कांग्रेस का ही कब्जा है।

### 1980 से कमलनाथ यहां से लड़ रहे चुनाव

1980 से कांग्रेस के कद्दावर नेता कमलनाथ यहां से चुनाव लड़ रहे हैं। कमलनाथ यहां से 9 बार सांसद रहे हैं। इसके अलावा एक बार उनकी पत्नी अलका नाथ और एक बार पुत्र नकुलनाथ भी सांसद रह चुके हैं। इस बार चुनाव में उनके पुत्र नकुलनाथ दोबारा मैदान में है। कमलनाथ अभी तक सिर्फ एक चुनाव सुंदरलाल पटवा से हारे हैं।

### शहरी क्षेत्र में केवल 25 प्रतिशत वोटर

छिंदवाड़ा लोकसभा में सात विधानसभा क्षेत्र आते हैं। जिसमें कुल 16 लाख 19 हजार 101 वाटर है इस लोकसभा क्षेत्र का 75 प्रतिशत हिस्सा ग्रामीण है। केवल 25 प्रतिशत वोटर ही शहरी क्षेत्र में रहते हैं। जिनमें से 818257 पुरुष एवं आठ लाख 826 महिला वोटर हैं। छिंदवाड़ा जिले में ओबीसी और एसटी मतदाता दोनों ही 36-36 प्रतिशत हैं एवं 11 फीसदी वोटर अनुसूचित जाति के हैं।

### 497 बूथ भाजपा कभी नहीं जीती

जिले में कल 1934 पोलिंग बूथ में से 497 बूथ ऐसे हैं, जहां पिछले पांच चुनाव में भाजपा कभी नहीं जीती है। वहीं पर 250 बूथ हैं जिन पर भाजपा कभी नहीं हारी। 2019 की लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को 47.70 फीसदी वोट मिले थे एवं भाजपा को 45.009 प्रतिशत वोट मिले थे।

### दो विधानसभा चुनाव में सातों सीटों पर जीती कांग्रेस

पिछले दो विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने सातों विधानसभा सीट में जीत हासिल की थी। वर्तमान में इस लोकसभा के सातों विधायक कांग्रेस से जीतकर आए थे, जिसमें से एक विधायक कमलेश शाह ने भाजपा ज्वाइन कर ली। जो की अमरवाड़ा विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस की टिकट पर जीते थे।

### कमलनाथ के करीबी विधायक भाजपा में शामिल

वर्तमान में छिंदवाड़ा में कांग्रेस से बड़ी संख्या में कांग्रेसी नेताओं और कार्यकर्ताओं का भाजपा में जाने का सिलसिला चल रहा है। कांग्रेस छोडक़र जाने वालों में सबसे प्रमुख नाम पूर्व कैबिनेट मंत्री दीपक सक्सेना, छिंदवाड़ा के महापौर विक्रम आहके, अमरवाड़ा विधायक कमलेश शाह, पूर्व विधायक चौधरी गंभीर सिंह, अज्जू ठाकुर आदि हैं। इसके अलावा कई पार्षद एवं सभापति के साथ जनपद सदस्य भी कांग्रेस छोडक़र भाजपा में शामिल हो गए हैं।

# पूरी दुनिया में नहीं है छिंदवाड़ा जैसा विकसित जिला

भोपाल। पूर्व केंद्रीय मंत्री और मुख्यमंत्री कमलनाथ छिंदवाड़ा संसदीय क्षेत्र से 9 बार प्रतिनिधित्व कर चुके हैं. जब विधानसभा का चुनाव लड़े,और मुख्यमंत्री बने. उसके बाद इस संसदीय क्षेत्र से उनके पुत्र नकुलनाथ चुनाव लड़ रहे हैं. छिंदवाड़ा जिला वास्तव में बहुत खूबसूरत और विकसित जिला है. बुधवार को चौरई की एक सभा को संबोधित कर रहे थे.उन्होंने कहा, कि जब देश और प्रदेश की जनता ने स्किल इंडिया का नाम नहीं सुना था. तब छिंदवाड़ा में स्किल केंद्र संचालित हो रहा था. कमलनाथ ने कहा कि वह घोषणाएं नहीं करते हैं. जो सपना देखते हैं, उसे साकार रूप देने में अपनी पूरी ताकत लगा देते हैं. आज दुनिया में सबसे विकसित और सुव्यवस्थित जिला छिंदवाड़ा है, इसका मुझे गर्व है. मैंने हमेशा काम पर विश्वास किया है.



50 साल से मैं छिंदवाड़ा के अपने परिवार के साथ हूं. हर सुख और दुख में आपके साथ रहता हूं.छिंदवाड़ा छोड़कर मैं कहीं नहीं गया, मेरा परिवार हमेशा मेरे साथ है. मैं अपने परिवार के साथ हूं. आगे भी साथ में बना रहूंगा। चुनावी सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कुछ लोग आएंगे.आपके बीच बड़ी-बड़ी घोषणा करेंगे. गुमराह करने की कोशिश करेंगे. ऐसा कई बार पहले भी कर चुके हैं.आप सब जानते हैं. आप सच्चाई का साथ देना.उन्होंने भाजपा पर कटाक्ष करते हुए कहा 450 रुपए में गैस सिलेंडर देने,सस्ती बिजली देने,माता और बहनों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कम ब्याज दर पर लोन देने का वादा किया था. यह सारे वादे झूठा साबित हुए. उल्लेखनीय है, कांग्रेस के कई नेता कांग्रेस छोड़कर भारतीय जनता पार्टी में गए हैं उसके बाद छिंदवाड़ा संसदीय क्षेत्र में एक सहानुभूति की लहर देखने को मिल रही है. मतदाताओं में कमलनाथ के प्रति एक विश्वास है. जो हर सभा और जनसंपर्क में दिखता है. बिचौलियों के भाजपा में चले जाने से जनता में इसकी सुखद प्रतिक्रिया है।

### ओलावृष्टि और गेहूं खरीदी को लेकर सीएम के निर्देश

# बारिश से किसानों को हुए फसल नुकसान की भरपाई की जाएगी

भोपाल। मप्र के अलग-अलग जिलों में हुई बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि के कारण खरीदी केन्द्रों पर गेहूं भीगने की खबरें सामने आई हैं।मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि ओलावृष्टि को लेकर प्रशासन को निर्देश जारी कर किये गए हैं। किसी भी जिले में जनहानि, पशुहानि या किसी प्रकार का नुकसान होगा तो सरकार उसके प्रति गंभीर रहेगी। उसकी क्षतिपूर्ति करने के लिए मुआवजा दिया जाएगा, प्रदेश सरकार इसके लिए संकल्पित है।

सीएम डॉ यादव ने कहा कि गेहूं को कवर्ड परिसर में रखने के निर्देश जारी किये गए हैं। 80 प्रतिशत अनाज पहले से कवर्ड परिसर में है, लेकिन जो ओपन में है, उसको भी सुरक्षित



करने के निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि भारत सरकार ने निर्देश जारी किए हैं। गेहूं की जो फसल आ रही है, उसकी चमक कमजोर थी। किसी कारण से उनको खरीदने में कठिनाई आ रही थी। वो निर्देश भी स्पष्ट हो गए हैं, किसान को किसी प्रकार का कष्ट न आने दें।

मुख्यमंत्री ने राज्य में असामयिक बारिश से फसल को हुए नुकसान पर कहा कि वे इस मामले को लेकर गंभीर हैं। डॉ मोहन यादव ने कहा कि मैंने हालात का संज्ञान लिया है और इस संबंध में राज्य के अधिकारियों के साथ बैठकें की हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार किसानों को मदद के लिए प्रतिबद्ध है। हमने इस संबंध में चुनाव आयोग को लिखा है। मुआवजा देना होगा तो देंगे। मुख्यमंत्री के अनुसार किसानों को हुए नुकसान की भरपाई के लिए जो भी कदम उठाने होंगे हम उठाएंगे।

# नहरें बन गईं नाला...खेत से पहले बह जाता है पानी

भोपाल। प्रदेश में सरकार ने नहरों का जाल बिछा दिया है। लेकिन सिंचाई विभाग की लापरवाही से करीब 15 हजार किमी से अधिक लंबी नहरें नाला बन गई हैं। दरअसल, ये नहरे कच्ची हैं और इनमें जगह-जगह रिसाव हो रहा है। इस कारण इन नहरों में सप्लाई होने वाला 30 प्रतिशत पानी बह जाता है। इससे जहां नहरों के किनारे के खेतों में पानी भरा रहता है, जिससे फसलें खराब हो जाती है। वहीं नहरों के दूसरे मुहाने पर स्थित खेतों तक पानी पहुंच नहीं पा रहा है। इससे किसान हैरान-परेशान हैं। प्रदेश में अत्यंत जर्जर और छतिग्रस्त नहरों में मरम्मत कार्य करवाने के लिए जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने रिपोर्ट मांगी है। इसके तहत कछारवार पक्की, कच्ची, मुख्य माइनर सबमाइनर आदि का मेंटेनेंस हेतु डीपीआर बनाने के निर्देश दिए गए है।

प्रदेश में वृहद, मध्यम और लघु सिंचाई परियोजनाओं के माध्यम से 39 हजार 866 किमी में नहरों का निर्माण किया गया है। इनमें से 23 हजार 120 किमी नहरें पक्की सीमेंटेड हैं और आज भी 15 हजार 607 किमी नहरें कच्ची यानि बिना सीमेंट वाली हैं। वैसे नए सिंचाई प्रोजेक्ट पाइप लाइन आधारित ही बनाए जा रहे हैं, लेकिन फिर भी प्रदेश में 250 से अधिक बांधों में सिंचाई नहरों के जरिए ही की जाती है। राज्य सरकार की मानें तो जल संसाधन विभाग के माध्यम से वर्तमान में 41.10 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई हो रही है। वहीं नर्मदा घाटी विकास विभाग द्वारा 8.85 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई की जा रही है। इस तरह 50 लाख हेक्टेयर क्षेत्र सिंचित है। जानकारी के अनुसार यमुना कछार की 4547 किमी नहरों में से 2395 किमी पक्की और 2152 किमी कच्ची हैं। वहीं नर्मदापुरम कछार की 4590 किमी नहरों में से 2056 किमी पक्की, 2534 किमी कच्ची, बैनगंगा कछार की 7769 किमी नहरों में से 2390 किमी पक्की और 5379 किमी कच्ची हैं।

### बह जाता है 30 फीसदी पानी

प्रदेश में 15 हजार 607 किमी से अधिक नहरें कच्ची और सीमेंटेड नहीं हैं। जिनसे करीब 30 फीसदी पानी सीवेज के जरिए बह जाता है। बावजूद इसके, सरकार का दावा है कि अगले पांच सालों में सिंचाई क्षमता एक करोड़ हेक्टेयर हो जाएगी। जानकारों का मानना है कि सरकार का ये दावा फेल होता नजर आ रहा है, क्योंकि ऐसे में सिंचाई क्षमता तो विकसित हो जाएगी, लेकिन किसानों को टेल तक पानी मिलने की समस्या का समाधान नहीं हो सकेगा। दरअसल, प्रदेश की अधिकांश कच्ची नहरों के ज्वाइंट्स में घास आदि पैदा हो गई है। जिसकी वजह से लाइनिंग में दरारें आ गई हैं। नहरों की साफ-सफाई और मरम्मत कार्य में दो माह का समय लगता है। केवल बारना परियोजना में ही 100 प्रतिशत लाइनिंग का कार्य हुआ। कोलार परियोजना में 1978-79 में ये कार्य हुआ था। पुरानी लाइनिंग होने की वजह से नहरें छतिग्रस्त हो गई हैं। जिनके मेंटेनेंस पर करोड़ों रुपए खर्च होंगे और सरकार की आर्थिक स्थिति को देखते हुए यह कार्य जल्दी होने की संभावना कम है।

### पांच वर्ष में 23.66 लाख हेक्टेयर सिंचाई क्षमता

प्रदेश में निर्माणाधीन सिंचाई योजनाओं के पूर्ण होने पर सिंचाई क्षेत्र जल संसाधन विभाग का 23.66 लाख हेक्टेयर और नर्मदा घाटी विकास विभाग का 43.21 लाख हेक्टेयर बढ़ जाएगा। इन योजनाओं के आगामी 5 वर्ष में पूर्ण हो जाने पर प्रदेश की सिंचाई क्षमता 93 लाख हेक्टेयर से ज्यादा हो जाएगी।जबकि नर्मदा घाटी प्राधिकरण द्वारा निर्मित परियोजनाओं से पिछले 15 सालों से 5 लाख हेक्टेयर में ही सिंचाई हो पा रही है। मप्र में पहली बार वर्ल्ड बैंक के सहयोग से 2012 में 51 बांधों का सुदृढ़ीकरण और नहरों की सीमेंटेड लाइनिंग कार्य पर लगभग 2300 करोड़ रुपए की राशि खर्च की गई थी। वर्ल्ड बैंक का ये प्रोजेक्ट खत्म हो चुका है और 39 हजार 866 किमी नहरों में से 15 हजार 607 किमी आज भी सीमेंटेड नहीं हो सकी हैं। पूर्व ईएनसी पीके तिवारी के अनुसार, अगले पांच सालों में सिंचाई क्षमता एक करोड़ हेक्टेयर में पहुंचना संभव नहीं लगता।

# विंध्य क्षेत्र में बसपा बिगाड़ेगी भाजपा-कांग्रेस का गणित

भोपाल। लोकसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा के बाद मध्य प्रदेश में सियासी हलचल तेज है। भाजपा और कांग्रेस दोनों पार्टियां सियासी दम भर रही हैं। वहीं, विंध्य क्षेत्र में दोनों पार्टियों के सामने एक चुनौती का फिर से सामना करना पड़ सकता है। दरअसल, विंध्य क्षेत्र में चार लोकसभा सीटों पर बहुजन समाज पार्टी का अपना वोट बैंक है। इस पर भाजपा और कांग्रेस सेंध लगाने का प्रयास करती रही है इसके बाद भी यहां की दो लोकसभा सीट में बहुजन समाज पार्टी लोकसभा चुनावों में अबतक चार बार जीत चुकी है। हालांकि बसपा अभी तक उम्मीदवार तय नहीं कर पाई है जिस कारण भाजपा और कांग्रेस की निगाह उस पर टिकी हुई है। इधर, विधानसभा चुनाव में मिले मतों से उत्साहित बसपा लोकसभा चुनाव पूरी दमदारी के साथ लडऩे के मूड में नजर आ रही है। वैसे भी विंध्य की चार लोकसभा सीटों में से सतना एक और रीवा तीन बार जीत चुकी है, लिहाजा इस बार भी बसपा अपने पुराने इतिहास को दोहराने और सबको चौंकाने के मूड में है।

रीवा- बसपा को पहला सांसद दिया

रीवा संसदीय सीट से कई ऐसे लोग भी सांसद चुने गए जो सामान्य घराने से थे जिनका कोई राजनीतिक बैकग्राउंड नहीं था। उत्तर प्रदेश से सटे रीवा संसदीय सीट में बसपा की सक्रियता 1989 से ही तेज हो गई थी, जिसका लाभ भी पार्टी को 1991 के लोकसभा चुनाव में मिला। 1991 के लोकसभा चुनाव में रीवा संसदीय सीट से बसपा के भीम सिंह पटेल को विजय मिली। भीम सिंह पटेल देश में बसपा के पहले सांसद थे। भीम सिंह पटेल ने पूर्व विधानसभा अध्यक्ष और विंध्य में सफेद शेर के नाम से प्रसिद्ध श्रीनिवास तिवारी को चुनाव हराया था। बसपा वैसे तो रीवा संसदीय सीट को अब तक तीन बार जीत चुकी है लेकिन दो बार लगातार इस सीट को जीतने का भी मौका पार्टी को मिला है, हर बार प्रत्याशी अलग-अलग रहा। 1991 के अलावा 1996 में बुद्धसेन पटेल एवं 2009 में देवराज पटेल को रीवा से सांसद बनने का मौका मिला है। 1989 से 2019 तक हुए 9 लोकसभा चुनावों में तीन बार बहुजन समाज पार्टी रीवा संसदीय सीट जहां जीत चुकी है वहीं दो बार यह दूसरे नंबर और तीन बार तीसरे नंबर पर रही है। फिलहाल इस संसदीय सीट से दो की ही दावेदारी सामने आई है। त्योंथर विधानसभा सीट से बसपा से किस्मत आजमा चुके देवेन्द्र सिंह एवं सिरमौर विधानसभा सीट से पार्टी के उम्मीदवार रहे वी डी पांडेय का नाम सामने आ रहा है। नवंबर 2023 में हुए विधानसभा चुनाव में देवेंद्र सिंह को त्योंथर विधानसभा में 24 हजार 393 वोट मिले थे तो व्ही डी पांडेय को सिरमौर में 41 हजार 85 मत मिले थे।

### सतना- दो पूर्व सीएम को हरा कर सबको चौंकाया

रीवा की तरह ही सतना संसदीय सीट में भी बसपा ने चौंकाने वाले रिजल्ट दिए। 28 साल पहले लोकसभा चुनाव में बसपा प्रत्याशी ने मध्यप्रदेश को दो पूर्व मुख्यमंत्री को हरा दिया था। आंकड़ो की बात करें तो 1989 से लेकर 2019 तक 9 बार मैदान में पार्टी अपना प्रत्याशी उतार चुकी है लेकिन जीत एक बार ही मिली। हालांकि यह पार्टी का तीसरा प्रयास था। वर्ष 1996 में बसपा ने सुखलाल कुशवाहा को मैदान में उतारा था उस समय भाजपा की ओर से पूर्व मुख्यमंत्री वीरेंद्र कुमार सखलेचा और कांग्रेस से टूट कर बनी तिवारी कांग्रेस से पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन सिंह ने चुनाव लड़ा था। इसके बाद भी सुखलाल बाजी मार ले गए। तब बसपा प्रत्याशी को 1 लाख 82 हजार 4 सौ 97, भाजपा प्रत्याशी वीरेंद्र कुमार सखलेचा को 1 लाख 60 हजार 2 सौ 59 और तिवारी कांग्रेस के अर्जुन सिंह को 1 लाख 25 हजार 6 सौ 53 मत मिले थे। हालांकि पार्टी ने सुखलाल को 5 बार टिकट दी थी लेकिन वह एक ही बार ही जीत पाए थे। बसपा ने 1989 में श्याम सुंदर, 1991 से 1999 तक सुखलाल, 2004 में नरेन्द्र सिंह, 2009 में फिर सुखलाल कुशवाहा, 2014 में धर्मेंद्र सिंह तिवारी और 2019 में अच्छेलाल कुशवाहा को टिकट दी थी। इधर दावेदारी में तीन के नाम सामने आ रहे हैं जिसमें रत्नाकर चतुर्वेदी शिवा, मणिराज सिंह पटेल एवं अच्छेलाल कुशवाहा का नाम शामिल हैं। आंकड़ों के मुताबिक बसपा की टिकट पर सतना विधानसभा से चुनाव लड़ चुके रत्नाकर को 33 हजार 567, रामपुर बाघेलान विधानसभा से बसपा के उम्मीदवार रहे मणिराज सिंह पटेल को 38 हजार 113 मत मिले थे। जबकि 2019 में लोकसभा चुनाव लड़ चुके अच्छेलाल कुशवाहा को 1 लाख 9 हजार 961 मत मिले थे। टिकट के लिए इनका भी दावा मजबूत माना जा रहा है।

### सीधी- सिर्फ उम्मीदवार उतारती रही बहुजन समाज पार्टी

विंध्य की तीसरी लोकसभा सीट सीधी की बात करें तो यहां बहुजन समाज पार्टी 1989 से 2019 तक 9 लोकसभा चुनाव लड़ चुकी है, लेकिन हर बार पार्टी को निराशा ही हाथ लगी है। कुल मिलाकर सीधी लोकसभा सीट में बसपा अभी तक सिर्फ अपने उम्मीदवार ही उतारते आई है। इस सीट पर चार-चार बार बसपा को तीसरा और चौथा स्थान मिला है तो एक चुनाव में तो पार्टी पांचवें स्थान पर रही है। पार्टी ने 1989 में दान सिंह, 1991 में दान सिंह पवेल, 1996 में फुंदेलाल सिंह, 1998 में दान सिंह पवेल, 1999 में जुगलाल कोल, 2004 में रामलाल, 2009 में मनोहर सिंह मरावी, 2014 में फूल सिंह परस्ते और 2019 में मोहदल सिंह पाव को मैदान में उतार चुकी है।

### शहडोल- आरक्षित सीट पर केवल प्रत्याशी खड़े किए

विंध्य की सतना- रीवा लोकसभा सीट में भले ही बसपा को जीत का मौका मिला हो लेकिन विंध्य की एसटी के लिए आरक्षित शहडोल संसदीय सीट में बसपा का प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा है। यहां बहुजन समाज पार्टी कुछ चुनावों में तो नोटा और गोड़वाना गणतंत्र पार्टी से भी पीछे रही है। 1989 से 2019 तक हुए 9 लोकसभा चुनावों में बहुजन समाज पार्टी तीन बार चौथे स्थान पर, पांच बार तीसरे स्थान पर और एक बार सातवें स्थान पर रही है। 1989 में लक्ष्मण सिंह, 1991 में महाबीर सिंह, 1996 में बसंती देवी, 1998 में बसंती देवी 1999 में बसंती देवी, 2004 में हरिकृष्ण प्रसाद, 2009 में अशोक कुमार शाह, 2014 में रमाशंकर शहवाल और 2019 में रामलाल पनिका को पार्टी ने मौका दिया था।

# वंदे भारत में किराया ज्यादा तो कम मिल रहे यात्री

भोपाल। वंदे भारत एक्सप्रेस का संचालन शुरू हुए एक साल से अधिक समय बीत चुका है, लेकिन इस ट्रेन को चलाने में अब रेलवे को घाटा हो रहा है। इसका कारण यह है कि ट्रेन का किराया अधिक है, जबकि बैठने में आराम कम महसूस होता है। सीटों के बीच में लेग स्पेस भी शताब्दी एक्सप्रेस के मुकाबले कम है। यही कारण है कि भोपाल और हजरत निजामुद्दीन के लिए अब भी शताब्दी एक्सप्रेस और राजधानी एक्सप्रेस को ज्यादा तवज्जो दे रहे हैं। इसका कारण यह है कि भोपाल और हजरत निजामुद्दीन के लिए वंदे भारत की एक्जीक्यूटिव क्लास का किराया राजधानी एक्सप्रेस के फर्स्ट एसी के किराये से ज्यादा है। वह भी तब, जब राजधानी व शताब्दी एक्सप्रेस के किराये में सर्वाधिक डायनामिक फेयर लग रहा है। यही कारण है कि वंदे भारत एक्सप्रेस को शताब्दी एक्सप्रेस के मुकाबले कम यात्री मिल रहे हैं।

लोग वंदे भारत एक्सप्रेस के बजाय शताब्दी एक्सप्रेस और राजधानी एक्सप्रेस में यात्रा करना पसंद कर रहे हैं। इसका कारण यह भी है कि भोपाल के लिए वंदे भारत के एक्जीक्यूटिव क्लास का किराया 2170 रुपये है, जबकि राजधानी एक्सप्रेस के फर्स्ट एसी कोच में डायनामिक फेयर के साथ 2100 रुपये किराया लग रहा है। वहीं दिल्ली के लिए यह किराया 1785 रुपये होता है, जबकि राजधानी में डायनामिक फेयर के साथ 1755 रुपये किराया हो रहा है। इसमें भी यात्री को पूरी बर्थ उपलब्ध



होती है, जिस पर वह लेटकर सफर कर सकता है। पिछले कुछ दिनों के आंकड़ों पर गौर करें, तो देखने में आता है कि भोपाल और हजरत निजामुद्दीन के लिए वंदे भारत के मुकाबले शताब्दी एक्सप्रेस में ज्यादा यात्री सफर कर रहे हैं।

### चलाने पर खर्चा अधिक, आय हुई कम

पर्याप्त संख्या में यात्री न मिलने के कारण वंदे भारत एक्सप्रेस अपने संचालन में होने वाले खर्च की आधी आय भी नहीं कर पा रही है। एक अप्रैल 2023 से 31 जनवरी 2024 तक इस ट्रेन के संचालन में रेलवे ने लगभग 75 करोड़ रुपए की राशि खर्च की, लेकिन आय लगभग 31 करोड़ रुपए ही हुई। वहीं शताब्दी एक्सप्रेस के संचालन में लगभग 35 करोड़ रुपए का खर्चा हुआ, जिसके बदले में 42 करोड़ रुपए से अधिक की आय हुई है।

# कूनो नेशनल पार्क की ट्रैकिंग टीम को किया हाइटेक

**- वनरक्षकों को दिए गए हाई फ्रीक्वेंसी के वायरलेस सेट**

**- अब दोगुनी क्षमता व सटीक हो सकेगी चीतों की निगरानी**

भोपाल। कूनो नेशनल पार्क में लगभग आठ माह से बाड़ों में बंद चीतों को खुले जंगल में छोडऩे को लेकर वरिष्ठ स्तर पर मंथन चल रहा है। यही कारण है कि इससे पहले चीता ट्रैकिंग टीम को पूरी तरह हाइटेक कर दिया गया है। ट्रैकिंग में लगे वनरक्षकों को हाई फ्रीक्वेंसी के वायरलेस सेट दिए गए हैं, जिनमें जीपीएस के साथ पर्सनल बात करने की सुविधा और आटो रिकार्डिंग है। पहले पुराने सेट में पांच किमी तक संपर्क करने की क्षमता थी तो नए सिस्टम में यह रेंज दोगुना हो गई है। चौकी पर जो नए सेट लगाए गए हैं वह सौ किमी तक संपर्क कर सकते हैं। कूनो प्रबंधन चीता ट्रैकिंग टीम की लोकेशन आसानी से ले सकेगा। बता दें कि कूनो में खुले में अभी जंगल में दो ही चीते हैं जिसमें एक मुरैना में जंगल में पहुंच गया है। बाड़े में अभी 11 चीते हैं जिनमें से भारतीय मौसम में ढल चुके कुछ चुनिंदा चीतों को एक एक कर बाहर छोड़े जाने की प्रक्रिया शुरू की जानी है। कूनो में चीतों की मौजूदगी और कूनो फारेस्ट फेस्टिवल होने के बाद से पर्यटकों की उम्मीदें और बढ़ गई हैं। यही कारण है कि कूनो प्रबंधन से लेकर वरिष्ठ स्तर के अधिकारी अब इसको लेकर तैयारी कर रहे हैं। खुले जंगल में आने के बाद निश्चित ही कूनो में पर्यटन बढ़ेगा।

### चीता की निगरानी में यह होगा फायदा

कूनो में चीतों की निगरानी के सिस्टम को और तकनीकी रूप से मजबूत इसलिए किया गया है जिससे पल पल की अपडेट मिलती रहे। पिछले कुछ समय में चीतों की मौत के मामले में यह भी देखने में आया कि चीते के साथ कोई घटना हुई या संघर्ष लेकिन टीमों को काफी देर से पता चल सका। अब फ्रीक्वेंसी रेंज बढऩे से लेकर व्यक्तिगत तत्काल मैसेज डिलीवर करने की सुविधा जीपीएस के साथ बढ़ी है। कोई भी ट्रैकिंग टीम वरिष्ठ अफसरों से झूठ नहीं बोल सकेगी।

# पार्टी से माफी मांग सकता हूं, पर किसी व्यक्ति से नहीं-दीपक जोशी

भाजपा में वापसी करने के सवाल पर बोले पूर्व मंत्री

भोपाल। प्रदेश के पूर्व मंत्री दीपक जोशी ने भाजपा में वापसी करने के सवाल पर कहा कि मैं किसी से माफी मांगकर बीजेपी में नहीं आऊंगा। पार्टी से माफी मांग सकता हूं, पर किसी व्यक्ति से नहीं। भाजपा की तरफ से मुझे फिर पार्टी में लेने की कोशिश हुई, न कि मेरी ओर से। अब मैंने ठोस निर्णय ले लिया है कि कांग्रेस के साथ ही रहूंगा। कांग्रेस प्रत्याशियों की पक्ष में सभाएं भी कर रहा हूं। बता दें कि श्री जोशी मप्र में पिछले साल विधानसभा चुनाव के पहले भाजपा छोड़कर कांग्रेस में शामिल हो गए थे। जोशी ने कांग्रेस में जाने के बाद कहा था कि पार्टी में उनकी उपेक्षा हो रही है। उनके छोटे-छोटे काम भी नहीं हो रहे हैं। कांग्रेस ने उन्हें खातेगांव से विधानसभा को चुनाव भी लड़ाया था, पर वह हार गए थे। मीडिया से चर्चा में दीपक जोशी ने कहा कि पिछले माह पूर्व विधायक अरुणोदय चौबे के साथ मुझे भी भाजपा की सदस्यता लेने के लिए संगठन की तरफ से बुलाया गया था। उसी दिन भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा और डा. नरोत्तम मिश्रा ने अलग-अलग फोन करके दो नेताओं से माफी मांगने के लिए कहा था, जो मुझे स्वीकार नहीं था। यही कारण है कि मैं भाजपा में नहीं गया। उन्होंने कहा कि मेरी गलती क्या है, जो मुझे किसी से माफी मांगनी पड़े।

# महाकाल मंदिर में श्रद्धालुओं के मोबाइल लाने पर सख्ती से रोक

## अग्निकांड के बाद सुरक्षा व्यवस्था के लिए कठोर कदम उठाए

भोपाल। प्रदेश के उज्जैन शहर स्थित महाकालेश्वर मंदिर में श्रद्धालुओं के मोबाइल लाने पर सख्ती से रोक लगा दी गई है। वहीं भस्म आरती के दौरान गर्भगृह में पुजारियों की संख्या को सीमित कर दिया गया है। साथ ही पंडे, पुजारी तथा सेवकों के अनावश्यक रूप से मंदिर में घूमने पर रोक लगा दी गई है। मंदिर के गर्भग्रह में होली पर हुए अग्निकांड के बाद मंदिर प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था के लिए कठोर कदम उठाए हैं। मंदिर प्रशासक मृणाल मीना ने बताया महाकाल मंदिर की व्यवस्थाओं में सुधार के लिए महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति तथा जिला प्रशासन द्वारा संयुक्त द्वार से कार्रवाई की जा रही है। इसके तहत भस्म आरती के समय गर्भगृह में पुजारियों की संख्या को सीमित कर दिया गया है। अनावश्यक पंडा, पुजारी तथा सेवकों का प्रवेश भी प्रतिबंधित किया गया है। भस्म आरती दर्शन करने आने वाले



दर्शनार्थियों को भी जांच पड़ताल के उपरांत ही मंदिर में प्रवेश दिया जा रहा है। श्रद्धालुओं के मोबाइल लेकर आने पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया है। इलेक्ट्रानिक उपकरण सहित अन्य संवेदनशील उपकरण जिनसे दुर्घटना की आशंका होती है, उन्हें अलग रखवाने के लिए काउंटर बनाए जा रहे हैं।भस्म आरती के नाम पर श्रद्धालुओं से रुपये लेने वालों के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित कराई जा रही है।भस्म आरती के दौरान पहले लोग नंदीजी के सामने गेट तक बैठते थे। अब भक्तों को नंदीजी के पीछे से बैठाया जा रहा है। इससे आपात स्थिति में नगाड़ा गेट से नंदी हाल के रैंप तक आवागमन अवरुद्ध नहीं होगा।

# आईपीएल के अगले सत्र में शायद ही नजर आयें धोनी सहित ये दिग्गज

मुम्बई। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में खेल रहे कई खिलाड़ी उम्रदराज होते जा रहे हैं और ऐसे में उनके अगले सत्र में खेलने की संभावनाएं नहीं हैं। इनमें चेन्नई सुपरकिंग्स के पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी से लेकर स्पिनर अमित मिश्रा, विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक और विकेटकीपर बल्लेबाज ऋद्धिमान साहा जैसे खिलाड़ी हैं। धोनी अभी 42 साल के हैं और जिस प्रकार उन्होंने इस सत्र में कप्तानी छोड़ी है। उससे माना जा रहा है कि वह अगले सत्र में नहीं खेलेंगे। वहीं धोनी के अलावा अमित मिश्रा और दिनेश कार्तिक भी 37 साल से अधिक उम्र के हो गये हैं। ऋद्धिमान साहा 39 साल के हैं। धोनी के अलावा दिनेश कार्तिक ने भी अगले सत्र में नहीं खेलने के संकेत दिये हैं।



### महेन्द्र सिंह धोनी

महेन्द्र सिंह धोनी आईपीएल की शुरुआत से ही खेल रहे हैं। वह चेन्नई सुपरकिंग्स के ही साथ रहे हैं पर स्पॉट फिक्सिंग मामले में सीएसके के दो साल के लिए प्रतिबंधित होने के बाद वे 2016 और 2017 में रॉयल पुणे सुपरजायंट्स से खेले थे। आईपीएल में अब तक धोनी ने 255 मैचों में 39.09 के औसत से 5121 रन बनाए हैं जिसमें नाबाद 84 रन सर्वोच्च स्कोर है। विकेटकीपर के तौर पर वे 184 शिकार कर चुके हैं जिसमें 142 कैच और 42 स्टंपिंग हैं।



### अमित मिश्रा

स्पिनर अमित मिश्रा आईपीएल में तीन हैट्रिक लेने वाले एकमात्र गेंदबाज हैं। लखनऊ सुपरजायंट्स टीम के स्पिनर अमित को इस सत्र में अब तक कोई मैच खेलने का अवसर नहीं मिला है। पहले सत्र यानी वर्ष 2008 से ही आईपीएल खेल रहे इस स्पिनर ने अब तक दिल्ली कैपिटल्स, सनराइजर्स हैदराबाद और लखनऊ सुपरजायंट्स का प्रतिनिधित्व किया है और 161 मैचों में 23.84 के औसत से 173 विकेट लिए हैं।



### ऋद्धिमान साहा

गुजरात टाइटंस के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋद्धिमान साहा का क्रिकेट करियर भी अंतिम दौर में है। 39 वर्ष से अधिक उम्र के साहा के लिए मौजूदा सीजन बैटर के तौर पर खास नहीं रहा है। चार मैचों में 19.00 के औसत से केवल 76 रन ही उन्होंने बनाये हैं। देश के बेहतरीन विकेटकीपरों में शामिल रहे साहा पूर्व में पंजाब किंग्स, कोलकाता नाइटराइडर्स और सनराइजर्स हैदराबाद की ओर से भी खेल चुके हैं। 2008 से आईपीएल टीम का हिस्सा रहे बंगाल के इस विकेटकीपर बैटर ने अब तक 165 मैचों में 2874 रन बनाए हैं।



### दिनेश कार्तिक

विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक के नाम पर आईपीएल में कुछ बेहतरीन पारियां हैं। फिनिशर के के तौर पर उन्होंने बेहद अहम पारियां खेली हैं। इस सत्र में आरसीबी टीम के सदस्य कार्तिक ने 5 मैचों की चार पारियों में दो बार नाबाद रहते हुए 45 के औसत और 173.07 के स्ट्राइक रेट से 90 रन बनाए हैं। आईपीएल के 247 मैचों में 26 के औसत और 133.31 के स्ट्राइक रेट से उनके नाम 4606 रन हैं जिसमें 20 अर्धशतक हैं।

## आईपीएल 2024 में आज आमने-सामने होंगी दिल्ली कैपिटल्स और लखनऊ सुपर जायंट्स

लखनऊ। लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम शुक्रवार को यहां आईपीएल 2024 सत्र में अपने घरेलू मैदान पर दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ जीत की लय बरकरार रखने उतरेगी। लखनऊ सुपर जायंट्स ने अब तक चार में से तीन मैच जीते हैं और इस प्रकार वह 6 अंक लेकर तालिका में तीसरे नंबर पर है जबकि दिल्ली की टीम अब तक केवल एक जीत के साथ 2 अंक लेकर अंतिम स्थान पर है। ऐसे में इस मैच में भी लखनऊ को जीत का प्रबल दावेदार माना जा रहा है क्योंकि अब तक उसके बल्लेबाजों और गेंदबाजों का प्रदर्शन अच्छा रहा है। इसके साथ ही टीम को प्रदर्शन खेल के सभी विभागों में अच्छा रहा है। ऐसे में दिल्ली कैपिटल्स को इस मैच में जीत के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। उसके बल्लेबाजों के साथ ही गेंदबाजों को भी अपनी भूमिका ठीक से निभानी होगी।

दिल्ली कैपिटल्स के गेंदबाजों को इस मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स के बल्लेबाजों पर अंकुश लगाना होगा अगर वह ऐसा नहीं कर पाते तो सुपर जायंट्स बना स्कोर बनाकर मैच पर हावी हो जाएगी।

सुपर जायंट्स को इस मैच में 150 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी करने वाले उसके तेज गेंदबाज मयंक यादव की कमी खलेगी। मयंक ने पिछले मुकाबलों में टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। मयंक पेट की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण टीम से बाहर हो गये हैं। मयंक के नहीं होने से लखनऊ की टीम को युवा तेज गेंदबाज यश ठाकुर से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी। यश न पिछले मैच में पांच विकेट लिए थे। इसके अलावा टीम के पास नवीन उल हक, क्रुणाल पंड्या और लेग स्पिनर रवि बिश्नोई जैसे गेंदबाज हैं।

वहीं बल्लेबाजी में लखनऊ के पास क्विंटन डिकॉक और कप्तान केएल राहुल जैसे शानदार सलामी बल्लेबाज हैं। डिकॉक ने अभी तक दो अर्धशतक लगाये हैं हालांकि राहुल अब तक बड़ी पारी नहीं खेल पाये हैं। बल्लेबाज निकोलस पूरन भी अच्छ फॉर्म में हैं जिसका लाभ टीम को मिलेगा। टीम की परेशानी युवा बल्लेबाज देवदत्त पडीक्कल का खरा फॉर्म रहा है। पडीक्कल अब तक दो अंकों में भी नहीं पहुंच पाये हैं।

दूसरी ओर कप्तान ऋषभ पंत की दिल्ली कैपिल्स को अब तक केवल एक मैच में जीत मिली है। उसने सीएसके को हराया था पर उसके बाद से ही टीम हार रही है। पिछले मैच में उसे मुम्बई इंडियंस से हार का सामना करना पड़ा था। कैपिटल्स की सबसे बड़ी चिंता उसकी कमजोर तेज गेंदबाजी है ऐस में अब अब इस मैच में तेज गेंदबाजी की कमान अनुभवी ईशांत शर्मा और खलील अहमद पर रहेगी। मुकेश कुमार भी चोट से वापसी कर सकते हैं पर उनका प्रदर्शन भी अब तक प्रभावी नहीं रहा है। मध्यम गति के गेंदबाज सुमित कुमार और रसिक डार के लिए सुपरजायंटस के बल्लेबाजों को रोकना आसान नहीं होगा।

तेज गेंदबाज एनरिच नॉर्किया भी चोट से वापसी के बाद धातक गेंदबाजी नहीं कर सके हैं। वहीं बल्लेबाजी में अब तक कप्तान ऋषभ पंत और ट्रिस्टन स्टब्स के अलावा अन्य बल्लेबाजों ने निराश किया है। बल्लेबाज पृथ्वी शॉ भी अब तक अपने पहले वाले अंदाज में नहीं दिखे हैं। ऐसे में अगर टीम को जीत दर्ज करनी है तो इस मैच में सभी बल्लेबाजों को रन बनाने होंगे। कुल मिलकार देखा जाए तो ये मैच रोमांचक होने की उम्मीद है।

दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं

दिल्ली कैपिटल्स = ऋषभ पंत (कप्तान), डेविड वॉर्नर, पृथ्वी साव, स्वस्तिक चिकारा, यश ढुल, एनरिच नॉर्किया, ईशांत शर्मा, झाय रिचर्डसन, खलील अहमद, कुलदीप यादव, मुकेश कुमार, प्रवीण दुबे, रसिक डार, विकी ओस्तवाल, अक्षर पटेल, जैक फ्रेजर गुर्क, ललित यादव, मिचेल मार्श, सुमित कुमार, अभिषेक पोरेल, कुमार कुशाग्र, रिकी भुई, शाइ होप, ट्रिस्टन स्टब्स।

लखनऊ सुपर जाइंट्स= केएल राहुल (कप्तान), क्विंटन डिकॉक, निकोलस पूरन, आयुष बदोनी, काइल मेयर्स, मार्कस स्टोइनिस, दीपक हुडा, देवदत्त पडिक्कल, रवि बिश्नोई, नवीन उल हक, क्रुणाल पंड्या, युद्धवीर सिंह, प्रेरक मांकड़, यश ठाकुर, अमित मिश्रा, शमर जोसेफ, मयंक यादव, मोहसिन खान, के गौतम, शिवम मावी, अर्शिन कुलकर्णी, एम सिद्धार्थ, एश्टन टर्नर, मैट हेनरी, मोहम्मद अरशद खान।

## अंतिम गेंद पर जीती गुजरात, राजस्थान को मिली पहली हार

जयपुर। राजस्थान रॉयल्स को आईपीएल 2024 सत्र में पहली बार हार का सामना करना पड़ा है। गुजरात टाइटंस के खिलाफ हुए एक रोमांचक मुकाबले में उसे तीन विकेट से हार का सामना करना पड़ा है। गुजरात के राशिद खान ने अंतिम गेंद पर चौका लगाकर अपनी टीम को जीत दिलायी जबकि उसे केवल दो रन चाहिये थे। राजस्थान की टीम ने इससे पहले हुए सभी चार मैचों को जीता था। इस मैच में संजू सैमसन की राजस्थान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 196 रन बनाये थे पर शुभमन गिल की गुजरात ने इसके जवाब में सात विकेट पर 199 रन बनाकर मैच जीत लिया।



इस मैच में पहले खेलते हुए राजस्थान रॉयल्स ने रियान पराग और संजू सैमसन के अर्धशतकों की सहायता से 3 विकेट पर 196 रन बनाये। रियान ने 48 गेंदों पर 5 छक्कों और 3 चौकों की सहायता से 76 रन बनाए जबकि संजू सैमसन ने 38 गेंद पर नाबाद 68 रन बनाए। उन्होंने अपनी अर्धशतकीय पारी में 2 छक्के और 7 छक्के लगाये। रियान और संजू ने तीसरे विकेट के लिए 78 गेंदों पर 130 रन बनाये। इसके बाद बल्लेबाजी करते हुए गुजरान ने भी 18वें ओवर में 157 रनों पर ही 6 विकेट खो दिये थे पर अंतिम 2 ओवरों में गुजरात ने मुकाबला अपने नाम कर लिया।

गुजरात की ओर से 19 वें ओवर में राहुल तेवतिया और राशिद खान ने मिलकर 20 रन बनाये। गुजरात को आखिरी ओवर में जीत के लिए 6 गेंदों पर 15 रन चाहिये थे। ऐसे में आवेश खाने के अंतिम ओवर में पहली ही गेंद पर राशिद खान ने चौका लगा दिया। वहीं दूसरी गेंद पर दो रन बने। तीसरी गेंद पर राशिद ने फिर चौका लगा दिया। अब गुजरात को 3 गेंद पर 5 रन की जरूरत थी। राशिद ने चौथी गेंद पर एक रन लिया पर पांचवीं गेंद पर राहुल तेवतिया आउट हो गए। इसके बाद राशिद खान ने आखिरी गेंद पर चौका लगाकर अपनी टीम को लक्ष्य तक पहुंचा दिया। राशिद ने 11 गेंदों पर 4 चौकों की मदद से नाबाद 24 रन बनाए।

## गावस्कर ने राशिद को स्टोक्स जैसा खिलाड़ी बताया

मुम्बई। भारतीय क्रिकेट टीम पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने गुजरात टाइटंस के उपकप्तान राशिद खान की जमकर प्रशंसा करते हुए उनकी तुलना इंग्लैंड के ऑलराउंडर बेन स्टोक्स से की है। गावस्कर ने कहा कि राशिद ऐसे खिलाड़ियों में शामिल हैं जो मैदान पर सभी क्षेत्रों में पूरी ताकत लगा देते हैं फिर चाहे वह बल्लेबाजी हो या गेंदबाजी या क्षेत्ररक्षण। राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ खेले गये मुकाबले में गुजरात टाइटंस को अंतिम गेंद में जीत दिलाने में राशिद की अहम भूमिका रही। राशिद ने इस गेंद में चार रन बनाये। इससे पहले राशिद खान ने गेंदबाजी के दौरान जोस बटलर को आउट किया और 11 गेंद में 24 रन की शानदार पारी खेली।



गावस्कर ने राशिद की न केवल महत्वपूर्ण विकेट लेने की उनकी क्षमता के लिए बल्कि उस समय बल्ले से उनके योगदान के लिए भी सराहा जब उनकी टीम को उनकी सबसे ज्यादा जरूरत थी।

गावस्कर ने कहा, राशिद हमेशा की तरह विकेट लेता है और जब बल्ले से जरूरत होती है तो वह अपना काम करता है। यही कारण है कि दुनिया भर में मौजूद सभी फ्रेंचाइजी उसे खरीदना चाहती हैं। वे उसे चाहते हैं क्योंकि वे उसकी प्रतिबद्धता, बल्लेबाजी, गेंदबाजी, क्षेत्ररक्षण देखते हैं। वह क्षेत्ररक्षण करते समय अपना सब कुछ झोंक देते हैं। जहां गेंदबाज फील्डिंग के दौरान डाइव लगाने से दूर भागते है वहीं राशिद ऐसा करते हैं। वह टीम को सौ फीसदी योगदान देना चाहते हैं। उन्होंने आगे कहा, स्टोक्स भी बल्लेबाजी , गेंदबाजी और फील्डिंग में अपना सौ फीसदी

## टी20 विश्वकप में बुमराह के जोड़ीदार बन सकते हैं अर्शदीप

मुम्बई। आईपीएल में पंजाब किंग्स के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने अब तक जिस प्रकार अच्छी गेंदबाजी की है। उससे जून में अमेरिका और वेस्टइंडीज में संयुक्त रुप से होने वाले टी20 विश्वकप के लिए उनकी दावेदारी मजबूत हुई है। अब तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के जोड़ीदार के तौर पर अर्शदीप को जगह मिल सकती है। अर्शदीप ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ शानदार गेंदबाजी करते हुए केवल 29 रन देकर 4 विकेट लिए थे। अर्शदीप ने इस मैच में हैदराबाद केट्रेविस हेड और एडेन मार्करम को सबसे पहले पेवेलियन भेजा।

## आईपीएल में सबये ज्यादा चौके, छक्के लगाने के मामले में वेस्टइंडीज के क्रिकेटरों का रहा है दबदबा

मुम्बई। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में दुनिया भर के क्रिकेट खेलते हैं। इस लीग के इतिहास पर नजर डालें तो इसमें खेलने वाले विदेशी खिलाड़ियों में सबसे ज्यादा आक्रामक वेस्टइंडीज के क्रिकेटर साबित हुए हैं। विस्फोटक बल्लेबाज क्रिस गेल, कीरोन पोलार्ड और आंद्र रसेल ने इन टूर्नामेंट में जमकर चौके , छक्के लगाये हैं। आईपीएल इतिहास में चौकों से ज्यादा छक्के लगाने के मामले में सबसे उपर मुंबई इंडियंस के पूर्व ऑलराउंडर कीरोन पोलार्ड का नाम टॉप पर है। उनके खाते में 218 चौके हैं जबकि छक्कों की संख्या 223 है। वहीं दूसरे नंबर पर भी वेस्टइंडीज के ही आंद्र रसेल हैं। रसेल ने कोलकाता नाइटराइडर्स की ओर से खेलते हुए 157 चौके मारे हैं जबकि उनके छक्कों की संख्या 203 रही है।



आईपीएल में चौके से ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाजों की सूची तीसरे नंबर पर भी वेस्टइंडीज के ही निकोलस पूरन हैं। पूरन ने लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए खेलते हुए इस टूर्नामेंट में 85 चौके मारे हैं जबकि छक्के कुल 103 लगा चुके हैं। आईपीएल में चौके से ज्यादा छक्के मारने वाले बल्लेबाजों की सूची में पांचवें नंबर पर भी वेस्टइंडीज के बल्लेबाज राजस्थान रॉयल्स की ओर से खेलने वाले शिमरोन हेटमायर ने 68 चौके मारे हैं जबकि छक्के 76 लगा चुके हैं। टूर्नामेंट में चौके से ज्यादा छक्के मारने वाले बल्लेबाजों की सूची में एक मात्र भारतीय के रूप में ऑलराउंडर शिवम दुबे हैं। शिवम ने अबतक 67 चौके और 83 छक्के मारे हैं।

## ऑरेंज कैप की रेस में दूसरे नंबर पर पहुंचे रियान पराग

जयपुर । राजस्थान रॉयल्स के यू खिलाड़ी रियान पराग ने इस सत्र में शानदार प्रदर्शन कर अपनी क्षमताओं को दिखाया है। गुजरात टाइटंस के खिलाफ अपने घरेलू मैदान पर पराग ने इस सत्र में अपना तीसरा अर्धशतक लगाया है। इससे वह ऑरेंज कैप की रेस में दूसरे नंबर पर हैं। अब तक इस सत्र में सबसे अधिक रन बनाकर केवल विराट कोहली ही नंबर एक पर चल रहे हैं। पराग ने गुजरात के खिलाफ 48 बॉल पर 76 की बेहतरीन पारी खेली।



गुजरात टाइटंस के खिलाफ मुकाबले में भी पराग ने शानदार पारी खेली थी हालांकि उनकी टीम को हार का सामना करना पड़ा। पराग ने इस सत्र में अबतक तीन अर्धशतक लगाये हैं। इससे पहले के सत्र में पराग अपने कमजोर प्रदर्शन के कारण सोशल मीडिया पर ट्रोलर्स के निशाने पर रहते थे। इस दौरान टीम प्रबंधन ने उनका पूरा साथ दिया जिसका लाभ अब नजर आ रहा है।

आईपीएल 2024 में टीम प्रबंधन ने पराग को नंबर 4 पर भेजा जिससे भी उन्हें लाभ हुआ। घरेलू सर्किट में शानदार प्रदर्शन को देखते हुए उनके बल्लेबाजी क्रम का ऊपर किया गया। लंबे समय तक खराब फॉर्म के कारण निशाने पर रहे पराग ने पहले घरेलू सर्किट में शानदार प्रदर्शन किया और अब उसे आईपीएल में भी बरकरार रखा है।

## कोहली ने कहा गंभीर से गले मिलने के बाद कुछ लोगों को मसाला मिलना बंद हुआ

नई दिल्ली। भारतीय टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली ने कहा कि केकेआर के मेंटर गौतम गंभीर को गले के बाद से वे लोग निराश हैं जिन्हें बेवजह मामले को तूल देने के लिए मसाला चाहिये रहता है। उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों के लिए अब मसाला समाप्त हो गया है। केकेआर और आरसीबी के बीच हुए मुकाबले में गंभीर और कोहली को गले मिलते देखते उनके प्रशंसकों को खुशी हुई थी। पिछले सत्र में विराट और गंभीर के बीच बहस हो गयी थी। कोहली ने कहा, कुछ लोग मेरे व्यवहार से निराश हैं। मैंने गंभीर भाई को उस दिन मुझे गले लगाया। इसलिए कुछ लोगों के पास अब बात करने को मसाला नहीं रहा है।

## हफीज ने पीसीबी पर युवा क्रिकेटरों की उपेक्षा का आरोप लगाया

लाहौर। पाकिस्तान क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान मोहम्मद हफीज ने न्यूजीलैंड दौरे के लिए टीम चयन पर कड़ी आपत्ति जतायी है। पाक टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ खिलाफ 18 अप्रैल से 5 मैचों की एक टी20 सीरीज खेलेगी। हफीज पूर्व में टीम डायरेक्टर भी रहे हैं। उनका कहना है कि इस टीम में युवाओं को अधिक अवसर नहीं दिया गया है। हफीज ने अपनी नाराजगी सोशल मीडिया पर की है। हफीज ने फिक्सिंग के लिए सजा पाने वाले मोहम्मद आमिर और संन्यास से वापस लौटने वाले इमाद वसीम को टीम में शामिल किये जाने को गलत बताया है। हफीज के अनुसार इन दोनो की जगह युवाओं को शामिल किया जाना था। इस पूर्व कप्तान ने सोशल मीडिया के जरिये पीसीबी पर निशाना साधा है। हफीज ने कहा कि बोर्ड के पास न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज में घरेलू क्रिकेट के युवाओं को मौका देने का अच्छा मौका था पर उसने सीनियर और रिटायर्ड खिलाड़ियों को शामिल किया है। जहां कुछ लोग हफीज के इस कमेंट को अच्छा बता रहे हैं तो कई उनके खिलाफ हैं। कुछ लोगों का कहना है कि टीम डायरेक्टर के रूप में फेल होने के बाद हफीज इस तरह से पीसीबी को निशाना बना रहे हैं। आमिर की 4 साल बाद पाकिस्तान टीम में वापसी हुई हैद्य। आमिर आगामी टी20 विश्व कप 2024 में पाकिस्तान टीम का हिस्सा होंगे। इसी प्रकार ऑलराउंडर इमाद को भी विश्व कप को देखते हुए रखा गया है।



## पीएसएल में बेहतर प्रदर्शन करने वाले उस्मान को पीसीसी ने दिया अवसर

लाहौर । पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने इस बार न्यूजीलैंड दौरे के लिए युवा उस्मान खान को शामिल किया है। उस्मान को पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) में उनके शानदार प्रदर्शन के लिए अवसर दिया है। पीएसएल में उस्मान ने लगातार दो शतक लगाये थे। वह पीएसएल में सबसे तेज शतक जड़ने वाले खिलाड़ी भी बने थे। पाक और न्यूजीलैंड टीमों के बीच 18 अप्रैल से 5 मैचों की एक टी20 सीरीज खेली जाएगी। उस्मान विवादों में भी रहे हैं। उनपर अमीरात क्रिकेट बोर्ड ने पांच साल का प्रतिबंध लगाया है। अमीरात बोर्ड ने उस्मान पर धोखा देने का आरोप लगाते हुए ये प्रतिबंध लगाया है।

## टी20 विश्वकप के लिए यशस्वी को शायद ही जगह मिले

जयपुर। सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायस्वाल को जून में होने वाले टी20 विश्वकप के लिए शायद ही भारतीय टीम में जगह मिले। इसका कारण टी20 में उनका अब तक का कमजोर प्रदर्शन रहा है। यशस्वी के पास इस आईपीएल में अपने प्रदर्शन को बेहतर बनाने का अवसर था पर अब तक वह इसमें सफल होते नहीं दिखते हैं। राजस्थान रॉयल्स की ओर से खेल रहे यशस्वी अब तक आईपीएल में बेहतर प्रदर्शन नहीं कर पाये हैं। गुजरात टाइटंस के खिलाफ मुकाबले में भी यशस्वी बड़ी पारी नहीं खेल पाये। उन्होंने अब तक के अपने पहले पांच मुकाबलों में केवल 63 रन ही बनाए हैं। जिसमें 24 रन उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर रहा है। ऐस में अगर उन्हें विश्वकप में जगह बनानी है तो बड़ी पारी खेलनी होगी। बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने पहले ही ऐलान कर दिया था कि रोहित शर्मा ही विश्वकप में टीम इंडिया के कप्तान होंगे। ऐसे में उनकी सलामी जोड़ीदार के तौर पर शुभमन गिल को शामिल किया जा सकता है। शुभमन ने आईपीएल में भी अच्छा प्रदर्शन किया है, इसलिए वह रोहित के जोड़ीदार के लिए प्रबल दावेदार बनकर उभरे हैं। बाएं हाथ के युवा बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने अब तक केवल 63 रन रन बनाये हैं। पिछले सत्र में अनकैप्ड प्लेयर के तौर पर 600 से ज्यादा रन बनाकर इतिहास रचने वाले यशस्वी के कमजोर प्रदर्शन से सभी को हैरानी होगी।



## एकदिवसीय क्रिकेट विश्व कप 2027 की मेजबानी संयुक्त रूप से दक्षिण अफ्रीका, जिंबाब्वे और नामीबिया करेंगे - आईसीसी

जोहानिसबर्ग। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने क्रिकेट विश्व कप 2027 के लिए स्थल घोषित कर दिया है। विश्व कप 2027 की मेजबानी अक्टूबर-नवंबर में संयुक्त रूप से दक्षिण अफ्रीका, जिंबाब्वे और नामीबिया करेंगे।आईसीसी ने 8 शीर्ष क्रिकेट स्टेडियमों को 2027 आईसीसी एकदिवसीय क्रिकेट विश्व कप के आयोजन स्थल के रूप में रखा है। इसमें जोहनिसबर्ग का वांडरर्स, डरबन का किंग्समीड और केप टाउन का न्यूलैंड्स है।



वहीं क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी फोलेत्सी मोसेकी ने कहा कि आयोजन स्थल होटल के कमरों और हवाई अड्डे की उपलब्धता को ध्यान में रखते हुए ही तय किए गए हैं। मोसेकी ने साथ ही कहा कि स्थलों के चयन का तरीका इस प्रकार से था कि इसमें होटल के कमरों की संख्या और हवाईअड्डे की उपलब्धता पर भी ध्यान दिया गया।

मोसेकी ने आगे कहा कि बेनोनी, जेबी मार्क्स ओवल और डायमंड ओवल जैसे तीन स्थलों को छोड़ना उनके लिए कठिन रहा। उन्होंने साथ ही कहा कि हमारे पास आईसीसी से मान्यता प्राप्त 11 स्थल हैं इसलिए 3 को छोड़ना कठिन था पर इस दौरान बहुत सारी चीजों को ध्यान में रखा गया। आयोजन स्थल के अलावा इसके आसपास प्रशिक्षण स्थलों की मौजूदगी ने भी अहम भूमिका निभाई।

दक्षिण अफ्रीका में टूर्नामेंट के मुख्य स्थल वांडरर्स, प्रिटोरिया का सेंचुरियन पार्क, किंग्समीड, गकेबरहा का सेंट जॉर्ज पार्क, पार्ल का बोलैंड पार्क और न्यूलैंड्स होंगे जबकि ब्लोमफोंटेन का मैनगौंग ओवल और ईस्ट लंदन का बफेलो पार्क भी कुछ मैचों की मेजबानी करेंगे। वहीं अन्य मुकाबले टूर्नामेंट के सह मेजबान जिंबाब्वे और नामीबिया में खेल जाएंगे। मेजबान दक्षिण अफ्रीका और जिंबाब्वे ने टूर्नामेंट के लिए सीधे क्वालीफाई कर लिया है पर नामीबिया को अफ्रीकी क्वालीफायर से गुजरना होगा।आईसीसी एकदिवसीय रैंकिंग में शीर्ष 8 टीमें टूर्नामेंट के लिए सीधे क्वालीफाई करेंगी जबकि शेष 4 टीमें वैश्विक क्वालीफायर टूर्नामेंट के जरिये पहुंचेंगी। टूर्नामेंट में 7-7 टीमों के दो ग्रुप होंगे। प्रत्येक समूह से शीर्ष तीन टीमें सुपर सिक्स चरण में आगे बढ़ेंगी जिससे सेमीफाइनल और फाइनल की विजेता टीमें निकलेंगी।

## सैमसन को दोहरा झटका, हार के बाद जुर्माना भी लगा

जयपुर। राजस्थान रॉयल्स को आईपीएल 2024 सत्र के 24 वें मुकाबले में गुजरात टाइटंस के खिलाफ हार के साथ ही एक और झटका लगा है। इस मैच में धीमी ओवर गति के लिए राजस्थान पर जुर्माना भी लगा है। इस मैच में राजस्थान की टीम तय समय में अपने 20 ओवर पूरे नहीं कर पायी थी। इसलिए कप्तान संजू सैमसन पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। संजू सैमसन पर मौजूदा सीजन में पहली बार जुर्माना लगाया गया है। अब यदि दूसरी बार टीम धीमी ओवर गति के लिए दोषी पायी जाती है तो सैमना पर 24 लाख रुपये जुर्मान लगेगा।

# मप्र में बारिश के साथ गिरे ओले, 8 राज्यों में झमाझम

## जम्मू-हिमाचल में स्नो फॉल, राजस्थान-यूपी और गुजरात में तापमान 40 डिग्री के पार

नई दिल्ली/भोपाल। बेमौसम बारिश और ओला गिरने से कई राज्यों में फसलों को नुकसान पहुंचा है। मप्र के अलग-अलग जिलों में हुई बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि के कारण खरीदी केन्द्रों पर गेहूं भीगने की खबरें सामने आई हैं। सीएम डॉ. मोहन यादव ने कहा कि किसी भी जिले में जनहानि, पशुहानि या किसी प्रकार का नुकसान होगा तो सरकार उसके प्रति गंभीर रहेगी। उसकी क्षतिपूर्ति करने के लिए मुआवजा दिया जाएगा, प्रदेश सरकार इसके लिए संकल्पित है। एक तरफ जहां देश में बारिश के दौर से तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। वहीं, कुछ इलाके ऐसे भी है जहां तेज गर्मी का असर देखने को मिल रहा है। मौसम विभाग ने बताया कि पश्चिमी राजस्थान, गुजरात और उत्तर प्रदेश के कुछ जिलों में तापमान 40 से 43 डिग्री के बीच रिकॉर्ड किया गया है।



मप्र में गुरुवार को भी मौसम बदल गया। रतलाम, सागर और छिंदवाड़ा में बारिश हुई। कई जिलों सुबह से बादल छाए रहे। पिछले 3-4 दिनों से कई जिलों में बारिश-ओले गिरने से तापमान में भी गिरावट देखी गई। मौसम विभाग ने भोपाल-इंदौर समेत 31 जिलों में भी गरज-चमक, ओले, बारिश और आंधी चलने की संभावना जताई है। नर्मदापुरम-बैतूल जिले के लिए रेड अलर्ट जारी किया गया है। यहां 60 किलोमीट प्रति घंटे की स्पीड से आंधी चल सकती है। रतलाम जिले में सुबह से बादल छाए रहे। दोपहर में अचानक मौसम बदला और तेज हवाओं के साथ बारिश होने लगी। रतलाम शहर में सडकें तरबतर हो गई। जिले के बाजना में भी जमकर पानी गिरा। सागर जिले में गरज-चमक के साथ बारिश हुई और ओले गिरे। जिले के बंडा में करीब 20 मिनट तक बारिश हुई।

### 19 जिलों के 108 शहर-कस्बों में गिरा पानी

इससे पहले प्रदेश के 19 जिलों के कुल 108 शहर और कस्बों में पिछले 24 घंटे के दौरान कहीं तेज तो कहीं हल्की बारिश हुई। जिन जिलों में बारिश हुई, उनमें भोपाल, इंदौर, सिवनी, छिंदवाड़ा, बालाघाट, नरसिंहपुर, मंडला, अनूपपुर, डिंडोरी, सागर, जबलपुर, बैतूल, सीहोर, नर्मदापुरम, रायसेन, शाजापुर, उज्जैन, देवास और विदिशा शामिल हैं। सिवनी के बरघाट में सबसे ज्यादा 45.2 मिमी यानी पौने 2 इंच से ज्यादा पानी गिरा। छिंदवाड़ा के अमरवाड़ा में भी इतनी ही बारिश हुई। बैतूल जिले के घोड़ा डूंगरी में डेढ़ इंच पानी बरसा। पूरे देश में वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के एक्टिव होने से कई राज्यों में गर्मी के मौसम में बारिश और ओले देखने को मिल रहे हैं। मौसम विभाग के मुताबिक, मप्र, छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र में बारिश का दौर जारी रहेगा। यहां 13 अप्रैल तक ओले गिरने का भी अलर्ट है। राजस्थान के 14 जिलों में बारिश का अलर्ट है। इसके अलावा पश्चिम बंगाल, झारखंड, ओडिशा, बिहार और अंडमान एंड निकोबार में भी बरसात का दौर देखने को मिल रहा है। उधर, जम्मू-कश्मीर और हिमाचल के कुछ इलाकों में भी 13 अप्रैल के बाद बर्फबारी की संभावना है।

### मौसम के बदलने की वजह

मौसम विभाग ने बताया कि पूरे देश में मौसम में बदलाव की वजह ईरान, पाकिस्तान होकर उत्तर भारत पहुंचने वाली लहरें यानी वेस्टर्न डिस्टर्बेंस है। इस कारण फरवरी, मार्च और अब अप्रैल में भी मौसम लगातार बदल रहा है। इंस्टीट्यूट आफ साइंस एंड रिसर्च एजुकेशन के अर्थ एंड एनवायरमेंटल साइंस डिपार्टमेंट के एसो. प्रोफेसर डॉ. पंकज कुमार के मुताबिक, 1980 से 2023 तक डब्ल्यूडी 43 प्रतिशत तक बढ़ गए हैं। मार्च में अब हर दूसरे, तीसरे दिन वेस्टर्न डिस्टर्बेंस पहुंच रहा है।

### फसल नुकसान की भरपाई की जाएगी- सीएम यादव

मप्र के सीएम डॉ. मोहन यादव ने ओलावृष्टि और गेहूं खरीदी को लेकर प्रशासन को निर्देश दिए हैं। सीएम ने कहा 80 प्रतिशत अनाज पहले से कवर्ड है। जो ओपन यानि खुले में रखा है उसको तत्काल सुरक्षित करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि ओलावृष्टि को लेकर प्रशासन को निर्देश जारी कर किये गए हैं। किसी भी जिले में जनहानि, पशुहानि या किसी प्रकार का नुकसान होगा तो सरकार उसके प्रति गंभीर रहेगी। उसकी क्षतिपूर्ति करने के लिए मुआवजा दिया जाएगा, प्रदेश सरकार इसके लिए संकल्पित है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार ने निर्देश जारी किए हैं। गेहूं की जो फसल आ रही है, उसकी चमक कमजोर थी। किसी कारण से उनको खरीदने में कठिनाई आ रही थी। वो निर्देश भी स्पष्ट हो गए हैं, किसान को किसी प्रकार का कष्ट न आने दें।

# भाजपा की कथनी और करनी में अन्तर -सम्राट सरस्वार

सिवनी। इंडिया गठबंधन कांग्रेस का उम्मीदवार श्री सम्राट अशोक सिंह सरस्वार जी ने जिला कांग्रेस कार्यालय सिवनी में पत्रकार वार्ता की। वार्ता में उन्होंने बताया कि भाजपा की कथनी और करनी में हमेशा अन्तर रहा है, चुनाव के भाजपा द्वारा बड़े-बड़े वादे किये जाते है जैसा कि अभी विधानसभा चुनाव में 3100 रू. प्रति क्विंटल धान, 2700 रू. प्रति क्विंटल गेहूँ खरीदी किये जाने, 450 रू. प्रति गैस सिलेंडर, 3000 रू. लाड़ली बहना को प्रति माह राशि दिये जाने की घोषणा की गई थी लेकिन चुनाव के बाद सिर्फ घोषणा ही रह गयी। सिवनी में रोजगार के साधन नही है जिस तरह महाराष्ट्र में इंडस्ट्रीयल ऐरिये है वैसा ही आवश्यकता है सिवनी में बड़े उद्योग स्थापित हो, बालाघाट-सिवनी खनिज और वनसम्पदा से परिपूर्ण है। यहा पर आवश्यकता है कि उसका सही उपयोग करने की, इन जिलो से लाखो श्रमिक काम की तलाश में पलायन कर जाते है उसे रोका जा सकें। शिक्षित बे-रोजगारों को रोजगार दिया जा सकें। उच्च शिक्षा के लिए हमारे जिले के बच्चे बाहर शहरो में बढ़ने जाते है गरीब परिवार के बच्चे उच्च शिक्षा नहीं ले पाते। उच्च शिक्षण संस्थाए जिले में खुलनी चाहिये। सिवनी बालाघाट प्राकृतिक सुन्दरता के कारण पर्यटन के केन्द्र बन सकते है पेंच और कान्हा के




अलावा और भी स्थानों को पर्यटन का केन्द्र बनाया जा सकता है।

पेंच योजना में भारी भ्रष्टाचार हुआ है उसकी स्पष्ट जॉच होना आवश्यक है, शासकीय चिकित्सालयों में विशेषज्ञ डाक्टरो और जॉच उपकरणों की कमी के चलते ईलाज के लिए लोगो को नागपुर, जबलपुर अन्य शहरो में जाना पड़ता है चिकित्सालयों में विशेषज्ञ डाक्टरो और जॉच उपकरणों की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता होनी चाहिये। जिले में फूडप्रोसेसिंग यूनिट लगाकर कृषि आधारित उद्योगो को बढ़ावा दिया जायेगा।

कांग्रेस पार्टी जो कहती है वह करती है। कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव में गारंटी पत्र जारी किया है हर शिक्षित युवा को 1 लाख रू. का वेतन, पक्की नौकरी, हर गरीब परिवार की महिला को 1 लाख रू. प्रति वर्ष, किसानों की कर्ज माफी और एमएसपी कानून की गारंटी, श्रमिको को 400 रू. प्रति दिन के दर पर मजदूरी, सामाजिक व आर्थिक समानता के लिये हर वर्ग की जनगणना, देश में खाली 30 लाख सरकारी नौकरियों को भरा जायेगा, पेपर लीक रोकने के लिये नये कानून और नीतियॉ बनाई जायेगी। असंगठित मजदूरो के लिए जीवन और दुर्घटना बीमा, मूख्य सरकारी कामो पर आउटसोर्सिंग सिस्टम बंद किया जायेगा। और भी ऐसी अनेक जनहित कारी योजनाओं को लागू की जायेंगी। बालाघाट सिवनी लोकसभा विकास के लिए कांग्रेस पार्टी को चुनिये, इस लोकसभा में लम्बे समय से भाजपा के निर्वाचित सांसद है जिनकी निष्क्रियता के कारण इस क्षेत्र का विकास नही हो पाया।

# सुविधा केंद्र पर शत प्रतिशत हुआ मतदान

बालाघाट (पद्मेश न्यूज)। लोकसभा निर्वाचन-2024 के तहत कलेक्टर कार्यालय में बनाएं गए सुविधा केंद्र के आखरी दिन 100 प्रतिशत मतदाताओं ने मतदान किया हैं। पोस्टल बैलेट नोडल अधिकारी राजेश कुमार खोबरागढ़े ने जानकारी देते हुए बताया कि ऐसे मतदाता जो वास्तविक मतदान के दिन अनुपस्थिति के कारण मतदान केंद्रों पर जाकर मतदान नहीं कर सकते। उन मतदाताओं को पोस्टल बैलेट से सुविधा दी गई थी। इस सुविधा में मीडिया के अलावा एमपीईबी और नगर पालिका के मतदाता शामिल रहें। पोस्टल बैलेट की सुविधा का लाभ लेने के लिए 24 संचार प्रतिनिधियों, 57 एमपीईबी और 28 नपा के अमले ने प्रारूप-12-डी प्रारूप में जानकारी भरकर सम्बंधित विभागों को दी गई थीं। उन्हें ही पोस्टल बैलेट की सुविधा दी गई थी। जिन्हें पोस्टल बैलेट जारी किया गया ऐसे 109 मतदाता थे। सभी 109 मतदाताओं ने 9 से 11 अप्रैल के बीच मतदान किया है। उपसंचालक जनसम्पर्क पुष्पेंद्र वास्कले ने बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा जिन संचार प्रतिनिधियों के प्राधिकार पत्र अनुमोदित किये, उन्हें पीबी सुविधा के लिए मान्य किया गया। इसके लिए सभी संचार प्रतिनिधियों को 22 मार्च को प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण के दौरान प्रारूप-12-डी भरवाए गए। ऐसे 25 संचार प्रतिनिधियों ने पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान करने के लिए प्रारूप-12-डी भरे। इनमें से 24 संचार प्रतिनिधि जो बालाघाट संसदीय सीट अंतर्गत आने वाली विधान सभाओं के मतदाता थे। उन सभी ने मतदान कर पहली बार दी गई सुविधा का लाभ लिया। जबकि एक संचार प्रतिनिधि जो जबलपुर विधान सभा के मतदाता है। उनका मतदान 13 अप्रैल को होगा।




# सात दिवसीय राम कथा का आयोजन रामपायली में

रामपायली/वारासिवनी (पद्मेश न्यूज)। श्री राम की पावन नगरी रामपायली में भगवान श्री राम की पतित पावनी श्री राम कथा का सात दिवसीय आयोजन का शुभारंभ ११ अप्रैल को कलश यात्रा के साथ हुआ। यह आयोजन श्री राम मंदिर प्रांगण में किया गया है जो १७ अप्रैल तक नियमित रूप से किया जायेगा राष्ट्रीय बाल संत श्री शैलेश कृष्ण शास्त्री जी अपने मुखार बिंदु से प्रभु श्रीराम की लीलाओं का बखान करेंगे सभी धर्म प्रेमी जनता से निवेदन किया गया है श्री राम कथा में पहुंच कर पुण्य लाभ अर्जित करें श्री राम कथा प्रारंभ होने के पूर्व नगर की महिलाओं द्वारा कलश यात्रा निकाली गई जो श्री राम मंदिर से निकलकर बस स्टैंड पहुंची जहां से वापस पहुंच कर श्री राम का पूजन पश्चात श्री राम कथा का श्री गणेश किया गया।



श्री राम मंदिर के पुजारी रविशंकर दास वैष्णोव ने बताया कि संगीतमय श्रीराम कथा का आयोजन श्री राम मंदिर प्रांगण में किया गया है जो ११ अप्रैल से १७ अप्रैल तक नियमित किया जायेगा जो दोपहर २ बजे से शाम ६ बजे तक होगा सभी धर्म प्रेमी जनता से अपील की गई है कि श्रीराम कथा में अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर पुण्य लाभ अर्जित करें।

# बाबा साहब अम्बेडकर जयंती धूमधाम के साथ मनाई जाएगी

अमई (पद्मेश न्यूज)। खैरलाँजी जनपद पंचायत के अंतर्गत ग्राम पंचायत झरिया के सिद्धार्थ बौद्ध बिहार समिति के तत्वाधान मे 14 अप्रैल दिन रविवार को राष्ट्र निर्माता भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव आम्बेडकर की जयंती धूमधाम के साथ मनाई जाएगी। उक्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीमति आशु गुणाराम जी बघेले (जनपद पंचायत अध्यक्ष खैरलाँजी ) व प्रकाश जी उइके जिला पंचायत सदस्य, अनिल सहारे सरपंच ग्राम पंचायत झरिया , श्रीमति मीना राम सिंह नगपुरे ग्राम पंचायत डोंगरिया, भीम प्रकाश बोरकर कांग्रेस सेवा दल बालाघाट एवं मुलेन्द्र उइके, पुनीत तुरकर, लखनलाल राँहगडाले, डॉ. झाम सिंह पारधी, अनिल पारधी, हेमेंद्र पारधी, योगराज परिहार, जीतेन्द्र वडिचार, बसवँता अमृत कोरराम, अशोक जामुलकर, प्रशांत टेम्भुर्ने, डुलीचंद भलावे, धनेन्द्र लिल्हारे, आलोक लाँजेवार, रमेश चौधरी, देवा मोरकूरे , निसिथ बिटू बिसेन, ईश्वर मोरकूरे ये सभी कार्यक्रम के अतिथि गण होंगे। इसी उपरांत 14 अप्रैल को दोपहर 12 बजे रैली प्रस्थान की जाएगी जिससे सारे ग्राम का भ्रमन किया जायेगा और शाम 6 बजे रैली का समापन किया जायेगा।

7 बजे से 8 बजे तक भोजन दान किया जायेगा। एवं रात्रि मे त्रस ग्रूप के द्वारा भीम आर्केस्ट्रा लावणी रिकॉर्डिंग डांस, डांस ग्रूप वडसा भंडारा के साथ कार्यक्रम का प्रसारण किया जायेगा।

# बाबा साहब अम्बेडकर जयंती पर युवाओं द्वारा निकाली जाएगी विशाल बाईक रैली

किरनापुर(पद्मेश न्यूज)। राष्ट्रनिर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती के उपलक्ष में विशाल बाइक एवं कार रैली का आयोजन किया गया है, जो दिनाक 14 अप्रैल 2024 दिन रविवार को सुबह 8 बजे टेमनी से प्रस्थान होगी। रैली प्रस्थान स्थल आंबेडकर चौक टेमनी से डोरली, टेडवा, भानेगांव, बोरगांव, गुलवा, सेवती, पारडी, कांद्रीखुर्द, चिखलामाली, सावरी, उमरी, मोहझरी, आवा, कुम्हारी, दिघोरी, सिहारी, बोलेगांव, होते हुये लांजी में समापन होगी। इस अवसर पर रैली आयोजक राहुल बंसोड, चंद्रदीप रामटेके ,नितिन बोरकर ,सचिन रंगारी ,पंकज मेश्राम, आकाश मेश्राम ,नितिन रामेटेके, वीरेंद्र बोरकर ,धर्मेन्द्र ठवरे ,कृष्णकुमार मेश्राम ,अमित गोस्वामी, योगेश ऊके ,राहुल रामटेके, निर्मल घोड़ेशवार, प्रफुल घरडे, धीरज बंसोड, आकाश रामटेके ,अनिल रामटेके सहित आयोजक समिति नव निर्माण फाउण्डेशन लाजी, किरनापुर के समस्त सदस्यों ने रैली में शामिल होने की अपील समस्त बौद्ध अनुयाइयों से की है।

# पप्पू यादव के घर पर पुलिस की छापेमारी

पूर्णिया। गुरुवार शाम पूर्णिया पुलिस अचानक से पप्पू यादव के घर पहुंची और वहां मौजूद प्रचार वाहनों के कागजातों की जांच की। एक प्रचार वाहन में कट-आउट समेत डीजे लगे होने पर एसडीपीओ ने कागजात की मांग की। इसके अलावा प्रचार के लिए तैयार कई अन्य वाहनों का अनुमति-पत्र दिखाने को कहा।

कांग्रेस के बागी सह निर्दलीय प्रत्याशी राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव के घर सदर डीएसपी पुष्कर के नेतृत्व में गुरुवार शाम पुलिस टीम पहुंची। पुलिस टीम ने वहां मौजूद प्रचार वाहनों में कट-आउट और डीजे लगे होने पर कागजो और अनुमति पत्र की जांच की। इसके अलावा प्रचार के लिए तैयार कई अन्य वाहनों के अनुमति-पत्र भी दिखाने को कहा। इसके साथ ही कार्यालय में मौजूद कार्यकर्ताओं ने उन्हें अनुमति के लिए आवेदन काउंटर पर रिसिप्ट रहने की जानकारी दी।

# प्रदेश अध्यक्ष माया नारोलिया की उपस्थिति में महिला कार्यकर्ता का विशाल सम्मेलन संपन्न

नांदी (पद्मेश न्यूज)। विधानसभा क्षेत्र कटंगी की तिरोड़ी तहसील में बुधवार 10 अप्रैल को भाजपा महिला मोर्चा मंडल तिरोड़ी द्वारा महिला कार्यकर्ताओं का विशाल सम्मेलन का आयोजन किया गया था जिसमे सभी महिला कार्यकर्ताओ ने बालाघाट लोकसभा क्षेत्र की भाजपा प्रत्याशी भारती पारधी को भारी मतों से ऐतिहासिक विजय दिलाने का संकल्प लिया गया इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष माया नारोलिया, क्षेत्रीय विधायक गौरव सिंह पारधी, जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती हेमा वाधवानी, तिरोड़ी महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती सविता चौहान, उपाध्यक्ष पूनम रावल, महामंत्री पूजा त्रिवेदी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रेखा गौरीशंकर बिसेन, बालाघाट नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती भारती ठाकुर, जिला मंत्री सुनीता बारम्बे के अलावा महिला मोर्चे के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे इस मौके पर भाजपा महिला मोर्चा मंडल तिरोड़ी की कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रदेश महिला मोर्चा की अध्यक्ष माया नारोलिया ने संबोधित करते हुए कहा आप सभी महिला कार्यकर्ता पूरी निष्ठा, लगन, कर्तव्य परायणता के



साथ पूरी प्रामाणिकता के साथ भाजपा का कार्य करें ऊपर बैठे हुए सभी लोग आपके कामों को देख रहे हैं । माता, बहनों मैं आपसे निवेदन करने आई हूं जिस तरह विधानसभा चुनाव में आपने जो सहयोग और आशीर्वाद कटंगी विधानसभा क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी का विधायक बनाने में दिया है माता बहनों का सत प्रतिशत मत भाजपा के कमल के फूल को मिला है प्रदेश की लाडली बहनों ने तो चमत्कार ही कर दिया उस चमत्कार को हमें लोकसभा चुनाव में भी बरकरार रखना है क्योंकि हमारे बीच की बहन को बालाघाट लोकसभा क्षेत्र का प्रत्याशी बनाया गया है भारती पारधी हम सब के बीच की बहन है इसलिए आपको भारती पारधी को ऐतिहासिक मतों से विजय दिलाकर राजधानी दिल्ली भेजना हैं तब प्रधानमंत्री मोदी जी कहेंगे यह है महिलाओं का सशक्तिकरण सशक्तिकरण में महिलाओं का सत प्रतिशत मत भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी भारती को मिले उन्हें ऐतिहासिक मतों से जिताकर भाजपा के 400 पार को सार्थक करे। इस अवसर पर उपस्थित सभी महिलाओं ने भाजपा की प्रत्याशी भारती पारधी को ऐतिहासिक मतों से कटंगी विधानसभा क्षेत्र से विजय दिलाने का संकल्प लिया।

### विधायक गौरव पारधी की मौजूदगी में ली भाजपा की सदस्यता

भाजपा के न्यू ज्वाइनिंग अभियान के अन्तर्गत तिरोड़ी ग्राम पंचायत कोयलारी के ग्राम बांडारेवा की ग्रामीण महिलाओं ने भाजपा की रीति नीति से प्रभावित होकर प्राथमिक सदस्यता ग्रहण की है इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक गौरव सिंह पारधी कोयलारी सरपंच श्रीमती दीपिका डहरवाल,भाजपा तिरोड़ी मंडल अध्यक्ष योगेश सोनवाने, नगर परिषद अध्यक्ष कटंगी बड्डू ठाकुर,जागेश डहरवाल सरपंच प्रतिनिधि तिरोड़ी, महामंत्री मिहिर त्रिवेदी, भारतीय जनता युवा मोर्चा अध्यक्ष प्रत्यूष दुबे, मण्डल अध्यक्ष युवा मोर्चा प्रियांश राउत,की मौजूदगी में ग्राम की महिलाओं में प्रमुख ज्योत्सना जैसवाल, वर्षा अडियम, मंजु पंद्रे, सुनीता परते, राधिका परते, भारती सलामे, शगुन चुके, अनिता सलामे, श्यामकली इनवाती, सरस्वती तुमडाम, बिन्दु उईके, विनीता मशराम, साधना मसराम, दीपिका मसराम के अलावा अन्य महिलाओं ने सदस्यता लेकर भाजपा प्रत्याशी को अधिक से अधिक मतों से विजय बनाने का संकल्प भी लिया ।

# बैगा बस्तियों में 19 अप्रैल के संदेश की गूंज


बालाघाट (पद्मेश न्यूज)। कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा व स्वीप नोडल



अधिकारी डीएस रणदा के निर्देशन में लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान अपने चरम पर है। मतदान के शेष रहे 7 दिनों में स्वीप गतिविधियां जोर पर है। सभी विभाग अपने-अपने स्तर पर मतदाताओं तक पहुँच कर मतदान करने के लिए प्रेरित कर रहें है। खासकर उन बैगा बस्तियों में भी जागरूकता अभियान पहुँचा है जहां पहुँचना मुश्किल भी है। बैगा बस्तियों के विभिन्न मतदाताओं को चाहे वे मनरेगा मजदूर हो या अन्य कही पर कार्य पर है। उन तक संदेश प्रसारित करने के पूरे प्रयास जारी है। बैगा बस्तियों में जाकर मतदाताओ को जागरूक किया जा रहा है कि चाहे आप तक मतदाता पर्ची नही पहुँचे, फिर भी आप अपना पहचान पत्र ले जाकर, सूची में नाम देखकर मतदान कर सकते है। साथ यह भी बताया जा रहा है कि 19 अप्रैल को बैहर, परसवाड़ा और लांजी विधान सभा में सुबह 7 से शाम 4 बजे तक मतदान का समय है। मतदाताओ को मतदान करने के लिए शपथ भी दिलाई जा रही है।

# मस्क का टवीट, पीएम मोदी के साथ बैठक की प्रतीक्षा कर रहा हूं!

मुंबई। टेस्ला के सीईओ एलन मस्क ने अपनी भारत यात्रा की घोषणा की है। स्पेसएक्स के सीईओ ने कहा, भारत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ बैठक की प्रतीक्षा कर रहा हूं! मस्क के पोस्ट को अब तक 38 मिलियन से अधिक बार देखा जा चुका है। उनकी इस घोषणा का कई एक्स यूजर्स ने स्वागत किया है। उन्होंने लिखा, भारत में आपका स्वागत है, एलन, जबकि एक ने नमस्ते इंडिया लिखा।



एक अन्य यूजर ने लिखा, भारत में आपका स्वागत है, मस्क, आपकी कंपनियों और भारत के बीच दीर्घकालिक साझेदारी की उम्मीद है। दूसरे ने कहा,हां! आखिरकार आपको यहां पाकर उत्साहित हूं। आशा है कि टेस्ला इंडिया जल्द ही चालू हो जाएगी और लोगों को उनकी टेस्ला मिल जाएगी। कहा जा रहा है कि मस्क 22 अप्रैल के बाद नई दिल्ली में पीएम मोदी से मुलाकात कर सकते है। इस दौरान मस्क अपनी निवेश योजनाओं और देश में 2-3 बिलियन डॉलर के विनिर्माण संयंत्र की स्थापना की घोषणा भी कर सकते हैं। खबरों के मुताबिक ईवी का निर्माण शुरू करने और वाहनों का निर्यात करने के लिए गुजरात, महाराष्ट्र और तमिलनाडु टेस्ला की प्राथमिकता में हैं।

# आंधी तूफान से झालीवाड़ा के राजघाट टोली में हुआ नुकसान

वारासिवनी (पद्मेश न्यूज)। ग्राम पंचायत झालीवाड़ा अंर्तगत आने वाली राजघाट टोली में १० अप्रैल को हुई बारिश व आंधी तूफान की वजह से इस टोली में कई मकान को हानि हुई है। तूफान व बारिश की वजह से किसी प्रकार की जनहानि तो नई हुई मगर झोपड़ीनुमा मकानों की छत उड़ गई है। जिसे इस टोली में रहने वाले लोगों ने ११ अप्रैल को सुधार कार्य किया है। इस संबंध में पद्मेश को जानकारी देते हुये ग्रामीण उत्तम दशमेर ने बताया कि बीते दिवस आये आंधी तूफान व बारिश ने हमारी राजघाट टोली में काफी आतंक मचाया है। हम लोग इस टोली में निवास करते है जो ग्राम पंचायत झालीवाड़ा के अंर्तगत आती है। हम लोग झोपड़ी बनाकर रहते है। कई बार प्रधानमंत्री आवास योजना के लिये आवेदन भी किया है। मगर हमे इस योजना का लाभ नही मिला है। बीते दिवस आये आंधी तूफान की वजह से जो झोपड़ी के ऊपर हमने घास पूस डाली थी वो सब उड़ गई। जिसे हम लोगों ने ११ अप्रैल को मरम्मत कर सुधार लिया है। हम यही चाहते है कि शासन प्रशासन हमारी इस समस्या का समाधान करे ओर हमे जो भी आवास योजना चल रही है उसका लाभ दिलाये। वही इसी



टोली में रहने वाली ग्राम पंचायत की मेट डिलेश्वरी टेंभरे ने पद्मेश को बताया कि हम लोग करीब १० से १२ वर्ष से रह रहे है। मगर हमे शासन की ओर से किसी प्रकार की शासकीय योजना का लाभ नही मिल रहा है। वही बीते दिवस आये आंधी तूफान व बारिश से हम लोग सहम गये है। हमारे झोपड़ो को तो हमने दुरूस्त कर लिया है मगर इसी तरह की आंधी तूफान व बारिश आयेगी तो हम लोगो के लिये रहना मुश्किल हो जायेगा। हमने सरपंच को भी इस बारे में अवगत करा चुका है जिन्होने हमे आश्वासन दिया है कि उनसे जो मदद मिल सकती है वे जरूर करेंगे।

### इनका कहना है

इस संबंध में सरपंच प्रतिनिधि ने दूरभाष पर बताया कि उन्हे भी इस बारे में जानकारी लगी है कि राजघाट टोली में रहने वाले लोगो की झोपड़ी आंधी तूफान व बारिश से क्षतिग्रस्त हुई है। जिसका वे मुआयना करेंगे। शासन की ओर से फिलहाल आचार सहिंता होने की वजह से उन्हे कोई मदद नही मिल सकती फिर भी हम इन्हे आर्थिक मदद दिलाये जाने का प्रयास करेंगे।


**अशोक बाबा शरणागत**
**सरपंच प्रतिनिधि झालीवाड़ा**


# होम वोटिंग से पहले 63 लोगों की मौत

जयपुर। राजस्थान में लोकसभा के पहले चरण के चुनाव में जयपुर शहर और जयपुर ग्रामीण के लिए 19 अप्रैल को ईवीएम पर वोट डाले जाएंगे। लेकिन इससे पहले बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाता, जिन्होंने होम वोटिंग का विकल्प चुना है, उनकी वोटिंग की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। अब तक करीब 96 फीसदी रजिस्टर्ड मतदाता वोट कर चुके है, जबकि करीब 0.82 फीसदी यानी 63 मतदाता ऐसे है, जिनकी वोटिंग तारीख से पहले मौत हो गई है। जयपुर जिला निर्वाचन विभाग से मिली रिपोर्ट के अनुसार तो जयपुर शहर और जयपुर ग्रामीण सीट पर कुल रजिस्टर्ड 7 हजार 601 वोटर में से 7 हजार 282 वोटर ने घर बैठे पोस्टल बैलट के जरिए वोट किया है। इन दोनों सीटों में 16 विधानसभा क्षेत्र आते हैं। इनमें बानसूर ऐसी विधानसभा है, जहां 100 फीसदी वोटिंग हो चुकी है।

# जिले भर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ईद उल फितर का त्यौहार

## बारिश के चलते मस्जिदों में अदा की गई ईद की नमाज, लोगो ने एक दूसरे से गले मिलकर दी ईद की मुबारकबाद





**बालाघाट ( पद्मेश न्यूज )। सेवईयों में लिपटी मोहब्बत की मिठास का नाम है ईदउल फितर ,एक माह तक रोजा रख एक अल्लाह की इबादत करने वाले रोजेदारों को अल्लाह का इनाम है ईदउल फितर। ईदउल फितर का यह त्यौहार ना सिर्फ इस्लाम धर्म के सच्चे मायने को बताता है बल्कि यह त्यौहार देश की एकता, अखंडता व आपसी भाईचारे का भी एक बड़ा प्रतीक माना गया है ।ईदउल फितर का यहां त्यौहार गुरुवार को जिला मुख्यालय सहित अन्य तहसील व ग्रामीण अंचलों में मुस्लिम धर्मावलंबियों द्वारा धार्मिक मान्यता के अनुरूप मनाया गया।**

### मस्जिदों में अदा की गई ईद की नमाज

बुधवार शाम से शुरू हुई बेमौसम बारिश का सिलसिला गुरुवार को देखा गया ।जिसके चलते आज गुरुवार को जिला मुख्यालय सहित अन्य तहसील व ग्रामीण अंचलों की विभिन्न ईदगाहों में होने वाली ईद की नमाज, ईदगाहों की जगह जिले भर की विभिन्न मस्जिदों में अदा की गई ।जहां ईद के खुदबे के साथ इमाम ने ईद उल फितर की नमाज पढ़ाई, वही सामूहिक रूप से दुआएं मांगी गई। जिसके तुरंत बाद लोगों ने एक दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद पेश की ।नगर में जामा मस्जिद, मस्जिदे आला हजरत जामिया नूरिया मदरसा सहित अन्य मस्जिदों में तय समय पर ईद की नमाज अदा की गई ।जहां मुस्लिम धर्मावलंबियों का भारी जन सैलाब देखने को मिला ।जहा इस पर्व में शामिल होने और लोगों को ईद उल फितर की बधाई देने के लिए लोगो का भारी हुजूम देखने को मिला ।वहीं सुबह से लेकर देर शाम तक लोगों ने एक दूसरे से मुलाकात कर मीठी सेवईयो का आनंद लिया। वही पर्व विशेष की बधाइयां दी। जहां बधाई हो का यह दौर सुबह से लेकर देर रात तक देखा गया ।

### मस्जिदों में अदा की गई ईद उल फितर की नमाज

माहे रमजान के 30 रोजे मुकम्मल होने के बाद 11 अप्रैल 2024 को ईद उल फितर का त्यौहार मनाकर ईद की खुशियां बांटी गई। ईद उल फितर की सामूहिक विशेष नमाज पहले ईदगाह में अदा कराने की तैयारी की गई थी लेकिन 10 अप्रैल को मौसम में बदलाव आने के साथ बुधवार शाम से तेज बारिश होने की वजह से ईदगाह में अयोजित की गई नमाज रद्द की गई तो वही नगर की विभिन्न मस्जिदों में ईद की नमाज अदा करने का एलान किया गया ।जहां बुधवार रात किए गए एलान के मुताबिक गुरुवार की सुबहा जामा मस्जिद गुजरी बाजार बालाघाट में ईद उल फितर की नमाज पहली जमात 8.15 बजे तथा दूसरी जमात 9.30 बजे अदा की गई। इसी तरह मस्जिदे आला हजरत जामेआ नुरीया मदरसा रज़ा नगर में दो जमात के साथ पहली 8.45 और दूसरी 9.45 बजे, नमाज अदा की गई। वही गौसिया मस्जिद बुढ़ी में पहली जमात 9बजे एवं दूसरी 10 बजे, गरीब नवाज मस्जिद गौस नगर में पहली जमात 7.30 तथा दूसरी 9 बजे ,वैसे ही नूरी मस्जिद बैहर चौकी में 9. बजे, रज़ा मस्जिद मोतीनगर 8.30 बजे और साबरी मस्जिद सागौनवन में 8.30 बजे, कोसमी मस्जिद में दो जमात पहली 8.30 बजे एवं 9.30 बजे अदा की गई। तो वही मदीना मस्जिद में ईद की नमाज 8:30 बजे ,तो वही मक्का मस्जिद में ईद की नमाज 9 बजे अदा की गई। इसके अलावा नगर की विभिन्न मस्जिदों में अलग अलग तय किए गए समय पर ईद की नमाज अदा कर लोगो ने गले मिलकर एक दूसरे को ईद की बधाइयां दी ।वही सुबहा से लेकर देर रात तक लोगो ने एक दूसरे के घर जाकर सेवईयों का लुत्फ उठाया।

### गरीब बेसहारों की मदद ही असली ईद हैं

नगर की तमाम मस्जिदों में अदा की गई ईद उल फितर की इस विशेष नमाज के पूर्व तमाम मस्जिदों के इमामो ने,अपने ब्यान में गरीब बेसहारों की मदद करने को, ईद के असली मायने बताए। जिन्होंने अपने बयानों में सभी लोगों को मिलजुल कर रहने, नियम कानूनों का पालन करने, गरीब बेसहारों की मदद करने की बात कही ।उन्होंने कहा कि आज वह दिन है जिस दिन का इंतजार कई गरीब बेसहारा यतीम लोग करते हैं। उन्हें उम्मीद होती है कि कोई उन्हें भी अपनी इस ईद की खुशी में शामिल करें इसीलिए चाहिए कि सबसे पहले ईद की खुशियों में गरीब यतीम बेसहारों को याद किया जाए, उनकी मदद की जाए, उनकी जरूरतों को पूरा किया जाए यही ईद के सच्चे मायने हैं। दिखावे के लिए कोई काम करना शिर्क में शामिल होगा। वही इमामो ने ईद उल फितर का वाकया बयान कर नमाज अदा कराई ।और सामूहिक दुवाए कर लोगो ने एक दूसरे को गले लगाकर ईद पर्व की बधाइयां दि।

### सोशल मीडिया पर छाई रही बधाइयां

बुधवार की तरह ही गुरुवार को भी मुस्लिम युवाओं ने एक दूसरे को बधाई देने के लिए सोशल मीडिया का जमकर उपयोग किया जहां फोन कॉल,टैक्सट मैसेज, फेसबुक, व्हाट्सएप, ट्विटर, इंस्टाग्राम, ईमेल, जीमेल सहित सोशल मीडिया के अन्य प्लेटफॉर्म पर लोगों ने एक दूसरे को ईद की बधाइयां दी ।साथ ही अपने बधाई संदेशों में ईद मुबारक को लेकर तरह-तरह के फोटोग्राफ्स वीडियो और वॉइस मैसेज एक दूसरे को भेज कर ईद की बधाइयां दी गई।

### सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

ईद उल फितर के इस खास मौके पर पढ़ी जाने वाली विशेष नमाज और पर्व विशेष को लेकर जगह-जगह सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम देखने को मिले। जहां नगर की तमाम मस्जिदों के बाहर पुलिसकर्मी सुरक्षा व्यवस्था में मुस्तैद नजर आए, तो वही सुबह से लेकर देर शाम तक मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में पुलिस जवान सुरक्षा में लगे रहे। वही शांतिपूर्ण तरीके से हर साल की तरह इस साल भी ईद उल फितर का यह पर्व संपन्न किया गया।

# यूके से गिफ्ट भेजने के नाम पर फिर हुई 1 लाख 40 हजार की ठगी

## 15 दिन के अंदर जिले में हुई दूसरी घटना

बालाघाट (पद्मेश न्यूज)। जिले में साइबर ठगी का ग्राफ दिन प्रतिदिन बढ़ता ही जा रहा है, साइबर ठगों द्वारा जिले की भोली भाली जनता को नित्य नए लुभावने वादे बताकर उनके साथ साइबर ठगी को अंजाम दिया जा रहा है, पहले तो साइबर ठगों द्वारा बैंक खाते से ओटीपी के माध्यम से बैंक के रुपए उड़ा लेते थे, किन्तु इन दिनों साइबर ठगों द्वारा जिले की जनता के साथ यूके से गिफ्ट भेजने के नाम पर साइबर ठगी की जा रही है ,जबकि इसके पहले भी जिले में एक साइबर ठगी का मामला यूके से गिफ्ट भेजने के नाम पर हुआ था , उसके बाद फिर अभी महज 15 दिन ही बीते थे की पुन: साइबर ठगों द्वारा जिले की एक युवती से यूके से गिफ्ट भेजने के नाम पर 1 लाख 40 हजार रुपए की साइबर ठगी की घटना को अंजाम दिया गया है , जिसकी शिकायत युवती द्वारा कोतवाली थाना स्थित साइबर सेल में की गई है। मिली जानकारी अनुसार खुद को यूके ( यूनाइटेड किंगडम) में भारतीय मूलक का निवासी बताकर ठग पहले फेसबुक पर दोस्ती कर रहे हैं फिर झांसे में लेकर उन्हें गिफ्ट का लालच दिखाकर मोटी रकम ऐंठ रहे हैं। महज 15 दिन के भीतर ऐसा दूसरा मामला सामने आया है, जिसमें बालाघाट की युवती को इस धोखाधड़ी में फंसकर एक लाख 40 हजार रुपये गंवाने पड़े। कोतवाली स्थित साइबर नोडल शाखा से मिली जानकारी के अनुसार, 28 मार्च को एक पीड़िता ने ऐसी ही धोखाधड़ी का शिकार होने की शिकायत कराई थी। अब एक और पीड़िता सामने आई है, जिसने बताया कि भारतीय मूलक के व्यक्ति से उसकी फेसबुक में दोस्ती हुई थी। उसने खुद को यूके का निवासी बताया था। कुछ दिन बातचीत के बाद उस ठग ने बताया कि वह उसे गिफ्ट भेज रहा है। इसके कुछ दिन बाद मुझे अनजान नंबर से काल आया कि आपके लिए एक पार्सल आया है। फोन पर बताया गया कि गिफ्ट में सोने के जेवर हैं। पीड़िता ज्वेलरी के लालच में फंस गई। काल करने वाले अनजान शख्स ने पीड़िता को गिफ्ट प्राप्त करने के लिए कस्टम चार्ज सहित टैक्स देने की बात कही। कुछ पैसे आनलाइन



ट्रांसफर करने के बाद पीड़िता ने आगे और पैसे देने से जब मना किया, तो कालर ने उसकी शिकायत पुलिस और सीबीआइ से करने की धमकी दी। पीड़िता ने डर के कारण कालर को और पैसे आनलाइन ट्रांसफर कर दिए। करीब चार-पांच ट्रांजेक्शन के बाद पीड़िता के बैंक खाते से एक लाख 40 हजार रुपये कट गए। इसके बाद पीड़िता ने बदनामी के डर से कुछ दिन इस बात को छिपाए रखा, लेकिन अंतत: उसने कोतवाली स्थित साइबर नोडल शाखा में आकर मामले की जानकारी दी। पुलिस ने पीड़िता के बयानों के आधार पर जांच शुरू कर दी है। बताया गया कि पुलिस ने बैंक प्रबंधन को खाता बंद करने के लिए पत्राचार किया है। साथ ही जिन अनजान नंबरों से पीड़िता को फोन आए थे, उसकी जांच की जा रही है। पुलिस ने अपील की है कि अपरिचित लोगों से न इंटरनेट मीडिया के माध्यमों पर दोस्ती करें और न ही लुभावने आफर या गिफ्ट के लालच में अपनी बैंक संबंधी गोपनीय जानकारी किसी से साझा करें।

# सीएम यादव के दौरे की तैयारी के लिए जिला अध्यक्ष रामकिशोर कांवरे ने ली मंडल परसवाड़ा की बैठक

परसवाड़ा (पद्मेश न्यूज)। 12 अप्रैल 2024 को मध्यप्रदेश शासन के मुख्यमंत्री मोहन यादव के चुनावी प्रचार व सभा की तैयारियों को लेकर भाजपा मंडल परसवाड़ा की बैठक लिया, जो कि खनिज नगरी उकवा स्थित सूर्या ग्राउंड में होने वाली है ,इस विशाल जनसभा के लिए आवश्यक जानकारी देते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष रामकिशोर कावरे ने परसवाड़ा मंडल की बैठक ली। व चुनावी प्रचार प्रसार के साथ चुनाव में जीत के लिए तैयारी की जानकारी देकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष योगेश शरणागत, जनपद अध्यक्ष समलसिंह धुर्वे,जिलामंत्री पीतम बोपचे, अशोक अवधिया,शिवदयाल यड़े, रूपलाल कटरे,महेन्द्र तिवारी, निरख अमुले, कांति राहंगडाले, हिरदेसाय हिर्वाने,इसराम तिल्लासि, बुध्धन तुरकर,कोमल चौधरी,डिगेन्द्र गौतम, अशोक कटरे,तेजराम बोरिकर,तुलसीराम बघेल,कमलेश सेलोकर,सोनू गौतम, गणेश वान्डद्रे,यसवंत साकरे, दिलीप कटरे,भोलू चावले,सुमित हिर्वाने, दुर्गेश धुपे व अन्य कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।



# शराब पीकर प्रशिक्षण में उपस्थित हुए मतदान अधिकारी को किया निलंबित

बालाघाट (पद्मेश न्यूज)। लोकसभा निर्वाचन के अंतर्गत गत दिवस बुधवार से मतदान अधिकारियों का जिले के विभिन्न स्थानों पर द्वितीय चरण का प्रशिक्षण कार्य प्रारम्भ हुआ है। इस प्रशिक्षण में मतदान अधिकारी क्रमांक-1 के रूप में प्राथमिक विद्यालय बड़गांव संकुल शाउमावि दमोह के प्राथमिक शिक्षक आशीष डायरे को भी नियुक्त किया गया था। बुधवार को शासकीय कमला नेहरू कन्या महाविद्यालय में प्रशिक्षण के दौरान श्री डायरे नशे की हालत में उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे थे। प्राथमिक शिक्षक का यह कृत्य जानबूझकर निर्वाचन जैसे-अति महत्वपूर्ण कार्य को गंभीरता से न लेते हुए प्रशिक्षण में नशे की हालत में उपस्थित होकर अपने पदीय दायित्वों के प्रति घोर लापरवाही बरतने पर सहायक आयुक्त श्री पीएन चतुर्वेदी ने उन्हें निलंबित किया है। उनका निलंबन मप्र सिविल सेवा (आचरण नियम, 1965 के नियम 3 तथा नियम 23 के विपरीत कदाचरण की श्रेणी में आने के कारण मप्र सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम, 1966 के प्रावधानों के अंतर्गत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है।


# आज भारती पारधी का वारासिवनी -खैरलांजी क्षेत्र में जन-संपर्क

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। आज भाजपा लोकसभा प्रत्याशी, भारती पारधी विधानसभा वारासिवनी -खैरलांजी क्षेत्र में पूर्व मंत्री प्रदीप गुड्डा जायसवाल, आमजन मानस, भाजपा कार्यकर्ता, पदाधिकारी व जनप्रतिनिधि के नेतृत्व में गांव-गांव, वार्ड-वार्ड में सघन जन-संपर्क कर, बैठक, सभाएं, जनसंवाद के माध्यम से जन आशीर्वाद लेंगी। जिसके तहत भारती पारधी प्रात: 9:30 बजे वारा, 10 बजे घुबड़गोंदी, 11:00 बजे सालेटका, दोपहर 12 बजे नवेगाँव, 1 बजे खरखड़ी, 2 बजे खुर्शीपार, 3 बजे अतरी, शाम 4 बजे आरम्भा, 5 बजे सिवनघाट, 5:30 बजे डोंगरमाली, रात 7 बजे बेनी, 8 बजे चंगेरा, 9 बजे और दिनेरा, 10 बजे दिनी में सम्मिलित होगी। इस दौरान आमजन मानस, भाजपा कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से बड़ी संख्या में अपनी गरिमामय उपस्थिति रहेगी।



ANJUMAN URDU SCHOOL
(ENGLISH MEDIUM)
Needed a Principal and teachers
Teachers for all main subjects
Preference - B.ed, D.ed, bachelor's degree
Office time - 9am to 1pm
Classes from NURSERY to 6th
Add-Ward No.09, Jama Masjid Chowk, Baihar Road, Balaghat
Mo. 9407314594




स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक उमेश बागरेचा द्वारा पद्मेश पब्लिकेशन, वार्ड नं.९, गुजरी चौक, बालाघाट ( म.प्र. ) से मुद्रित कराकर काली पुतली चौक, बालाघाट से प्रकाशित, संपादक- उमेश बागरेचा, मो.नं. - ९४२५१३८७१० रजि. नं. एम.पी. एच. आई. एन. /२००९/३२३११, न्यायालयीन क्षेत्राधिकार बालाघाट